- एसआईआर के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचा इंडिया ब्लॉक
- राहुल-खड़गे समेत 11 नेताओं ने दाखिल की याचिका
- मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार समेत 3 चुनाव अधिकारियों को बनाया प्रतिवादी

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



सुप्रीम कोर्ट जाते हुए उमड़ी भीड़



बस में खरगे व राहुल

दिल्ली फिर उबली

राहुल गांधी के नेतृत्व में कनॉट प्लेस से सुप्रीम कोर्ट तक मार्च निकाला एलओपी ने इसे 'लोकतंत्र के लिए मार्च, न्याय के लिए मार्च' बताया

राहुल बोले-यह तो शिव की बारात शिवराज: ये 'हुड़दंगियों' की बारात

दिल्ली। एसआईआर को लेकर इंडिया गठबंधन सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया। राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत विपक्षी नेताओं ने जनहित याचिका दाखिल की है। मामले में मंगलवार को सुनवाई होने की संभावना है। याचिका दाखिल करने वाले नेताओं में राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे के अलावातृणमूल कांग्रेस के सौगत राय, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, राजद नेता तेजस्वी यादव, शिवसेना (यूबीटी) के संजय राउत, माकपा के एमए बेबी, भाकपा के डी. राजा, झारखंड मुक्ति मोर्चा की महुआ माजी, राकांपा (शरदचंद्र पवार) की सुप्रिया सुले और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के ईटी मोहम्मद बशीर शामिल हैं। याचिका में भारत निर्वाचन आयोग, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू व विवेक जोशी को प्रतिवादी बनाया गया है। इससे पहले राहुल गांधी के नेतृत्व में कनॉट प्लेस से सुप्रीम कोर्ट तक चलो दिल्ली मार्च निकाला। इसमें बाराखंभा से सुप्रीम कोर्ट तक हुजूम उमड़ पड़ा। राहुल ने इस मार्च को लोकतंत्र और न्याय की लड़ाई बताते हुए सोशल मीडिया पर 'लोकतंत्र के लिए मार्च, न्याय के लिए मार्च' का संदेश दिया था। राहुल ने दोपहर में प्रेस कॉन्फरेंस कर कहा था कि यह मार्च शिव की बारात है। कोई भी इसमें शामिल हो सकता है। पार्टी और नेतृत्व से नाराज भाजपा के लोग भी शामिल हो सकते हैं। इस पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि राहुल देश में अराजकता का माहौल बना रहे हैं। ये शिव की बारात नहीं, हुड़दंगियों की बारात है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी भारतीय संस्कृति, परंपराओं और जीवन मूल्यों को नहीं समझते। जो लोग भगवान राम का विरोध करते आए हैं, उन्हें भगवान शिव का नाम लेने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लगातार चुनाव हारने के बाद अपनी हार का ठीकरा संवैधानिक संस्थाओं पर फोड़ती है। चुनाव आयोग नहीं, बल्कि कांग्रेस का विचारहीन नेतृत्व उसकी हार के लिए जिम्मेदार है। अनुराग ठाकुर ने भी साधा निशाना, बोले- न्यायपालिका को डराने की कोशिश कर रही कांग्रेस।

सीजेआई सूर्यकांत बोले

सुप्रीम कोर्ट के दरवाजे सभी के लिए खुले

अनुराग ठाकुर ने भी साधा निशाना, बोले

न्यायपालिका को डराने की कोशिश कर रही कांग्रेस



राहुल गांधी तेजस्वी यादव व अन्य विपक्षी सांसदों के साथ

अखिलेश-तेजस्वी भी पहुंचे सुप्रीम कोर्ट, मार्च में वकील भी शामिल

मार्च में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, राजद नेता तेजस्वी यादव, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी सहित कई विपक्षी नेता और वकील शामिल हुए। मार्च के दौरान राहुल गांधी की गाड़ी पर अखिलेश यादव और तेजस्वी यादव भी सवार नजर आए। सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस के 10 से 15 सदस्यों वाले रतिनिधिमंडल को परिसर के भीतर फाइलिंग काउंटर तक जाने की अनुमति दी। प्रतिनिधिमंडल को याचिका दाखिल करने के लिए हाई-सिक्योरिटी जोन के बाहर रहने को कहा गया।



मार्च में प्रियंका और नेहा बोरा आगे रहीं

दिल्ली पहुंचे सिंघार, यादव कई नेता हिरासत में

भोपाल। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस के विधायक और वरिष्ठ नेता दिल्ली पहुंचे। बंगाली मार्केट में राहुल गांधी के आह्वान पर जुटे कांग्रेस नेताओं ने लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने की बात कही। उमंग सिंघार ने कहा कि राहुल गांधी के साथ लोकतंत्र की लड़ाई लड़ने के लिए पूरा मध्यप्रदेश कांग्रेस दिल्ली आया है। इस दौरान मध्यप्रदेश कांग्रेस की सह-प्रभारी उषा नायडू सीडब्ल्यूसी सदस्य कमलेश्वर पटेल, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरुण यादव, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, विधायक आरिफ मसूद और तरुण भनोट सहित कई नेता मौजूद रहे।

राहुल का सनसनीखेज दावा

सरकार के 200 अधिकारी हमारे संपर्क में, ईडी-सीबीआई के अफसर भी शामिल

राहुल गांधी ने दावा किया है कि केंद्र सरकार के 200 अधिकारी उनके संपर्क में हैं और उन्हें लगातार सरकार से जुड़ी जानकारियां दे रहे हैं। इनमें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और विदेश मंत्रालय के अधिकारी भी शामिल हैं। राहुल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित करते हुए यह दावा किया और कहा कि सरकार के भीतर से उन्हें सूचनाएं मिल रही हैं।

केरल कांग्रेस ने सीजेआई से मांगा इस्तीफा

कांग्रेस की केरल इकाई ने मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत के इस्तीफे की मांग की है। पार्टी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा कि यदि वे कानून-व्यवस्था का मामला नहीं संभाल सकते, तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। कांग्रेस ने तंज कसते हुए कहा कि उनकी जगह किसी ऐसे व्यक्ति को ढूंढ लिया जाएगा, जो यह जिम्मेदारी संभाल सके।

जंतर-मंतर नहीं बनेगा धरना स्थल, दिल्ली में 3 जगहें तय

दिल्ली में धरना-प्रदर्शन के प्रमुख केंद्र जंतर-मंतर पर अब आंदोलन नहीं हो सकेंगे। गृह मंत्रालय की ओर से गठित समिति की सिफारिश पर इसे प्रदर्शन स्थल की सूची से हटा दिया गया है। दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए आंदोलन और धरना-प्रदर्शन के लिए तीन वैकल्पिक स्थान निर्धारित किए हैं। अब रामलीला मैदान, बुराड़ी मैदान और पूर्वी दिल्ली के सीबीडी ग्राउंड में प्रदर्शन किए जा सकेंगे।

दीपके बोले-पूरा देश बनेगा जंतर-मंतर



सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने जंतर-मंतर को प्रदर्शन स्थल की सूची से हटाने के सरकार के फैसले पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि अब पूरा देश जंतर-मंतर बनेगा।

HONDA

The Honda Joy Fest

इस त्यौहार, घर आये होंडा - घर आये खुशी

कैशबैक ₹10000# तक | न्यूनतम ROI @5.99%* | लोन 100%* तक | लोन अवधि 60* महीने | नो हायपोथिकेशन*



IDFC FIRST Bank CREDIT CARDS | pine labs

अधिक जानकारी के लिए 7230032200 पर मिस्ड कॉल दें

डीलर विवरण के लिए QR कोड स्कैन करें

Terms and Conditions applied. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options, and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 30th Nov 2026. #Up to 10% Instant Cashback (₹2000 - ₹10000) is available on all HMSI models for EMI transactions made using IDFC Bank Credit Cards (Tenure 6 months to 24 months). #The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. #The Instant Cashback offer is valid until 30th Nov 2026. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

Honda Exclusive Authorized Dealerships: JABALPUR: Sahil Honda - 7771003865; Aanmol Honda - 9329161632; Sahil Honda (Madan Mahal) - 7771003899; Sai Honda (Gadasarai) - 9926360842; SKR Honda (Sihora) - 9977448009; Sonico Honda (Dindori) - 9424508485; MP Sahu Honda (Shahpura Dindori) - 9753156094; Balaji Honda (Barela) - 8602391415; J P Honda (Bargi) - 9399374447; Sai Honda (Dhanpuri) - 8319138424; Shri Honda (Gosalpur) - 9732235782; Aanmol Honda - 7566858687; **BALAGHAT:** Dreams Honda - 8349272776; Dreams Honda (Baihar) - 8269793376; **CHHINDWARA:** Akshit Honda (Chourai) - 8989994445; Akshit Honda (Parasia Road, Chhindwara) - 8989994440; Akshit Honda (Seoni Road, Chhindwara) - 8989994441; Akshit Honda (Amarwara) - 8989994443; Akshit Honda (Parasia) - 8989994442; Shyam Honda (Pandhurna) - 9425818989; Ayush Honda (Junnardeo) - 9425871626; Maa Vaishnav Honda (Bichhua) - 8989994446; Manish Honda (Sausar) - 9244569009; **SEONI:** Anurag Honda - 9827112711; Anurag Honda (Lakhnadon) - 7711884494; Vardhman Honda (Chhapara) - 8770068747; **CHHATARPUR:** Namostu Honda - 9407184511; Krishna Honda - 8819966966; Namostu Honda (Badamalera) - 8839039161; KGN Automobiles (Luv Kush Nagar) - 7582807444; Sanvi Honda (Maharajpur) - 9907605858; **MANDLA:** Rajul Honda - 9644544611; **NARSINGHPUR:** Amisha Honda - 9425815655; Amisha Honda (Gadarwara) - 9425815655; Sudeep Honda (Kareli) - 8989252525; Amisha Honda (Rajmarg) - 9425815655; Amisha Honda (Kareli) - 9425815655; **SHAHDOL:** Utsav Honda - 8349283655; G L Honda (Umariya) - 9329523156; Virasini Honda (Anuppur) - 8770423634; Jay Ambe Honda (Kotma) - 9300416285; Keshav Honda (Beohari) - 9425887009; Gautam Honda (Burhar) - 9425182213; Hindustan Honda (Pali) - 9302180568; **KATNI:** Shri Sahil Honda - 9425156978; Jaishree Honda (Barhi) - 9009705200; Shri Shambhu Automobiles (Vijayraghavgarh) - 7987061672; JCM Aman Motors (Bilahri) - 7566056605; SK Motors (Bahoriband) - 7974267080; Murli Motors (Sleemnabad) - 7999077781; Quadri Honda (Umaria Pan) - 9074210324; **SATNA:** Krishna Honda - 9109078717; Eagle Honda - 7583808564; Krishna Honda (Chitrakoot) - 9907004730; Krishna Honda (Nagod) - 9179700769; Eagle Honda (Kotar) - 7583808564; Deepak Honda (Ramnagar) - 9098804444; Maa Durga Honda (Rampur Baghelan) - 9425887633; Abhishek Honda (Amarpatan) - 9993676313; **SIDHI:** Laxmipati Honda - 9826540577; Laxmipati Honda (Rampur Naikan) - 8349790577; Laxmipati Honda (Madwas) - 7049822719; Shubham Honda (Bahari) - 7415825564; **REWA:** Rewa Maa Honda - 7400980721; Baikunthpur Honda (Baikunthpur) - 9340729825; N.K. Honda (Hanumana) - 8871924845, N.K. Honda (Khatkhari) - 8305168016, N.K. Honda (Gurh Road) - 7694018005, N.K. Honda (Maugan)) - 7694018005; Rewa Maa Honda (university Road) -7400980721; Rewa Maa Honda (Lalgaon) - 8982388380; Dev Wheels Honda (Maugan)) - 9685226689; M.R. Honda (Mangawan) - 9977095984; Prince Honda (Semariya) - 993885882; Pushpendra Honda (Garh) - 9419566621; **PANNA:** Selection Honda (Panna) - 6260262091; Selection Honda (Amanganj) - 9131955892; Selection Honda (Pawai) - 6260262091; **WAIDHAN:** Agrasen Honda - 7049925591; Agrasen Honda (Mada) - 6261605785; Agrasen Honda (Dudmania) - 9425161696; **BHOPAL:** Surana Honda (Koh-E-Fiza) - 9713066121; Sai Samarth Honda - 9109103832; BGS Honda - 7440654321; Om Auto Honda - 9826331339; Power Honda - 9202244444; BGS Honda (Kolar Road) - 8889994504; BGS Honda (Karondh) - 8319133403; Sai Samarth Honda (Bairagarh) - 07554222834; Power Honda (Gulmohar) - 07554256062; Sai Samarth Honda (New Market, TT Nagar Police Station) - 07554167932; Shiv Honda (Berasia) - 9827205909; Poorvi Honda (Khilchipur) - 9827828182; Shri Sawariya Honda (Budni) - 990740405; **TIKAMGARH:** Arjav Honda - 9806223193; Dhanushdhari Honda (Khargapur) - 9826264954; Ram Ji Honda (Palera) - 9560855084; Jainam Honda (Prithvipur) - 9713029419; Shanti Traders (Jatara) - 8871205164; **MORENA:** The Roshan Honda - 7532466097; Keshar Honda - 9111603390; Gupta Honda (Shabalgarh) - 9893170387; Aryan Honda (Ambah) - 9826288045.

For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in

लोकसभा नेता प्रतिपक्ष पर भड़के भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर

देश को शोर नहीं, सच चाहिए, आरोप नहीं, प्रमाण पेश करें, राजनीतिक बयान छोड़कर स्पष्ट जवाब दें

राहुल गांधी कहने के लिए तो नेता प्रतिपक्ष हैं, लेकिन वे एक ऐसे नेता हैं जिन्हें न तथ्यों का पता है, न तर्क का पता है और न ही नियम-कानून का पता है। उन्हें सिर्फ अराजकता फैलाने, अस्थिरता पैदा करने, संवैधानिक पदों और संस्थाओं को नीचा दिखाना आता है



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में सुप्रीम कोर्ट तक विपक्षी दलों के मार्च पर निशाना साधा। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि राहुल गांधी कहने के लिए तो नेता प्रतिपक्ष हैं, लेकिन ले ये एक ऐसे नेता हैं जिन्हें न तथ्यों का पता है, न तर्क का पता है और न ही नियम-कानून का पता है।

उन्हें सिर्फ अराजकता फैलाने, अस्थिरता पैदा करने, संवैधानिक पदों और संस्थाओं को नीचा दिखाने तथा दुनिया भर में भारत की छवि को कमजोर कैसे करना है, उन्हें सिर्फ यही करने आता है। यह देश का दुर्भाग्य है कि नेता प्रतिपक्ष के पद पर बैठे व्यक्ति का आचरण इतना अराजक, अस्थिर और अगंभीर नजर आता है। उनके लबों पर लब्ज है- वोट चोरी... दरअसल वो कर रहे हैं जनादेश के साथ सीनाजोरी। राहुल गांधी सिर्फ हवा-हवाई बातें करते हैं, क्योंकि वो हवा-हवाई नेता हैं। इनके राजनीति का पूरा पैटर्न ही हवा-हवाई है। ये बार-बार आरोप लगाते हैं और फिर कोर्ट में जाकर माफी मांगते हैं। ये इनका ट्रैक रिकॉर्ड है।

दुनियाभर में भारत की छवि को कमजोर कर रहे

कांग्रेस की नीति, राज नहीं तो अराजकता फैला दो



नई दिल्ली के बाराखंभा रोड पर विरोध प्रदर्शन के दौरान जुटा अपार जनसमूह

सड़कछाप भाषा का प्रयोग और निराधार आरोप लगा रहे

सांसद ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी की अब हालत ये हो गई है कि वो सिर्फ सड़क छाप भाषा का प्रयोग और निराधार आरोप लगाने का काम कर रहे हैं। देश को शोर नहीं, सच चाहिए, आरोप नहीं, प्रमाण चाहिए, राजनीतिक बयान नहीं, स्पष्ट जवाब चाहिए। ये राष्ट्रपति के पास गए और जब सबूत मांगा गया तो भाग गए। सुप्रीम कोर्ट ने तो राहुल गांधी से साफ साफ कह दिया कि कोर्ट को आप राजनीति का रण-क्षेत्र नहीं बना सकते। राहुल गांधी को सिर्फ ये लगता है कि सड़क पर जाऊंगा और बार-बार झूठ बोलूंगा तो लोग सच मान लेंगे। राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी का फंडा है- राज नहीं तो अराजकता फैला दो।

ज्ञानेश का इस्तीफा मुख्य मांगः टीएमसी



इंडिया ब्लॉक में शामिल ममता बेनर्जी ने कहा कि सरकार इतनी डरी हुई है कि उसने आम लोगों के लिए ट्रेनें भी रोक दी हैं। आप समझ सकते हैं कि लोगों को कितनी परेशानी हुई होगी। ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा हमारी मुख्य मांग है।

सीईसी की नियुक्ति से जुड़ा कानून रद्द होः औवेसी



एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने सीईसी और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़े कानून को रद्द करने की मांग की। नियुक्ति प्रक्रिया में पीएम और विपक्ष के नेता के साथ भारत के मुख्य न्यायाधीश को भी शामिल करना चाहिए। कानून में सीईसी और चुनाव आयुक्तों को सेवानिवृत्ति के बाद कानूनी सुरक्षा देने वाले इस कानून को रद्द करना चाहिए।

लोकतंत्र बचाना हमारी जिम्मेदारीः सपा

समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि आंदोलन और धरना-प्रदर्शन जारी रहेंगे। लोकतंत्र को बचाना हमारी जिम्मेदारी है। भाजपा को हटाने पर ही देश बचेगा। भाजपा को हटाने पर ही लोकतंत्र बचेगा। भाजपा चुनाव आयोग के साथ मिलकर संविधान और लोकतंत्र को नष्ट करना चाहती है। वह हमेशा सत्ता में बने रहना चाहती है। वे फर्जी मतदाता सूचियां बनाते हैं, फर्जी वोट डलवाते हैं और चुनावी नतीजों में हेरफेर करते हैं। हम उपलब्ध सभी कानूनी और व्यावहारिक तरीकों को अपनाएंगे। सरकार को हमारी बात सुननी चाहिए और चुनाव आयोग को हटाना चाहिए।



भाजपा के लिए सब कुछ 'डेमोकुर्सी' का मामलाः कांग्रेस

कांग्रेस महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने जंतर-मंतर को प्रदर्शन स्थल की सूची से हटाए जाने को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधा। पार्टी ने आरोप लगाया कि अब उनके लिए लोकतंत्र का कोई महत्व नहीं रह गया है और उनके लिए सब कुछ 'डेमोकुर्सी' यानी सत्ता की कुर्सी का मामला बनकर रह गया है। यह पीएम और गृह मंत्री की जोड़ी में व्याप्त 'अत्यधिक घबराहट' का स्पष्ट संकेत है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक जंतर-मंतर अब वह स्थान नहीं रहेगा, जहां लोकतंत्र को रोजाना मजबूती देने वाली खुराक मिलती थी।



मार्च से पहले सुरक्षाबल मुस्तैद



अप्रिय घटना को रोकने बाराखंभा रोड और मंडी हाउस के पास सुरक्षा कर्मियों की तैनाती

विरोध मार्च से पहले की बैठक



दिल्ली में विरोध मार्च से पहले इंडिया ब्लॉक के नेताओं ने संविधान क्लब में एक बैठक की



विरोध प्रदर्शन मार्च में नेहा बोरा और योगेंद्र यादव भी शामिल हुए

खबर संक्षेप

स्कूल वैन की टक्कर से 3 चचेरे भाइयों की मौत

बदायूं। यूपी के बदायूं जिले में सोमवार को तेज रफ्तार स्कूल वैन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार तीन चचेरे भाइयों की मौत हो गई, जबकि उनका एक दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक का हाल ही में अग्निवीर भर्ती के लिए चयन हुआ था। पुलिस के मुताबिक, यह हादसा अपराह्न करीब ढाई बजे बिसौली कोतवाली क्षेत्र में हुआ।



पूर्व सीएम केजरीवाल पर एफआईआर दर्ज

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल समेत आप नेताओं और विधायकों के खिलाफ दिल्ली सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि गुरुद्वारा बंगला साहिब परिसर में हंगामा किया गया और उसके बाद गुमराह करने वाले वीडियो पोस्ट कर फैलाए गए।



पूर्व सीएम विजयन के खिलाफ 2 एफआईआर

तिरुवनंतपुरम। केरल में कथित सीएमआरएल रिश्वत मामले में सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (वीएसबी) ने पूर्व सीएम पिनराई विजयन और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ दो प्राथमिकी दर्ज कीं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। वीएसबी की विशेष जांच इकाई-1 ने ये प्राथमिकी दर्ज की हैं।



ईडी की कोलकाता में 8 ठिकानों पर छापेमारी

कोलकाता। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनशोधन के एक मामले की जांच के सिलसिले में सोमवार सुबह कोलकाता में आठ ठिकानों पर छापेमारी की। एक अधिकारी ने बताया कि दक्षिण कोलकाता के टॉलीगंज और शरत बोस रोड के आसपास स्थित कई परिसरों में तलाशी ली गई। केंद्रीय एजेंसी ने संदिग्ध वित्तीय धोखाधड़ी को लेकर यह रेड की।



8वें वेतन आयोग की दशहरे के बाद तुरंत होगी बड़ी बैठक

49 लाख केंद्रीय कर्मचारियों और 68 लाख से अधिक पेंशनभोगियों को मिलेगा फायदा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

8वां केंद्रीय वेतन आयोग (सीपीसी) अभी सलाह-मशविरे के दौर में है। सुप्रीम कोर्ट की रिटायर्ड जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता वाला यह आयोग फिलहाल विभिन्न कर्मचारी यूनियनों, प्रतिनिधियों, समूहों, पेंशनभोगी संघों, फेडरेशनों और अन्य संबंधित पक्षों के साथ बैठकें कर रहा है

आठवें वेतन आयोग के पास रिपोर्ट तैयार कर उसे सौंपने के लिए अब बस कुछ ही महीने बचे हैं। 3 नवंबर 2025 इसकी समय-सीमा शुरू हुई थी। फिलहाल बैठकों का दौर जारी है। 8वां केंद्रीय वेतन आयोग (सीपीसी) अभी सलाह-मशविरे के दौर में है। सुप्रीम कोर्ट की रिटायर्ड जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता वाला यह आयोग फिलहाल विभिन्न कर्मचारी यूनियनों, प्रतिनिधियों, समूहों, पेंशनभोगी संघों, फेडरेशनों और अन्य संबंधित पक्षों के साथ बैठकें कर रहा है। इससे पहले आयोग कई राज्यों का दौरा कर चुका है।

अभी हाल ही में बेंगलुरु में भी बैठक हुई थी। अब दशहरे के तुरंत बाद एक और बड़ी बैठक होने वाली है, जिसमें कई बड़े मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। समय के साथ बढ़ती महंगाई और बदलती अर्थव्यवस्था को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार हर 10 साल में अपने कर्मचारियों के भत्ते, वेतन और पेंशन में बदलाव के लिए वेतन आयोग या सीपीसी का गठन करती है। हालांकि, सरकार हर 6 महीने में महंगाई भत्ता (डीए) बढ़ाती है, लेकिन एक समय बाद सिर्फ डीए बढ़ाने भर से काम नहीं चलता। सरकारी कर्मचारियों के जीवन स्तर में सुधार के लिए बेसिक सैलरी में भी बदलाव की जरूरत पड़ती है।

आयोग के पास रिपोर्ट सौंपने के लिए मई, 2027 तक का समय

आठवें वेतन आयोग को 1 जनवरी 2026 से लागू माना जा रहा



8वें वेतन आयोग की बैठक (फाइल फोटो), आयोग की अध्यक्ष रंजना देसाई

रिपोर्ट को केंद्रीय वित्त मंत्रालय और मंत्रियों का विशेष समूह

कैबिनेट से मिलेगी हरी झंडी

कैबिनेट से हरी झंडी मिलने पर सरकार आधिकारिक गजट नोटिफिकेशन जारी करती है। फिर जाकर विभाग नई सैलरी का कैलकुलेशन शुरू करते हैं। इस पूरे प्रॉसेस में 3-6 महीने का वक्त और लग सकता है।

आयोग 1 जनवरी से लागू माना जा रहा

भले ही आठवें वेतन आयोग को 1 जनवरी 2026 से ही लागू माना जा रहा है, लेकिन आयोग द्वारा रिपोर्ट तैयार कर इसे सरकार को सौंपना बाकी है। इसके बाद इसे सरकारी मंजूरी मिलने के बाद ही बढ़ा हुआ पैसा कर्मचारियों के बैंक अकाउंट में आएगा। चूंकि आयोग के गठन के बाद इसे अपनी रिपोर्ट तैयार करनेके लिए मई, 2027 तक का समय दिया गया था। माना जा रहा है कि अगले साल के आखिर तक यह पूरी तरह से लागू होगा। रिपोर्ट सौंपने के बाद केंद्रीय वित्त मंत्रालय और मंत्रियों का एक विशेष समूह इन सिफारिशों का बारीकी से अध्ययन करेगा। इसमें यह देखा जाएगा कि वेतन और पेंशन में प्रस्तावित बढ़ोतरी से देश के खजाने पर कितना बोझ पड़ेगा और किन-किन बदलावों को मंजूरी दी जा सकती है और किन्हें नहीं। समीक्षा पूरी होने के बाद इसे केंद्रीय मंत्रिमंडल के पास भेजा जाता है।

22-23 अक्टूबर को मुंबई में होगी बैठक

8वां वेतन आयोग 22-23 अक्टूबर (गुरुवार-शुक्रवार) को मुंबई का दौरा करेगा। इससे पहले दिल्ली में 8वें वेतन आयोग की मीटिंग 7 और 10 अगस्त को हुई थी। जयपुर में 31 अगस्त और 1 सितंबर को मीटिंग हुई। उसके बाद चेन्नई में 7-8 सितंबर को, पुडुचेरी में 9 सितंबर को और चंडीगढ़ में 16 से 18 सितंबर तक मीटिंग हुई। हाल ही में बेंगलुरु में 7 और 8 अक्टूबर को मीटिंग हुई।

8वें वेतनमान देने वाला पहला राज्य बना असमः बिस्वा

केंद्र सरकार ने नवंबर 2025 को 8वें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दे दी थी। जिसके बाद एक समिति गठित हुई है और वो अब तमाम राज्यों में बैठक कर कर्मचारियों की मांगों का जायजा ले रही है। इसी बीच असम के सीएम मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने एक्स पर 11 अक्तूबर को गुवाहाटी में हुए एक सरकारी कार्यक्रम के दौरान का वीडियो शेयर किया है, इस वीडियो के साथ कैप्शन में उन्होंने लिखा कि असम देश का पहला राज्य बन जाएगा जो 8वां राज्य वेतन आयोग गठित करेगा।

पंजाब सरकार को सुप्रीम कोर्ट से राहत

एफआईआर होगी दर्ज, लेकिन दंडात्मक कार्रवाई पर लगी रोक

सीबीआई सरकार के अधिकारियों पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच कर रही



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को निर्देश दिया कि सीबीआई पंजाब सरकार से जुड़े लोगों के खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई न करे। सीबीआई राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच कर रही है। यह आदेश पंजाब सरकार की उस याचिका पर आया है जिसमें हाई कोर्ट के उस निर्देश पर रोक लगाने की मांग की गई थी, जिसमें सीबीआई को राज्य सरकार से जुड़े लोगों पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करने और दो महीने के भीतर रिपोर्ट सौंपने को कहा गया था। जस्टिस एमएम सुंदेश और पीबी वराले की बेंच ने केंद्र, सीबीआई, ईडी और अन्य को नोटिस जारी किया। बेंच ने कहा कि हम एफआईआर पर रोक नहीं लगा

आरोपों की स्वतंत्र जांच होः याचिकाकर्ता

याचिकाकर्ता ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से आम आदमी पार्टी (आप) सरकार को सूचना भेजे जाने के बावजूद अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। यह तर्क दिया गया कि इन आरोपों की स्वतंत्र जांच होनी चाहिए क्योंकि इनसे राज्य सरकार के कामकाज पर गंभीर सवाल उठते हैं। हाई कोर्ट ने पंजाब पुलिस और सरकार को यह भी निर्देश दिया कि इस मामले से जुड़े सभी दस्तावेज सीबीआई को सौंप दिए जाएं।

हाई कोर्ट के फैसले को कई आधारों पर चुनौती देते हुए पंजाब सरकार ने कहा कि फैसले में कई कमियां हैं। सरकार का कहना है कि कोर्ट ने 'प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्डिंग एक्ट' (पीएमएलए) की धारा 66(2) के तहत दी गई जानकारी को एक ऐसे निर्देश के तौर पर लिया जिससे केस दर्ज करना अनिवार्य हो जाता है, जो कि विजय मदनलाल चौधरी मामले में सुप्रीम कोर्ट के 2022 के फैसले के खिलाफ है।

धार्मिक भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचाएंगेः सुको

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि दिल्ली-एनसीआर में पटाखों से होने वाले वायु प्रदूषण से निपटने के लिए प्रतिबंध लगाने के बजाय जन जागरूकता और स्वैच्छिक भागीदारी का अधिक असर होगा। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि प्रतिबंधात्मक आदेशों को लागू करना जमीनी स्तर पर मुश्किल हो सकता है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और वी मोहना की पीठ ने दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण से जुड़े स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि न्यायालय धार्मिक भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचाएगा। पीठ ने पटाखों के हानिकारक प्रभावों को कम करने के लिए संतुलित और व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता बताई।

भर्ती प्रक्रिया में नहीं होगा कोई दखल

11,000 पुलिसकर्मियों को पहले चरण में सुवेंदु ने नियुक्ति पत्र सौंपे

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के सीएम सुवेंदु अधिकारी ने भाजपा सरकार के तहत पुलिस में भर्ती अभियान के पहले बड़े चरण में 11 हजार अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। उन्होंने कहा कि राज्य में सत्ता परिवर्तन के कारण यह संभव हो सका। सीएम ने दावा किया कि अगले दो साल में पश्चिम बंगाल पुलिसकर्मियों की संख्या के मामले में उत्तर प्रदेश से आगे निकल जाएगा। सुवेंदु ने यहां नेताजी इंडोर स्टेडियम में नियुक्ति पत्र सौंपने के बाद कहा कि अगर सरकार नहीं



बदली होती, तो यह भर्ती नहीं हो पाती। राज्य पुलिस बल में भर्ती प्रक्रिया लंबे समय से रुकी हुई थी। मई में राज्य में भाजपा के सत्ता में आने के बाद सरकार ने पुलिस भर्ती प्रक्रिया को मंजूरी दी। उन्होंने पुलिसकर्मियों से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते समय भ्रष्टाचार से दूर रहने और ईमानदारी बनाए रखने का आग्रह किया।

नशा-मुक्त भारत बनाने के सामूहिक संकल्प को सशक्त किया

1,469 जगहों पर नेबरहुड यूथ पार्लियामेंट और युवा मेले आयोजित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मेरा युवा भारत ने 'नशामुक्त युवा, विकसित भारत अभियान' के तहत साझेदार संगठनों के सहयोग से 10 अक्टूबर, 2026 को नेबरहुड यूथ पार्लियामेंट और युवा मेलों का आयोजन किया।

यह आयोजन 100 सप्ताह के अभियान का हिस्सा था, जिसमें देशभर के 34 राज्यों की 1,469 जगहें शामिल रहीं। इस व्यापक पहल में 3.65 लाख से अधिक युवाओं और नागरिकों ने भाग लिया, जिससे नशा-मुक्त भारत बनाने के सामूहिक संकल्प को और अधिक सशक्त किया गया।

खास बातें

- नशामुक्त युवा, विकसित भारत अभियान की पहल
- 3.65 लाख युवाओं और नागरिकों ने भाग लिया

कई आध्यात्मिक संगठन भी हुए शामिल



नेबरहुड यूथ पार्लियामेंट का आयोजन

हार्टफुलनेस, प्रोजेक्ट पॉइंट, सीआईपीयू, एसोचैम, फिक्की और ब्रह्माकुमारीज जैसे आध्यात्मिक संगठनों, विश्वविद्यालय संघों और उद्योग संघों के सहयोग से युवा मेलों का आयोजन किया गया। इस पहल ने अभियान की पहुंच और प्रभाव को और अधिक व्यापक बनाने में मदद की। कार्यक्रमों में युवाओं द्वारा संचालित कई गतिविधियां शामिल थीं, जिनमें नशा मुक्त युवा शपथ, नारा लेखन प्रतियोगिताएं, हस्ताक्षर अभियान, वाद-विवाद, नुक्कड़ नाटक आयोजित किए गए।

100 सप्ताह चला अभियान

100 सप्ताह के इस अभियान का उद्देश्य मादक द्रव्यों के दुरुपयोग से निपटने के लिए देशभर में सामूहिक प्रयासों को बढ़ावा देना, सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। नेबरहुड यूथ पार्लियामेंट और युवा मेलों के माध्यम से 'मेरा युवा भारत' लगातार युवाओं को समाज में बदलाव लाने की जिम्मेदारी उठा रहा है।

नशा नहीं करने के लिए किया जागरूक

इस पहल का उद्देश्य जमीनी स्तर पर युवाओं की भागीदारी को मजबूत करना, मादक पदार्थों के सेवन के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और युवाओं को मादक पदार्थों के दुरुपयोग की रोकथाम में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित करना था। ब्लॉक स्तर पर आयोजित नेबरहुड यूथ पार्लियामेंट में मादक पदार्थों के दुरुपयोग से जुड़ी चुनौतियों, जागरूकता को कार्रवाई में बदलने की रणनीतियों और बदलाव की प्रेरक कहानियों पर चर्चा की गई।

जबलपुर
मंगलवार 13 अक्टूबर 2026
आश्विन मास शुक्ल पक्ष-3
वर्ष : 21, अंक : 161
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 29
न्यून. 17

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

खुदरा महंगाई दर में उछाल

लगातार चौथे महीने 4% के तय स्तर से ऊपर रही

नई दिल्ली। खुदरा महंगाई दर में सितंबर में बढ़ोतरी दर्ज की गई।



आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, अगस्त में 4.83% रही महंगाई दर सितंबर में बढ़कर 5.54% हो गई। इससे आम लोगों के घरेलू बजट पर दबाव बढ़ने की चिंता है। आरबीआई का लक्ष्य खुदरा महंगाई दर को 4% पर बनाए रखना है। इसके लिए 2 से 6% का दायरा निर्धारित है। सितंबर में महंगाई दर लगातार चौथे महीने 4% के स्तर से ऊपर रही।

केंद्रीय मंत्री शिवराज के मुद्दा उठाने के सवाल पर बोले सीएम

आदिवासियों के घर तोड़े जाने की होगी जांच, कार्रवाई करेंगे

शिवराज हमारे वरिष्ठ नेता, उनके संज्ञान में यह बात आई है, हम तत्परता से कार्रवाई करेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सीहोर जिले के कोसमा में आदिवासियों के घर बुलडोजर चलाए जाने व केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के विरोध से जुड़े एक सवाल पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वे



डॉ. मोहन यादव

हमारे वरिष्ठ नेता हैं। उनके संज्ञान में यह बात आई है, हम इसकी जांच करवा कर कार्रवाई करेंगे। उन्होंने दिल्ली में चल रहे लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के प्रदर्शन को लेकर पूछे गए सवाल पर कहा कि केरल में कांग्रेस की सरकार व तमिलनाडु में कांग्रेस समर्थित सरकार भी उसी एसआईआर प्रक्रिया के तहत बनी है। दोनों सरकार को इस्तीफा दे देना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राहुल गांधी खुद एसआईआर से ही सांसद बने, उन्हें भी इस्तीफा दे देना चाहिए। इसके बजाए बेवजह से पूरे देश को परेशान करना उचित नहीं है।

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी यदि एसआईआर पर आरोप लगा रहे हैं तो केरल की सरकार व वे खुद उसी से सांसद बने कायदे से दोनों को इस्तीफा दे देना चाहिए

निलंबन और बर्खास्तगी रद्द होने तक बहिष्कार जारी रखने का ऐलान

कार्रवाई वापस नहीं तो पटवारियों ने स्वामित्व योजना से खींचे हाथ

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

जमीनी स्तर पर अधिकांश जिलों में कलेक्टरों ने अब तक निलंबन और सेवा समाप्ति के आदेश वापस लेने संबंधी कोई अधिसूचना जारी नहीं की

प्रदेश में पटवारियों और शासन के बीच चल रहा गतिरोध खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। तय कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश भर के पटवारी सोमवार से केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी 'स्वामित्व योजना' का काम फिर से शुरू करने वाले थे, लेकिन उन्होंने काम करने से इनकार कर दिया। पटवारियों का कहना है कि आंदोलन के दौरान विभिन्न जिलों के कलेक्टरों द्वारा पटवारियों पर की गई दंडात्मक कार्रवाइयां विशेष रूप से निलंबन और सेवा समाप्ति (बर्खास्तगी) के आदेश अब तक वापस नहीं लिए गए हैं। जब तक शासन स्तर से इन आदेशों को निरस्त कर सभी साथियों को बहाल नहीं किया जाता, तब तक स्वामित्व योजना सहित अतिरिक्त योजनाओं का कोई भी कार्य नहीं किया जाएगा।

ग्रामीण इलाकों में सर्वे और अधिकार अभिलेख की प्रक्रिया अटकी



पटवारियों के इस रुख से ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी भूमि पर काबिज लोगों को मालिकाना हक दिलाने वाली स्वामित्व योजना पूरी तरह ठप हो गई है

आश्वासन पूरा न होने पर नहीं किया लॉग इन

मप्र पटवारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष उपेंद्र सिंह बघेल सहित अन्य पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि हाल ही में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हुई वार्ता में सहमति बनी थी कि आंदोलन के दौरान दर्ज प्रकरण और अनुशासनात्मक कार्रवाइयां शून्य की जाएंगी।

पटवारी संघ ने दिया 24 से 48 घंटे का अल्टीमेटम

पटवारी संघ के प्रतिनिधियों का दो टूक कहना है कि वे जनहित के कार्यों में बाधा नहीं डालना चाहते, लेकिन अपने साथियों पर की गई दमनात्मक कार्रवाई को नजरअंदाज कर काम पर लौटना संभव नहीं है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि 24 से 48 घंटों के भीतर शासन ने सभी दंडात्मक आदेश रद्द करने का लिखित निर्देश जारी नहीं किया, तो यह गतिरोध अन्य नियमित राजस्व कार्यों पर भी असर डाल सकता है। कई जिलों के राजस्व अधिकारियों ने पटवारी प्रतिनिधियों से संवाद साधने की कोशिश की, लेकिन संघ अपने रुख पर अडिग है। पटवारियों के इस रुख से ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी भूमि पर काबिज लोगों को मालिकाना हक दिलाने वाली स्वामित्व योजना पूरी तरह ठप हो गई है।

मप्र ने विशेष कैबिनेट आयोजित कर पीएम मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर सर्वसम्मति से अभिनंदन संकल्प पारित किया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सीएम हाउस में आयोजित प्रेस ब्रीफिंग में कहा

80 करोड़ लोगों को नि:शुल्क खाद्यान्न ऐसा राजा श्री राम के समय ही हुआ था

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी यदि एसआईआर पर आरोप लगा रहे हैं तो केरल की सरकार व वे खुद उसी से सांसद बने कायदे से दोनों को इस्तीफा दे देना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र सरकार ने सोमवार को एक बड़ा निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर मप्र में विशेष कैबिनेट आयोजित कर सर्वसम्मति से अभिनंदन संकल्प पारित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि देश में पहली बार ऐसा हुआ है कि प्रधानमंत्री मोदी जितनी बार विधायक बने, उतनी बार मुख्यमंत्री बने और जितनी बार सांसद बने उतनी ही बार प्रधानमंत्री बने।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और अन्य मंत्रिगण

सुशासन और आर्थिक सुधार में विशेष प्रयास

मुख्यमंत्री ने बताया कि संकल्प में नोटबंदी, जीएसटी, तीन तलाक कानून, तीन नई न्याय संहिताएं और जन-विश्वास अधिनियम का उल्लेख है। योजना आयोग के स्थान पर नीति आयोग का गठन, प्रगति मंच पर परियोजनाओं की समीक्षा, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस औरपीएम गति शक्ति भी इसमें शामिल हैं।

देश में पहली बार बेकार कानून हटाए गए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश में पहली बार मोदी सरकार ने हजारों की संख्या में अंग्रेजों के जमाने के कानून को निरस्त किया। अभी तक किसी भी सरकार ने यह सुधार नहीं किया था। अकेले मप्र ने ही 900 ऐसे कानून को निष्क्रिय किया है। इन कानूनों का कोई औचित्य ही नहीं रह गया था।

वन भूमि पर कब्जा रोकने गई टीम पर हमला

डिप्टी रेंजर का सिर फूटा, हमले में वनपाल भी घायल, लाठी-डंडों और पत्थरों से वार



तीन नामजद आरोपियों पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

वन भूमि पर अतिक्रमण रोकने पहुंची वन विभाग की टीम पर रविवार रात करीब 11:30 बजे निवाही गांव में 8 से 10 लोगों ने हमला कर दिया। लाठी-डंडों और पत्थरों से किए गए हमले में डिप्टी रेंजर शैलेंद्र कुमार तिवारी और वनपाल नारायण सिंह पलिया घायल हो गए। डिप्टी रेंजर के सिर में गंभीर चोट आई है। दोनों को शाहगढ़ स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल रेफर किया गया।डिप्टी रेंजर तिवारी के मुताबिक, वन भूमि पर ट्रैक्टर से जुताई किए जाने की सूचना पर टीम अतिक्रमण रोकने और ट्रैक्टर जब्त करने पहुंची थी। इसी दौरान हमला कर दिया गया। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें ट्रैक्टर चालक तेजी से वाहन आगे बढ़ाता दिख रहा है।

तृतीया : मां चंद्रघंटा



पिण्डजप्रवरारूढा चण्डकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते मह्यं चंद्रघंटेति विश्रुता।।

पाठक सूचना
हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
का मास्टर कूपन
कल के अंक में देखें।

हरिभूमि
सहेली
आज के अंक के साथ

ठिकानों से मिले 72.50 लाख रुपए

दो लाख की रिश्वत लेते पकड़े गए जीएसटी अधीक्षक निलंबित



अधिकारी से दो दिन की रिमांड पर पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दो लाख रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार सेंट्रल जीएसटी की प्रिवेंटिव विंग के अधीक्षक राजेश कुमार गुप्ता को निलंबित कर दिया गया है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की भोपाल स्थित भ्रष्टाचार निरोधक शाखा आरोपी अधिकारी से दो दिन की रिमांड पर पूछताछ कर रही है। विभाग भी उनके खिलाफ जांच की तैयारी में है। सीबीआई ने आरोपी के भोपाल और कानपुर स्थित आवासों पर छापेमारी की।

हत्या के आरोप में दोनों गिरफ्तार

दोस्ती तोड़ने से नाराज युवकों ने युवती को चाकू से गोदा, मौत



बहन को अस्पताल ले जाने से भी रोका

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर

हीरानगर थाना क्षेत्र में दोस्ती खत्म करने और बातचीत बंद करने से नाराज दो युवकों ने युवती वैष्णवी की चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी अभिषेक और निखिल को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, वैष्णवी ने अभिषेक से बातचीत बंद कर दी थी। इससे नाराज अभिषेक उसे धमकाने उसके घर पहुंचा था। बाद में निखिल ने वैष्णवी और उसकी छोटी बहन को प्राइम सिटी स्थित अपने घर बुलाया। वहां बातचीत के दौरान विवाद बढ़ने पर आरोप है कि अभिषेक और निखिल ने वैष्णवी पर चाकू से कई वार किए। गंभीर रूप से घायल वैष्णवी का काफी खून बहने लगा। उसकी छोटी बहन उसे अस्पताल ले जाना चाहती थी, लेकिन आरोप है कि दोनों युवकों ने उसे रोक दिया।

साधारण एवं चुनावी सभा में फैसला

कार्तिकेय चौहान बने मप्र वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष



उपाध्यक्ष विधायक आशीष शर्मा एवं राम पांडे बने

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के पुत्र कार्तिकेय सिंह चौहान मप्र वॉलीबॉल संघ के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। संघ की साधारण एवं चुनावी सभा सोमवार को राजधानी में आयोजित की गई थी। सभा में 2026-2030 सत्र के लिए प्रबंध कार्यकारिणी का निर्विरोध निर्वाचन किया गया। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में अध्यक्ष कार्तिकेय चौहान सिंह चौहान के अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनवर खान, उपाध्यक्ष विधायक आशीष शर्मा एवं राम पांडे, महासचिव सतीश जोशी, कोषाध्यक्ष विशाल शर्मा, संयुक्त सचिव डीआर सिंह, राजेश शुक्ला को चुना गया है।

निगरानी के दौरान एक शावक गायब

कूनो में आशा के आठ माह के शावक की मौत



पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चलेगा मौत का कारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कूनो नेशनल पार्क में नामीबियाई मादा चीता आशा के एक आठ माह के शावक की सोमवार को मौत हो गई। सुबह निगरानी के दौरान आशा अपने पांच शावकों में से चार के साथ दिखाई दी। एक शावक गायब मिलने पर उसकी तलाश की गई, तो वह मृत मिला। शावक की मौत के बाद देश में चीतों की संख्या घटकर 59 रह गई है। इनमें 41 भारत में जन्मे हैं। कूनो नेशनल पार्क में अब 53 चीते बचे हैं, जिनमें 40 भारत में जन्मे हैं। कूनो में 15 चीते खुले जंगल में विचरण कर रहे हैं। वहीं, गांधी सागर अभयारण्य में चार और वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में दो चीते हैं। चीता परियोजना के फील्ड डायरेक्टर के अनुसार, शावक की मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

जूनियर डॉक्टरों के स्टाइपेंड में 4.46% की बढ़ोतरी

भोपाल। मप्र के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में पढ़ रहे जूनियर डॉक्टरों के स्टाइपेंड में 4.46 प्रतिशत वृद्धि की गई है। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग ने इसके आदेश जारी कर दिए हैं।



रॉबर्ट हॉल और माइकल वुडफोर्ड को अर्थशास्त्र का नोबेल

वुडफोर्ड ने समिति से कहा कि यह उनके लिए बहुत बड़ा सम्मान

आर्थिक संकट से निपटने और आम लोगों के खर्च पर कंपनियों के फैसलों के प्रभाव पर मॉडल बनाया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिकी अर्थशास्त्रियों रॉबर्ट ई. हॉल और माइकल वुडफोर्ड को वर्ष 2026 का अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार देने की घोषणा की गई है। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने सोमवार को स्टॉकहोम में दोनों को समष्टि-आर्थिक स्थिरीकरण के सूक्ष्म आर्थिक आधारों पर उल्लेखनीय योगदान के लिए चुना। उनके शोध से यह समझने में मदद मिली कि आम लोगों के खर्च और कंपनियों के फैसले पूरी अर्थव्यवस्था को किस तरह प्रभावित करते हैं। पुरस्कार की घोषणा के बाद वुडफोर्ड ने न्यूयॉर्क से फोन पर समिति से बात की। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए बहुत बड़ा सम्मान है ।



रॉबर्ट हॉल कैलिफोर्निया की स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी से जुड़े हैं
माइकल वुडफोर्ड न्यूयॉर्क की कोलंबिया यूनिवर्सिटी में कार्यरत

आर्थिक फैसले लेने में मददगार शोध

इन मॉडलों के जरिए ऊर्जा की कीमतों में अचानक बढ़ोतरी या घरेलू खर्च में बदलाव जैसे आर्थिक झटकों के प्रभाव को समझा जा सकता है। इससे नीति-निर्माताओं को आर्थिक स्थिरता बनाए रखने के लिए बेहतर फैसले लेने में मदद मिलती है। आर्थिक विज्ञान पुरस्कार समिति के अध्यक्ष जॉन हासलर के अनुसार, दोनों अर्थशास्त्रियों के काम ने उन मॉडलों को मजबूत सैद्धांतिक आधार दिया है, जिनका इस्तेमाल दुनिया भर की सरकारें और केंद्रीय बैंक करते हैं।



सूर्या का मोशन पोस्टर जारी आक्रामक अंदाज में दिखे सनी

मुंबई। बॉलीवुड स्टार सनी देओल अपनी अपकमिंग फिल्म 'सूर्याः अंत से आरंभ तक' में एक नए अवतार से दर्शकों को चौंकाने के लिए तैयार हैं। अभिनेता ने सोमवार को फिल्म का मोशन पोस्टर जारी करके इसकी आधिकारिक घोषणा की। फर्स्ट लुक पोस्टर में वह काफी गंभीर और आक्रामक अंदाज में नजर आ रहे हैं। मोशन पोस्टर में देखा जा सकता है कि सनी देओल उम्रदराज लग रहे हैं। उनकी दाढ़ी आधी पकी है और आधी काली है। वह सिगरेट पी रहे हैं और उनका लुक आक्रामक है। उन्होंने टी-शर्ट पहनी है। पोस्टर शेयर करते हुए अभिनेता ने कैप्शन में लिखा 'अतीत और वर्तमान के बीच उलझा हुआ, वह सच का पता लगाता है! पेश है 'सूर्याः अंत से आरंभ तक'!

लाइफ Style

पर्दे पर किरदार निभाने वाले कलाकारों को कई बार ऐसे चैलेंज मिलते हैं जो सालों इंडस्ट्री में काम करने के बावजूद अलग और चुनौतीपूर्ण लगते हैं। खासकर अगर वह किरदार ग्रे या नेगेटिव हो तो। कुछ ऐसा ही है गुजराती सिनेमा में काम करने वाली एक्ट्रेस श्रेया दवे का हाल।

श्रेया

सीरीज 'सहर होने को है' से कमबैक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

'बरसातें: मौसम प्यार का' के बाद दो साल तक वर्टिकल ड्रामा और गुजराती सिनेमा में काम करने के बाद, श्रेया दवे छोटे पर्दे पर लौट आई हैं। अभी वह 'सहर होने को है' में पार्थ समथान के किरदार की सौतेली बहन जीनत का रोल निभा रही हैं। एक्ट्रेस इस बात को लेकर एक्साइटेड हैं कि उनका किरदार कहानी में क्या-क्या मोड़ लाएगा। श्रेया कहती हैं, 'एक एक्टर के तौर पर जीनत का किरदार मेरे लिए इसलिए खास और रोमांचक है क्योंकि वह कहानी में कुछ बहुत ही बदलता है। उसका सफर काफी उतार-चढ़ाव भरा होगा, जिससे मुझे अलग-अलग शेड्स और कई तरह की भावनाएं दिखाने का मौका मिलेगा। श्रेया ने कहा, 'मेरे लिए यही बात इस रोल को इतना खास बनाती है। जीनत मुझे एक एक्टर के तौर पर बिल्कुल अलग दायरे में ले जा रही है, जिससे मुझे ऐसी भावनाएं दिखाने का मौका मिल रहा है जो मैंने पहले कभी नहीं दिखाईं। यह नया, चैलेंजिंग और बेहद रोमांचक है और मुझे इस किरदार को समझने में बहुत मजा आ रहा है। मैं उसे पॉजिटिव या नेगेटिव का लेबल लगाकर किसी एक दायरे में नहीं बांधना चाहती। इसलिए, मैं यही कहूंगी कि जीनत को इतनी जल्दी जज न करें'।



हॉलीवुड मसाला



गॉडजिला माइनस... का ट्रेलर रिलीज

लॉस एंजिल्स। गॉडजिला माइनस जीरो के लेटेस्ट ट्रेलर से कनफर्म होता है कि पिछली फिल्म में गॉडजिला पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ था। इसमें नए 'काइजू' (मॉन्स्टर) को खत्म करने के ऑपरेशन की झलक भी मिलती है और नए व पुराने किरदारों से इंट्रोड्यूस कराया जाता है। ट्रेलर की रिपोर्ट के मुताबिक टोहो ने कन्फर्म किया है कि फिल्म में किंग गिडोरा दूसरा मॉन्स्टर होगा। फेस्टिवल प्रीमियर की कवरेज में गॉडजिला और गिडोरा के बीच कई भयानक और खूनी लड़ाइयों का जिक्र है, जो जमीन और आसमान में और भी तेज हो जाती हैं।



पूर्व पत्नी की शादी में 'स्पाइडर मैन' अभिनेता बने पादरी

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड की जानी-मानी ज्वेलरी डिजाइनर जेनिफर मेयर और बिजनेसमैन ज्योफ ओगुन्सलेसी की शादी इन दिनों चर्चा में बनी हुई है। इस शादी में सबसे खास बात यह रही कि जेनिफर के एक्स-हसबैंड और 'स्पाइडर-मैन' अभिनेता टोबी मैग्वायर ने ही शादी की रस्में कराईं। पेज सिक्स की रिपोर्ट के मुताबिक, जेनिफर मेयर और उनके मंगेतर ज्योफ ओगुन्सलेसी ने पिछले वीकेंड हवाई के फोर सीजन्स रिजॉर्ट लानाई में आउटडोर सेरेमनी में शादी की। खास बात यह है कि यह शादी जेनिफर और टोबी के तलाक के कुछ ही हफ्तों बाद में ही हो गई। 49 साल की जेनिफर ने शादी में स्ट्रैपलेस गाउन पहना था। वहीं, ज्योफ ब्लैक सूट और बो टाई पहने हुए नजर आए। शादी की तस्वीरों में टोबी मैग्वायर फॉर्मल कपड़ों में पादरी बनकर सेरेमनी कराते दिखाई दिए। इस दौरान न्यूली वेड कपल ने फूलों से सजे मंडप के नीचे एक-दूसरे को किस भी किया।



नखरेवाली में दिखेगी रोमांटिक कॉमेडी

मुंबई। 'तेरे इश्क में' और 'तनु वेड्स मनु रिटर्न्स' जैसी फिल्मों का निर्देशन कर चुके बॉलीवुड के जाने-माने निर्देशक आनंद एल राय की नई फिल्म 'नखरेवाली' की रिलीज डेट का ऐलान हो गया है। खास बात यह है कि इस बार फिल्म को राहुल शंकल्या ने डायरेक्ट किया है। वहीं, जियो स्टूडियोज, आनंद एल. राय और हिमांशु शर्मा फिल्म के निर्माता हैं। जबकि इसकी कहानी दिव्य निधि शर्मा ने लिखी है। रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'नखरेवाली' 30 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। यह फिल्म प्यार, रिश्तों और महिला-पुरुष की भूमिकाओं को एक नए अंदाज में पेश करने का वादा करती है। फिल्म के पोस्टर पर एक टैगलाइन लिखी है, 'कभी-कभी प्यार में मजनू को भी लैला बनना पड़ता है', जो रिश्तों के पारंपरिक तौर-तरीकों में एक मजेदार बदलाव की तरफ इशारा करती है।



अर्जुन नागा की शूटिंग में व्यस्त रामपाल

मुंबई। अभिनेता अर्जुन रामपाल इन दिनों अपनी फिल्म 'अर्जुन नागा' की शूटिंग में व्यस्त हैं। एक्टर ने फिल्म की बीटीएस तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं। इसके साथ निर्देशक अनिल शर्मा ने भी इस भी फिल्म से जुड़ा पोस्ट साझा किया। अर्जुन रामपाल ने सोमवार को अपनी आगामी फिल्म 'अर्जुन नागा' के सेट से एक तस्वीर साझा की। इतना ही नहीं उन्होंने इसके साथ कैप्शन में लिखा, 'पहले दिन की शूटिंग शुरू हो रही है, अनिल शर्मा के निर्देशन में। अर्जुन नागा के लिए हमें अपना आशीर्वाद दें। हम दोनों में उत्कर्ष शर्मा भी हैं। यह एक शानदार सफर होने वाला है।' फिल्म के निर्देशक अनिल शर्मा ने भी फिल्म 'अर्जुन नागा' के बारे में सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। उन्होंने फिल्म की शूटिंग का एक वीडियो पोस्ट किया।

टीवी मसाला

छह साल बाद अभिनय की दुनिया में लौटने को तैयार

नई दिल्ली। अभिनेत्री बिपाशा बसु लंबे अंतराल के बाद एक बार फिर एक्टिंग का जादू बिखेरती नजर आएंगी। उनके हाथ एक वेब सीरीज लगी है। इसकी शूटिंग शुरू हो गई है। बिपाशा बसु बिटिया देवी के जन्म के बाद से एक्टिंग से दूर हैं। मगर, उनके फैंस के लिए खुशखबरी है। अभिनेत्री करीब छह साल बाद अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेरने को तैयार हैं। वे हंसल मेहता की वेब सीरीज से जुड़ी हैं, जिसकी शूटिंग शुरू हो चुकी है। बिपाशा बसु मशहूर फिल्ममेकर हंसल मेहता की नई सीरीज में एक अहम रोल में नजर आएंगी। अभी तक इस शो के बारे में अधिक जानकारी सामने नहीं आई है। फिलहाल, बस इतना पता चला है कि सनी कौशल और विशाल जेठवा भी इस शो में बिपाशा के साथ नजर आएंगे। सीरीज का नाम अभी तय नहीं है। हंसल मेहता की इस अनटाइटल्ड सीरीज को कश्यप कपूर और राघव राज कक्कड़ ने लिखा है। इसे 'ऑलमाइटी मोशन पिक्चर्स प्रोडक्शंस' के बैनर तले प्रमलीन संधू ने प्रोड्यूस किया है। इस प्रोजेक्ट की शूटिंग पहले ही शुरू हो चुकी है। यह शो प्राइम वीडियो पर आएगा। इसकी कहानी एक छोटे से, गुमनाम शहर की है, जो महाद्वीप की हेरोइन राजधानी बनने की कगार पर है। इसमें सनी कौशल एक ईमानदार पुलिस वाले का किरदार निभा रहे हैं, जो अपनी ईमानदारी और इंसानियत को बचाने की कोशिश करते हुए सिस्टम के अंदर और बाहर की ताकतवर ताकतों से लड़ते हैं'। इस सीरीज के जरिए बिपाशा बसु अपनी बेटी देवी के जन्म के बाद लंबे ब्रेक के बाद एक्टिंग में वापसी कर रही हैं।



दो दिन में बिग बॉस से बाहर हुए नकुल

नई दिल्ली। बिग बॉस 20' में हाल ही में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर नकुल दुल की वाइल्ड कार्ड एंट्री हुई थी। मगर उनका सफर घर में एक हफ्ते भी नहीं चल सका। सोशल मीडिया पर दावा किया जा रहा है कि उन्हें दो ही दिन में बेघर कर दिया गया है। सोशल मीडिया पर चल रही खबरों के अनुसार उन्होंने बिग बॉस का एक सख्त नियम तोड़ा है। नकुल दुल 'बिग बॉस 20' को घर से बेघर कर दिया गया है। एक्स हैंडल 'बिग बॉस तक' के मुताबिक नकुल के घर में दाखिल होने के दूसरे दिन ही उनका एविक्शन हो चुका है। इस रिपोर्ट के मुताबिक नकुल जिन्हें 'मिट्ठू डॉन' के नाम से भी जाना जाता है उनका झगड़ा घर के पुराने प्रतिभागी गुल्लू से हो गया। इसके बाद दोनों में जमकर हाथापाई हो गई। बिग बॉस के मुख्य नियम को तोड़ने के लिए कथित तौर पर नकुल दुल को बाहर कर दिया गया। इस रिपोर्ट में बताया गया कि नकुल और काजी तौकीर आपस में बात कर रहे थे। इस दौरान काजी, स्काउट का मजाक उड़ाने लगे। यह बात नकुल को पसंद नहीं आई। इसके बाद नकुल और स्काउट की काजी से बहस हो गई। वहां मौजूद गुल्लू ने इस मामले को शांत कराने की कोशिश की तो नकुल नाराज हो गए।

देवराहा बाबा की कहानी बड़े पर्दे पर 'मचान बाबा' का पोस्टर रिलीज

नई दिल्ली। भारतीय आध्यात्मिक परंपरा और संतों के जीवन से जुड़ी कहानियां इन दिनों सिनेमा में नई जगह बना रही हैं। नीब करौरी बाबा से प्रेरित फिल्म 'हनुमान अंश' की सफलता के बाद अब देश के सबसे रहस्यमयी संतों में गिने जाने वाले देवराहा बाबा की कहानी बड़े पर्दे पर आने जा रही है। फिल्म का नाम 'मचान बाबा' है। मेकर्स ने इसका टाइटल पोस्टर जारी कर दिया है। फिल्म फिलहाल रिसर्च और प्री-प्रोडक्शन के दौर में है और इसे 2027 में रिलीज करने की तैयारी है। देवराहा बाबा की पहचान उनके मचान से जुड़ी थी। वह नदी किनारे जमीन से कई फीट ऊपर बने मचान पर रहते और वहीं से श्रद्धालुओं से मिलते थे। लेकिन उनकी जिंदगी का सबसे बड़ा रहस्य उनकी उम्र को लेकर रहा। बाबा कितने वर्ष जीवित रहे, इसे लेकर अलग-अलग दावे और जनश्रुतियां मौजूद हैं। लेखक अभिजीत सेन ने भी अपनी पुस्तक में देवराहा बाबा की असाधारण दीर्घायु से जुड़े विभिन्न विवरणों और स्मृतियों की पड़ताल की है। कुछ कथाओं में उनकी आयु 500 वर्ष से भी अधिक होने तक के दावे किए गए हैं, हालांकि इसका कोई सर्वमान्य ऐतिहासिक प्रमाण उपलब्ध नहीं है। देवराहा बाबा के बारे में सबसे दिलचस्प बात यह भी है कि उनके साथ अलग-अलग दौर की कई बड़ी राजनीतिक हस्तियों के प्रसंग जुड़े हैं। ब्रिटिश सम्राट जॉर्ज पंचम की 1911 में बाबा से मुलाकात का दावा पुराने विवरणों में मिलता है। 2009 में संसद में हुई चर्चा के दौरान भी इस प्रसंग का उल्लेख किया गया था। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की देवराहा बाबा से मुलाकात और उनके आशीर्वाद से जुड़ी कहानी भी काफी चर्चित रही है। इसी तरह 1989 में राम मंदिर शिलान्यास से पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की बाबा से हुई मुलाकात का उल्लेख विभिन्न संस्मरणों में मिलता है।



'गणेशः डस्ट टू स्टारडस्ट' में दिखेगी कोरियोग्राफर की जिंदगी की कहानी

नई दिल्ली। कोरियोग्राफर-फिल्ममेकर गणेश आचार्य ने रविवार को अपनी आने वाली फिल्म 'गणेश डस्ट टू स्टारडस्ट' का ट्रेलर जारी किया। यह एक बायोग्राफिकल ड्रामा है जो एक साधारण शुरुआत से लेकर हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के जाने-माने कोरियोग्राफर बनने तक के उनके सफर को दिखाता है। आचार्य द्वारा लिखी और निर्देशित यह फिल्म, सिनेमा की दुनिया में अपनी पहचान बनाने के उनके सपने को पूरा करने के दौरान किए गए संघर्ष, त्याग और दृढ़ संकल्प की कहानी है। यह फिल्म इंडस्ट्री में उनके आगे बढ़ने के सफर को दिखाती है और उन चुनौतियों को भी उजागर करती है जिनका उन्होंने रास्ते में सामना किया। गणेश आचार्य की जिंदगी पर बनी फिल्म का ट्रेलर काफी दमदार और इमोशनल है। अक्षय कुमार और अजय देवगन ने भी इस ट्रेलर को अपने-अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। ट्रेलर में उनके संघर्ष, मेहनत और सफलता की कहानी को दिखाया गया है। जिसमें कम उम्र में उनके पिता का निधन, आर्थिक तंगी, कम उम्र में कमाई और फिर 12 साल की उम्र में डांस की फील्ड में करियर बनाने की जिद दिखाई गई है। दर्शकों को ट्रेलर काफी पसंद आ रहा है। ट्रेलर कोरियोग्राफर के पर्सनल और प्रोफेशनल सफर की एक झलक दिखाता है, जिसमें डांस और भावुक पल कहानी का अहम हिस्सा हैं। शिवांशु सोनी, आलोक शॉ, सुकन्या कलान और साक्षी पावस्कर अभिनीत यह फिल्म 11 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। आचार्य ने एक बयान में कहा, 'मेरा हमेशा से मानना रहा है कि हर किसी को सपने देखने का अधिकार है, लेकिन सिर्फ सपने देखने से वे सच नहीं होते। आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ती है, त्याग करना पड़ता है और आगे बढ़ते रहना पड़ता है, चाहे सफर कितना भी मुश्किल क्यों न हो। 'गणेश डस्ट टू स्टारडस्ट' के जरिए हमने इसी भावना को जीवंत करने की कोशिश की है'।



मनोरंजन के शौकीनों के लिए खास रहेगा यह सप्ताह

ओटीटी पर दस्तक देंगी ये धमाकेदार फिल्में और सीरीज

नई दिल्ली। नए सप्ताह के साथ नई फिल्मों और सीरीज का इंतजार भी शुरू हो जाता है। थिएटर्स में यामी गौतम की नई नवेली और राजकुमार राव की प्रहार आएंगी। वहीं, ओटीटी पर भी मनोरंजन की अच्छी डोज मिलने वाली है।



द ट्रैप : यह जर्मन साइकोलॉजिकल थ्रिलर सीरीज है। छह एपिसोड की लिमिटेड सीरीज 13 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। यह सीरीज लेखिका मेलानी राबे के बेस्टसेलिंग उपन्यास पर आधारित है। लेखिका अपनी बहन की हत्या के बाद पिछले 10 वर्षों से घर से बाहर नहीं निकली है। एक दिन उसे टीवी पर एक ऐसा शख्स दिखाई देता है, जिसे देखकर उसे लगता है कि वही उसकी बहन का हत्यारा है। वह सच्चाई सामने लाने के लिए एक जोखिम भरी योजना बनाती है।

कॉफी विद करण सीजन 9 : निर्माता-निर्देशक का चर्चित शो 'कॉफी विद करण' का नौवां सीजन इस वीक रिलीज होगा। यह सीजन आखिरी भी है। यह सेलिब्रिटी टॉक शो है। इसमें करण जौहर इंडस्ट्री के सितारों के साथ दिलचस्प बातें करते हैं और कई अनसुने किस्से बाहर आते हैं। 14 अक्टूबर से 'कॉफी विद करण सीजन 9' को दर्शक जियो हॉटस्टार पर देख सकेंगे।

विजन क्वेस्ट : यह मार्वल की सुपरहीरो एक्शन सीरीज है। दर्शक इसे 14 अक्टूबर 2026 से जियोहॉटस्टार पर देख सकते हैं। हालांकि, स्पष्ट कर दें कि 14 अक्टूबर को इसका पहला और दूसरा एपिसोड स्ट्रीम होगा। यह सीरीज हिंदी, अंग्रेजी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में उपलब्ध होगी।

सैक्रिफाइस : यह एक डार्क कॉमेडी थ्रिलर फिल्म है। इसमें क्रिस इवांस, अन्या टेलर-जॉय और सलमा हायेक अहम भूमिकाओं में हैं। इसे 16 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर देखा जा सकता है।

लव इन डिस्गाइज : अगर के-ड्रामा में दिलचस्पी है तो इसे देख सकते हैं। यह एक रोमांटिक थ्रिलर ड्रामा है। इम सिवान, सियोल इन आह, किम जंग ह्यून और येनवू अभिनीत 'लव इन डिस्गाइज' 19 अक्टूबर से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

इंडियन आइडियल लीजेंड्स रिटर्न

चर्चित सिंगिंग रियलिटी शो के पिछले सीजन के मशहूर सिंगर्स इसमें नजर आएंगे जो सिंगिंग मुकाबले में हिस्सा लेंगे। इस शो के जज होंगे हिमेश रेशमिया। वहीं, अभिजीत सावंत, सलमान अली समेत कई पूर्व प्रतियोगी इस शो में नजर आएंगे। इसका प्रीमियर एपिसोड 17 अक्टूबर को आएगा। वहीं, हर शनिवार और रविवार को रात आठ बजे यह शो प्रसारित होगा। इसे सोनी पर देख सकेंगे।

जुआ खिलाने वाली समितियां होंगी चिह्नित, जिला प्रशासन की अनुमति पर लग सकता है प्रतिबंध, धार्मिक आयोजनों की आड़ में अवैध गतिविधियों पर पुलिस सख्त

दुर्गा पंडालों में जुआ मिला तो अगले साल नहीं मिलेगी प्रतिमा स्थापना की अनुमति

शुभम् शुक्ला

जबलपुर। दुर्गा उत्सव की आड़ में जुआ खिलाने वालों के खिलाफ अब पुलिस सख्त रुख अपनाने की तैयारी में है। जिन दुर्गा पंडालों में जुआ खेलते या खिलाते हुए लोग पकड़े जाएंगे, उन पंडालों की आयोजक समितियों को चिह्नित किया जाएगा। ऐसी समितियों को अगले वर्ष दुर्गा प्रतिमा स्थापना की अनुमति नहीं दिए जाने के लिए जिला प्रशासन को प्रस्ताव भेजा जा सकता है। पुलिस के इस सख्त रुख का उद्देश्य धार्मिक आयोजनों की गरिमा बनाए रखने के साथ ही इनके नाम पर होने वाली अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाना है।

धार्मिक आयोजन की आड़ में मनमानी बर्दाश्त नहीं

नवरात्र के दौरान शहर में जगह-जगह दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित की जाती हैं। इन आयोजनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं और पूरा वातावरण भक्तिमय रहता है। हालांकि, कुछ स्थानों पर धार्मिक आयोजन की आड़ में जुआ जैसी गतिविधियां संचालित होने की शिकायतें सामने आती हैं। इससे न केवल उत्सव की मर्यादा प्रभावित होती है, बल्कि आयोजन समितियों की भूमिका पर भी सवाल खड़े होते हैं।



आयोजकों को बरतनी होगी चौकसी

पुलिस की इस पहल से आयोजन समितियों पर अपने पंडालों में निगरानी रखने और अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए चौकसी रखनी होगी। हालांकि अगले वर्ष अनुमति नहीं देने का निर्णय जिला प्रशासन द्वारा नियमानुसार तथ्यों और संबंधित समिति की भूमिका की समीक्षा के बाद ही लिया जाना चाहिए।

आस्था के मंच पर अवैध गतिविधियों के लिए जगह नहीं

पुलिस की सख्ती का संदेश साफ है धार्मिक आयोजनों को अवैध गतिविधियों का माध्यम नहीं बनने दिया जाएगा। अब निगाह इस बात पर रहेगी कि कार्रवाई केवल जुआ खेलने वालों तक सीमित रहती है या आयोजन स्थलों की जवाबदेही भी तय होती है। नवरात्र की आस्था और उत्सव की पवित्रता बनाए रखने के लिए आयोजक समितियों की जिम्मेदारी तय करना जरूरी है।

67,450 नकद, आठ मोबाइल और तीन वाहन जब्त, पुलिस कप्तान के निर्देश पर चार थानों की संयुक्त कार्रवाई

दुर्गा पंडाल के पास जुए के फड़ पर पुलिस का छापा, नौ गिरफ्तार

हरिभूमि, जबलपुर।

दुर्गा उत्सव के दौरान झंडा चौक स्थित दुर्गा पंडाल के पास चल रहे जुए के फड़ पर पुलिस ने दबिश देकर नौ जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। कार्रवाई में 67,450 नकद, आठ मोबाइल फोन, ताश के पत्ते और एक कार सहित तीन वाहन जब्त किए गए हैं। पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय को को मुखबिर से सूचना मिली थी कि झंडा चौक के पास कुछ लोग हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। निर्देश पर एएसपी सिटी डॉ. आयुष जाखड़ और सीएसपी शुभम सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में ओमती, सिविल लाइन, हनुमानताल और घमापुर थानों की टीम ने योजनाबद्ध तरीके से छापा मारा। मौके से सौरभ केवट, निखिल सोनी, मोंटल पासी, लल्ला उर्फ सचिन अहिरवार, सुरजीत सिंह, अशोक प्रजापति, सिद्धार्थ सोंधा, जय चौहान और ताज बेग को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने कार क्रमांक एमपी 20 एक्सबी 1067 तथा दोपहिया वाहन क्रमांक एमपी 20



जेडएन 8052 और एमपी 20 एक्सएच 3761 भी जब्त किए हैं। आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट की धारा 13 के तहत कार्रवाई की गई। कार्रवाई में चारों थानों के अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहनीय भूमिका रही।

1 सप्ताह में कराना होगा परीक्षण; लापरवाही पर होगी दंडात्मक कार्रवाई

निजी एंबुलेंसों का 108 की तर्ज पर पंजीयन और नियमित ऑडिट अनिवार्य

जबलपुर। जिले में संचालित निजी एंबुलेंसों की सुविधाओं और कार्यप्रणाली में लापरवाही की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए स्वास्थ्य विभाग ने सख्त कदम उठाया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवीन कोठारी ने जिले के सभी निजी एंबुलेंस संचालकों को अपनी एंबुलेंस का निर्धारित मापदंडों के आधार पर पंजीयन कराने और नियमित ऑडिट करवाने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए संचालकों को एक सप्ताह का समय दिया गया है।

सीएमएचओ के आदेश के अनुसार, सभी निजी एंबुलेंस मालिकों और संचालकों को अपनी एंबुलेंस का परीक्षण कराने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में उपस्थित होना होगा। एंबुलेंस में उपलब्ध सुविधाओं की जांच 108 एंबुलेंस के निर्धारित मानकों के अनुरूप की जाएगी। इसके तहत एंबुलेंस को एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट (एएलएस) और बेसिक लाइफ सपोर्ट (बीएलएस) श्रेणियों के आधार पर जांचकर पंजीकृत किया जाएगा।

सुविधाओं में मिली खामियां

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, निजी एंबुलेंसों में कई बार आवश्यक जीवनरक्षक सुविधाओं की कमी सामने आती है। कुछ एंबुलेंसों में ऑक्सीजन उपलब्ध नहीं होती या ऑक्सीजन सिलेंडर जरूरत के समय उपयोग के लिए तैयार नहीं रहते। वहीं, कुछ मामलों में वेंटिलेटर के क्रियाशील नहीं होने और उसे संचालित करने वाले डॉक्टरों एवं तकनीशियनों के पर्याप्त प्रशिक्षित या योग्य नहीं होने की शिकायतें भी मिली हैं। ऐसी कमियां आपातकालीन स्थिति में मरीजों की जान के लिए गंभीर खतरा बन सकती हैं। इसी को देखते हुए विभाग ने निजी एंबुलेंसों की सुविधाओं की जांच और मानकों के पालन को अनिवार्य किया है।

हर महीने कराना होगा ऑडिट

जिस प्रकार 108 एंबुलेंसों का उनकी निर्धारित श्रेणियों के अनुसार नियमित मासिक ऑडिट किया जाता है, उसी तरह निजी एंबुलेंसों का भी नियमित ऑडिट कराया जाएगा। इससे यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि एंबुलेंस में उपलब्ध जीवनरक्षक उपकरण सही स्थिति में हैं और जरूरत पड़ने पर मरीजों को समय पर आवश्यक चिकित्सा सहायता मिल सके। सीएमएचओ डॉ. नवीन कोठारी ने सभी निजी एंबुलेंस संचालकों को एक सप्ताह के भीतर अपनी एंबुलेंस का परीक्षण, ऑडिट और पंजीयन कराने के निर्देश दिए हैं। आदेश का पालन नहीं करने वाले संचालकों के विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

जनगणना 2027 के द्वितीय चरण के लिए अधिकारियों का दिया गया दो दिवसीय प्रशिक्षण

जबलपुर। जनगणना 2027 के द्वितीय चरण में जनसंख्या गणना का कार्य समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए नगर निगम के जोनल अधिकारियों और जिले के नगरीय निकायों के चार्ज अधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण मुख्य जनगणना अधिकारी एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार हुआ। प्रशिक्षण में सहायक निदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय भोपाल सुधीर कुमार, जनगणना प्रभारी जबलपुर मनोज नाथानी तथा नगर जनगणना अधिकारी मनोज श्रीवास्तव सहित विभिन्न नगरीय निकायों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। नगर निगम के संभाग 1 से 16 तक के जोनल चार्ज अधिकारी भी शामिल हुए। प्रशिक्षण में जनगणना प्रक्रिया, अधिकारियों के दायित्व, मोबाइल एप्लीकेशन, डाटा की गुणवत्ता, प्रगति की निगरानी, रिपोर्टिंग एवं तकनीकी व्यवस्थाओं की जानकारी दी गई। जनगणना कार्य के प्रभावी पर्यवेक्षण और विभिन्न स्तरों पर बेहतर समन्वय पर भी जोर दिया गया। जनसंख्या गणना का कार्य निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार फरवरी 2027 में किया जाना है। प्रशिक्षण का उद्देश्य अधिकारियों को इसके लिए तैयार करना और कार्य का समय पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है।

केंट बोर्ड के स्कूल परिसर से लगे गोदाम में अचानक भड़की आग

जबलपुर। सुरक्षा संस्थान सीओडी-करौंदी मार्ग पर सोमवार सुबह लगभग 8.30 बजे केंद्रीय आयुध भंडार गृह (सीओडी) से महज कुछ ही मीटर की दूरी पर स्थित टैगोर पब्लिक स्कूल परिसर से सटे एक गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई। बताया जाता है कि कैंट बोर्ड द्वारा संचालित इस विद्यालय में करीब 750 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। रोज की तरह सोमवार की सुबह 9 बजे बच्चे विद्यालय पहुंचने वाले थे। लिहाजा गंभीर खतरे को देखते हुए पूर्व कैंट बोर्ड सदस्य रंजीत यादव ने तत्काल स्थानीय नागरिकों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास करने के साथ ही नगर निगम एवं रक्षा प्रतिष्ठान सीओडी के अग्निशमन दस्तों को सूचना दी। सूचना मिलते ही दोनों निकायों के दमकल वाहन तुरंत घटना स्थल पर पहुंचे और कुछ देर की मशक्कत के बाद आग को काबू में कर लिया। स्थानीय लोगों के मुताबिक गोदाम की दीवार से विद्यालय की सीमा सटी थी और पास में ही सैन्य डिपो की बाउंड्री वॉल भी लगी हुई थी। समय पर अग्निशामक वाहनों के आने तथा सामूहिक प्रयासों से एक बड़ा हादसा टल गया।

कोरियर की एपीके फाइल डाउनलोड करते ही मोबाइल हैक, 46 हजार रुपए उड़ाए

जबलपुर। साइबर ठगों ने कोरियर सेवा की एपीके फाइल के जरिए गढ़ा निवासी एक सेवानिवृत्त अधिकारी को निशाना बनाकर उनके बैंक खाते और क्रेडिट कार्ड से 46 हजार 996 रुपये की धोखाधड़ी कर ली। पीड़ित की शिकायत पर गढ़ा थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) और 319(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, प्रेमनगर मदनमहल, गढ़ा निवासी 64 वर्षीय सुरेश कुमार खत्री जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र से सेवानिवृत्त हैं। उनका एक्सिस बैंक का नया एटीएम कार्ड आना था, लेकिन करीब 10 दिन तक कार्ड नहीं मिलने पर वह बैंक की मदनमहल शाखा पहुंचे। वहां अधिकारियों ने बताया कि एटीएम कार्ड 15 सितंबर 2026 को ही प्राप्त हो चुका है। खत्री ने कार्ड नहीं मिलने की बात कही तो उन्हें डाकघर से संपर्क करने की सलाह दी गई। हालांकि, डाकघर में भी उन्हें कोई जानकारी नहीं मिल सकी। इसके बाद 16 सितंबर को उन्होंने अपने मोबाइल पर कोरियर सेवा या डाकघर से संबंधित ऐप तलाशा। इसी दौरान एक अज्ञात मोबाइल नंबर से उन्हें व्हाट्सएप पर कोरियर सेवा की एपीके फाइल भेजी गई, जिसे उन्होंने डाउनलोड कर लिया। इसके बाद उनके मोबाइल का दुरुपयोग कर बैंक खाते और क्रेडिट कार्ड से रकम निकाल ली गई।

दो बैंकों से निकाली गई रकम

पीड़ित के मुताबिक, 3 अक्टूबर 2026 को उनके एक्सिस बैंक खाते से पांच अलग-अलग लेनदेन में कुल 29,996.18 रुपये और भारतीय स्टेट बैंक के क्रेडिट कार्ड से आठ लेनदेन में कुल 16,999.96 रुपये निकाले गए। इस तरह दोनों बैंकों से कुल 46,996.14 रुपये की धोखाधड़ी हुई। रकम कटने की जानकारी मिलने पर पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की। गढ़ा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि एपीके फाइल के जरिए मोबाइल तक पहुंच बनाकर ठगी को किस तरह अंजाम दिया गया।

भाजपा महिला मोर्चा ने कांग्रेस सांसद के खिलाफ किया प्रदर्शन, पुतला दहन

जबलपुर। भाजपा महिला मोर्चा जबलपुर महानगर ने मालवीय चौक पर कांग्रेस सांसद बिमोल अकोइजम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर पुतला दहन किया। प्रदर्शनकारियों ने महिलाओं से जुड़े कथित उत्पीड़न के आरोपों की निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने कांग्रेस पर महिलाओं से जुड़े मामलों में चुप्पी साधने का आरोप लगाया। महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष आत्मिका सिंह ने कहा कि महिलाओं के शोषण से संबंधित आरोपों को गंभीरता से लेकर उचित कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने मामले में जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग की। प्रदर्शन में महिला मोर्चा ग्रामीण अध्यक्ष रश्मि बादल, अंजू मार्गव, कोषाध्यक्ष अर्चना अग्रवाल, रजनी यादव, प्रीति बाजपेई, दुर्गा उपाध्याय, सोनिया सिंह एवं अंशुल राघवेंद्र यादव सहित महिला मोर्चा की पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

गुम इंसान खोजने भोपाल जा रही माढ़ोताल पुलिस दुर्घटना का शिकार

सड़क पर बैठे मवेशी से टकराकर अनियंत्रित हुई इनोवा महिला प्रधान आरक्षक के सिर में गंभीर चोट, चालक का पैर टूटा

जबलपुर। गुम इंसान की तलाश में भोपाल जा रही माढ़ोताल थाना पुलिस की टीम सोमवार को नरसिंहपुर जिले में सड़क हादसे का शिकार हो गई। सुआतला थाना क्षेत्र के ग्राम बंधी के पास सड़क पर बैठे मवेशी को भारी वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद मवेशी उछलकर पुलिस टीम की इनोवा कार के सामने आ गया, जिससे चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। हादसे में महिला प्रधान आरक्षक रुहिता और चालक हर्ष यादव घायल हो गए। महिला प्रधान आरक्षक के सिर में गंभीर चोट आई है, जबकि चालक का पैर टूट गया।

मवेशी के अचानक सामने आने से बिगड़ा संतुलन- जानकारी के अनुसार, माढ़ोताल थाने में पदस्थ एएसआई अशोक राय, महिला प्रधान आरक्षक रुहिता, महिला आरक्षक देविका नंदन और चालक हर्ष यादव इनोवा कार क्रमांक एमपी 07 टीए 1454 से गुम इंसान की तलाश में भोपाल जा रहे थे। इसी दौरान सुआतला थाना क्षेत्र के ग्राम बंधी के पास विपरीत दिशा से आ रहे एक भारी वाहन ने सड़क पर बैठे मवेशी को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से मवेशी उछलकर पुलिस की इनोवा के सामने आ गया। अचानक सामने आए मवेशी के कारण चालक वाहन संभाल नहीं पाया और हादसा हो गया।

घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया- घटना में महिला प्रधान आरक्षक रुहिता के सिर में गंभीर चोट आई, जबकि चालक हर्ष यादव का पैर टूट गया। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस सक्रिय हुई। सुआतला टीआई कोमल सिंह बागरी ने बताया कि दोनों घायलों को तत्काल उपचार के लिए नरसिंहपुर रवाना किया गया। हादसे के बाद पुलिस टीम के अन्य सदस्यों की स्थिति को लेकर भी जानकारी जुटाई गई।

गांजा तस्करी में 5 आरोपी गिरफ्तार

जबलपुर। क्राइम ब्रांच तथा लार्डगंज और तिलवारा पुलिस की संयुक्त टीम ने गांजा तस्करी के दो अलग-अलग मामलों में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर कुल 15 किलो 217 ग्राम गांजा जब्त किया है। जब्त मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत 7 लाख 60 हजार 850 रुपये बताई गई है। पुलिस ने दोनों मामलों में एनडीपीएस अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।लार्डगंज थाना क्षेत्र में 11 अक्टूबर को गश्त के दौरान क्राइम ब्रांच और लार्डगंज पुलिस की टीम को भूलन बस्ती में रेलवे पटरी के किनारे मंदिर के पास तीन युवक पीठ पर बैग टांगे बैठे दिखाई दिए। पुलिस को देखकर तीनों भागने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम 25 वर्षीय निखिल मांझी, 20 वर्षीय प्रकाश उर्फ छोटू रजक और 19 वर्षीय समीर बर्मन बताए।

मानव अधिकार आयोग ने नगर निगम आयुक्त से एक सप्ताह में मांगा प्रतिवेदन

चेरीताल में क्षतिग्रस्त नाला बना मौत का कुआं, 1 साल से मरम्मत का इंतजार

जबलपुर। शहर के चेरीताल क्षेत्र में सड़क किनारे स्थित पक्के नाले का स्लैब करीब एक साल से क्षतिग्रस्त पड़ा है। लंबे समय से मरम्मत नहीं होने के कारण यह नाला हादसों को न्योता दे रहा है। स्थिति यह है कि नाले में गिरने से एक व्यक्ति की जान भी जा चुकी है। इसके बावजूद मौके पर न तो बैरिकेडिंग की गई है और न ही लोगों को सतर्क करने के लिए चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं। ऐसे में यहां से गुजरने वाले राहगीरों और पैदल स्कूल जाने वाले बच्चों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार, चेरीताल में सड़क किनारे बने पक्के नाले पर नगर निगम ने एनएमटी का निर्माण कराया था। इसका स्लैब टूटने के बाद से ही यह हिस्सा खतरनाक बना हुआ है। खुले और क्षतिग्रस्त नाले के कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। वहीं, नाले से उठने वाली दुर्गंध और गंदगी के कारण आसपास रहने वाले नागरिकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

शिकायतों के बावजूद नहीं हुई मरम्मत

क्षेत्रीय नागरिकों का आरोप है कि क्षतिग्रस्त स्लैब की मरम्मत कराने के लिए कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन करीब एक साल बीतने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। नाले के आसपास सुरक्षा के इंतजाम नहीं होने से दुर्घटना का खतरा लगातार बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने जल्द से जल्द मरम्मत कराने और सुरक्षा के आवश्यक इंतजाम करने की मांग की है।

मानव अधिकार आयोग ने लिया संज्ञान

मामले को जनहित में संज्ञान में लेते हुए मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने इसे प्रथम दृष्टया मानव अधिकारों के उल्लंघन का मामला माना है। आयोग की मुख्यपीठ भोपाल में सुनवाई के दौरान अध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह की एकलपीठ ने नगर निगम जबलपुर के आयुक्त को मामले की जांच कराने और की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय की प्रभारी फरजाना मिर्जा ने यह जानकारी दी। अब नगर निगम की जांच और कार्रवाई पर नजर रहेगी।

कृषि नीति को किसान हितेषी बनाने सरकार पर दबाव बनाएंगे किसान

वह समय भी आये, जब किसान फक्र से कहे की मेरा बेटा भी किसान है....अब किसानों को नहीं, नीति निर्धारको को समझाने की आवश्यकता है



जबलपुर। अखिल भारतीय कृषक परिषद की बैठक में भाग लेकर लोटे भारत कृषक समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंजी. के के अग्रवाल (जबलपुर) ने एक जानकारी में बताया की... देश भर से पधारे कृषक परिषद के सदस्यों एवं किसान प्रतिनिधियों ने किसानों की समस्याओं पर चर्चा कर, केंद्र सरकार को सौपने व सरकार से चर्चा करने हेतु समस्याओ तथा मांगों का एक शिफारिस ड्राफ्ट तैयार किया। राजस्थान के जोधपुर शहर में विगत दिनों आयोजित अखिल भारतीय कृषक परिषद की 70 वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए भारत कृषक समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय वीर जाखड़ ने अपने उद्बोधन में कहा की वर्तमान कृषि नीति के कारण किसानों की स्थिति दिनों दिन से बद से बदतर हो रही है। अब समय है की देश के किसानों को मिलकर अपनी आवाज बुलंद करनी होगी। उन्होंने कहा की हम वह समय देखना चाहते जब किसान फक्र से कहे की मेरा बेटा भी किसान है। अभी लोग यह कहते हैं की मैं किसान का बेटा हूँ। अब किसानों को समझाने की नहीं, वरन नीति निर्धारको को समझाने व उन पर दबाव बनाने की जरूरत है, उन्होंने बताया की 13 नवम्बर को दिल्ली में सरकार के प्रतिनिधियों एवं नीति निर्धारको के साथ बैठक आयोजित होगी, जिसमे किसानों का पक्ष दृढता के साथ रखा जायेगा। आयोजित परिषद की बैठक में मध्य प्रदेश से उपस्थित सदस्यों द्वारा किसानों की समस्याओं पर चर्चा कर उनके निराकरण हेतु तैयार प्रस्ताव तथा कृषि नीति के लिए सुझाव का मसौदा तैयार कर अध्यक्ष को सौपा गया।

बैठक मे के के अग्रवाल, नरेन्द्र सिंह यादव, रूपेंद्र पटेल, रमेश पटेल, अविनीश ठाकुर, जितेंद्र देसी ने प्रदेश के किसानों की ओर से महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किये। तथा तथा अध्यक्ष को जिले के किसानों की ओर से मांग पत्र सौपा। इस अवसर पर जबलपुर में भारत कृषक समाज की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने पर 50 वर्षीय यात्रा विवरण पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। बैठक में जबलपुर जिले से कृषक प्रतिनिधि सुभाष चंद्रा, व्ही के पंड्या, रामगोपाल पटेल, बिहारी पटेल, राजेश पटेल, अशोक पटेल, छोटे पटेल, लक्ष्मी पटेल, महेन्द्र पटेल, अवसर पटेल आदि ने भाग लिया। बैठक का संचालन कृषक समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंजी. के के अग्रवाल ने किया।

मैहर-रीवा मार्ग पर अमरपाटन के समीप देर रात हादसा

स्कॉर्पियो की टक्कर से जबलपुर निवासी युवक समेत दो की मौत

जबलपुर। प्रदेश के मैहर-रीवा मार्ग पर राष्ट्रीय राजमार्ग-30 स्थित तमस नदी पुल पर रविवार देर रात मोटर साइकिल और स्कॉर्पियो की टक्कर में मोटर साइकिल सवार दो युवकों की मौत हो गई जिनमें से एक जबलपुर निवासी बताया जाता है। हादसे के बाद स्कॉर्पियो का चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हादसा रविवार रात करीब 10:30 बजे हुआ। बाइक सवार दोनों युवक रीवा की ओर जा रहे थे, जबकि स्कॉर्पियो रीवा से मैहर की तरफ आ रही थी। इसी दौरान तमस नदी पुल पर दोनों वाहनों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस की मदद से दोनों घायलों को सिविल अस्पताल मैहर पहुंचाया गया। यहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शवों को अस्पताल की मर्चुरी में रखवाया गया। मृतकों की पहचान शिवम बाथरे (28), पिता संतोष बाथरे, निवासी शहपुरा भिटौनी, जिला जबलपुर और सुजीत कोल (32), पिता बाबूलाल कोल, निवासी मौहारी, सेमरिया, रामपुर बघेलान, जिला सतना के रूप में हुई है।

जबलपुर के शहपुरा भिटौनी का रहने वाला शिवम अमरपाटन स्थित स्वतंत्र माइक्रो फाइनेंस में ब्रांच मैनेजर के पद पर कार्यरत था और वहां किराए के कमरे में रहता था। वह अपने परिवार का इकलौता बेटा था। 2024 में उसकी शादी हुई थी। 15 दिन पहले ही उसके घर बेटे का जन्म हुआ था। वहीं, सुजीत कोल अंबिकापुर की एक कोलियरी में सुपरवाइजर के पद पर नौकरी करता था। पांच साल पहले उसकी शादी हुई थी उसकी एक बेटी है। बताया जाता है कि शिवम छुट्टी पर अपने घर जबलपुर गया था। उसकी बाइक मैहर रेलवे स्टेशन पर खड़ी थी। जबलपुर से ट्रेन से मैहर लौटते समय उसकी मुलाकात सुजीत से हुई। दोनों की जान-पहचान हुई और इसके बाद शिवम की बाइक से दोनों मैहर से अमरपाटन की ओर जा रहे थे। इसी दौरान तमस नदी के पुल पर हादसा हो गया, जिसमें दोनों की मौत हो गई। हादसे में शामिल मोटर साइकिल का नंबर एमपी 20 एक्स 2815 और स्कॉर्पियो का नंबर यूपी 37 एफ 9818 बताया गया है।



गढ़ा रामलीला में गूंजे मंगलगीत, चारों राजकुमारों का हुआ विवाह

जबलपुर। श्री रामलीला समिति गढ़ा जबालीपुरम के सिद्ध मंच पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के विवाहोत्सव की भव्य लीला का मंचन किया गया। भगवान शिव के धनुष भंग होने के पश्चात महाराज जनक ने चक्रवर्ती सम्राट दशरथ को बारात सहित जनकपुरी आमंत्रित किया। वैदिक रीति-रिवाजों और हर्षोल्लास के बीच भगवान श्रीराम का माता सीता से, भरत का मांडवी से, लक्ष्मण का उर्मिला से तथा शत्रुघ्न का श्रुतिकीर्ति से विवाह संपन्न हुआ। चारों राजकुमारों के विवाह प्रसंग ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। विवाहोत्सव के अंतर्गत आयोजित पांव पखराई कार्यक्रम में मंत्री राकेश सिंह के अनुज श्री लेखराज सिंह 'मुन्ना भैया', स्थायी सदस्य सीताराम दुबे, डॉ. अखिलेश गुमास्ता, पार्षद प्रिया संजय तिवारी, पूजा श्रीराम पटेल एवं मंडल अध्यक्ष प्रणय गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर भगवान श्रीराम एवं माता सीता का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर श्रीमती पूजा सतीश कोष्टा ने शक्ति के अभिनयकर्ताओं को अंग वस्त्र प्रदान किए। विवाहोत्सव में कुंअर कलेवा एवं प्रसाद की विशेष व्यवस्था की गई। भजिया, जलेबी, गुजिया, दूध, खीर, फल, मिठाई एवं नमकीन सहित विभिन्न पकवानों की व्यवस्था डॉ. नीना भूपेंद्र उपाध्याय, नरेंद्र तिवारी एवं अरुण चौबे द्वारा की गई। समिति के संचालक अशोक मनोध्याय, अध्यक्ष एवं निर्देशक राजेश मिश्रा, महामंत्री एडवोकेट अरुण दीक्षित, लोकराम कोरी, रमाशंकर कटारे, राजेंद्र प्यासी, शरद दुबे कुररिया, उमाशंकर मिश्रा, हरीश मनोध्याय, नीलेश चौबे, सह-निर्देशक मोती शिवहरे, राजेश नेमा, विजय नेमा, कैलाश नेमा, प्रमोद तिवारी, दिनेश मिश्रा, इंदुलता प्यासी, अनीता मिश्रा, सुधा यादव, छाया अरुण मिश्रा, भोलाराम खत्री, विद्या केवट, पूजा कोष्टा, संजय तिवारी (चेरीताल), नीरज दुबे, हनुमंत सिंह रघुवंशी, गनपत कोष्टा, अशोक बघेल 'दादा भाई', पंकज अवस्थी, मदन गोपाल पटेल, दीपक कोष्टा, पंचम सोनी, विनायक तिवारी, देवेंद्र मनोध्याय, जितेंद्र सोनी एवं निखिल पटेरिया सहित समिति के पदाधिकारियों, स्थायी एवं आजीवन सदस्यों ने पांव पखराई कर भगवान श्रीराम का आशीर्वाद प्राप्त किया। विवाहोत्सव के उपरांत मंथरा-कैकई संवाद की रोचक लीला का मंचन हुआ। जनक, कैकई, मंथरा एवं दशरथ की भूमिकाओं में क्रमशः नितिन पटेल, राजेश परोहा, श्याम मिश्रा एवं मोती शिवहरे ने अपने सशक्त अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कलाकारों के भावपूर्ण अभिनय की उपस्थित दर्शकों ने मुक्तकंठ से सराहना की।

आज होगा राम वन गमन एवं केवट संवाद का मंचन - श्री रामलीला समिति के अनुसार, 13 अक्टूबर 2026, मंगलवार को कैकई-दशरथ संवाद, राम वन गमन, निषाद प्रसंग एवं केवट संवाद की भावपूर्ण लीलाओं का मंचन किया जाएगा।



127 वर्षों से विराजमान जबलपुर की महारानी, हो चुकी 2045 तक प्रतिमा स्थापना की बुकिंग

गढ़ा फाटक की महाकाली माता के दर्शन के लिए नवरात्रि में उमड़ते हैं हजारों श्रद्धालु, दो किलो सोने का मुकुट बनवाने की तैयारी

जबलपुर। संस्कारधानी जबलपुर की धार्मिक पहचान में गढ़ा फाटक की महाकाली माता का विशेष स्थान है। 127 वर्षों से प्रतिमा स्थापना की परंपरा से जुड़ी माता को भक्त श्रद्धापूर्वक 'जबलपुर की महारानी' कहते हैं। नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। माता के प्रति भक्तों की अटूट आस्था का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि प्रतिमा स्थापना के लिए वर्ष 2045 तक बुकिंग हो चुकी है। इसके बाद समिति ने अपने निर्णय के अनुसार बुकिंग बंद कर दी है। अब माता के भव्य स्वरूप को और आकर्षक बनाने के लिए करीब दो किलो सोने का मुकुट तैयार कराने की तैयारी की जा रही है।

आस्था और परंपरा का 127 वर्षों का सफर

जबलपुर में दुर्गोत्सव की परंपरा वर्षों पुरानी है। शहर में नवरात्रि के दौरान स्थापित होने वाली भव्य प्रतिमाएं धार्मिक आस्था के साथ सांस्कृतिक विरासत की पहचान भी हैं। गढ़ा फाटक की महाकाली माता इसी परंपरा का प्रमुख केंद्र हैं। माता की प्रतिमा के दर्शन के लिए न केवल शहर, बल्कि आसपास के क्षेत्रों से भी श्रद्धालु पहुंचते हैं। समय के साथ इस आयोजन ने व्यापक पहचान बनाई और माता को 'जबलपुर की महारानी' के रूप में ख्याति मिली।

2045 तक बुकिंग, आगे के लिए बंद

गढ़ा फाटक की महाकाली माता की प्रतिमा स्थापना को लेकर श्रद्धालुओं और आयोजकों में विशेष उत्साह रहता है। समिति के अनुसार, प्रतिमा स्थापना के लिए वर्ष 2045 तक बुकिंग हो चुकी है। इसके बाद की बुकिंग बंद करने का निर्णय लिया गया है। यह स्थिति आयोजन की लोकप्रियता और लंबे समय से चली आ रही परंपरा के प्रति लोगों के जुड़ाव को दर्शाती है।

महारानी के लिए बनेगा दो किलो सोने का मुकुट

माता के प्रति श्रद्धा को भव्य स्वरूप देने के लिए अब करीब दो किलो सोने का मुकुट तैयार कराने की योजना है। मुकुट तैयार होने के बाद माता का श्रृंगार और आकर्षक होगा। नवरात्रि में माता के दर्शन के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के बीच यह विशेष आकर्षण का केंद्र बन सकता है। गढ़ा फाटक की महाकाली माता का आयोजन धार्मिक आस्था, सामूहिक सहभागिता और जबलपुर की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक बना हुआ है।

रांझी स्थित मन्नत वाली महाकाली की प्रतिमा स्थापना 2056 तक के लिए बुक, समिति ने बंद की नई बुकिंग

जबलपुर। संस्कारधानी जबलपुर के रांझी स्थित मन्नत वाली महाकाली का दरबार श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का केंद्र है। यहां माता के प्रति भक्तों का विश्वास ऐसा है कि प्रतिमा स्थापना के लिए वर्ष 2056 तक बुकिंग हो चुकी है। बढ़ती मांग और लंबी प्रतीक्षा सूची के बीच समिति ने अब नई बुकिंग बंद कर दी है। इस दरबार की विशेषता यह है कि भक्तों की मान्यता के अनुसार, मनोकामना पूरी होने पर वे माता की प्रतिमा स्थापित कर अपनी श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। यही परंपरा इस स्थान को विशिष्ट पहचान दिलाती है।



मनोकामना पूरी होने पर स्थापित करते हैं प्रतिमा

रांझी की मन्नत वाली महाकाली के प्रति श्रद्धालुओं की आस्था केवल दर्शन और पूजा तक सीमित नहीं है। यहां भक्त माता के समक्ष अपनी मनोकामना रखते हैं और मुराद पूरी होने पर प्रतिमा स्थापित करने का संकल्प लेते हैं। श्रद्धालु इसे माता के प्रति आभार व्यक्त करने का माध्यम मानते हैं। इसी मान्यता के चलते प्रतिमा स्थापना के लिए लोगों में विशेष उत्साह रहता है। बुकिंग का वर्ष 2056 तक पहुंचना इस परंपरा से जुड़े लोगों की संख्या और इसके प्रति उनके लगाव को दर्शाता है।

मध्यप्रदेश से बाहर तक फैली ख्याति

मन्नत वाली महाकाली के प्रति आस्था का दायरा जबलपुर और मध्यप्रदेश तक सीमित नहीं है। महाराष्ट्र, गुजरात और राजस्थान सहित दूसरे राज्यों के श्रद्धालु भी यहां प्रतिमा स्थापित करने के लिए उत्सुक रहते हैं। दूर-दराज से जुड़े भक्तों के लिए माता की प्रतिमा स्थापित करना विशेष धार्मिक अवसर माना जाता है। लंबे इंतजार के बावजूद श्रद्धालुओं की रुचि इस परंपरा के प्रति उनके विश्वास को दर्शाती है।

मनोकामना पूरी होने पर प्रतिमा स्थापित करते हैं श्रद्धालु, महाराष्ट्र, गुजरात और राजस्थान तक फैली आस्था

22 साल बाद मिला श्यामा बाई वर्मा को अवसर

इस परंपरा से जुड़ी एक खास कहानी सेवानिवृत्त शिक्षिका श्यामा बाई वर्मा की भी है। उन्हें 22 साल बाद माता की प्रतिमा स्थापित करने का अवसर मिला है। लंबे इंतजार के बाद मिले इस मौके को वे अपने लिए विशेष सौभाग्य मानती हैं। उनके लिए यह अवसर केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि वर्षों से जुड़ी आस्था और संकल्प की पूर्ति से भी जुड़ा है। उनका अनुभव इस परंपरा से जुड़े श्रद्धालुओं की भावनाओं को समझने का अवसर देता है।

समिति संभालती है व्यवस्था

माता की प्रतिमा स्थापना की बुकिंग और उससे संबंधित व्यवस्था समिति के माध्यम से संचालित होती है। समिति के अनुसार, वर्ष 2056 तक बुकिंग हो चुकी है और नई बुकिंग बंद कर दी गई है। काली माता के पंडा रमेश शर्मा और कोषाध्यक्ष पंकज से इस परंपरा की शुरुआत, बुकिंग व्यवस्था और प्रतिमा स्थापना से जुड़े नियमों की विस्तृत जानकारी ली जा सकती है।

रांझी की मन्नत वाली महाकाली का दरबार इस बात का उदाहरण है कि धार्मिक परंपराएं किस तरह लोगों की आस्था और जीवन के अनुभवों से जुड़ती हैं। प्रतिमा स्थापना के लिए दशकों आगे तक पहुंची बुकिंग इस स्थान की विशिष्ट पहचान और श्रद्धालुओं के विश्वास को सामने लाती है।

पाटन में अंतरमहाविद्यालयीन पुरुष जूडो प्रतियोगिता आयोजित

पाटन। शोभा सिंह यादव शासकीय महाविद्यालय, पाटन में अंतरमहाविद्यालयीन पुरुष जूडो प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह एवं खेल भावना के साथ किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों की खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करना और शारीरिक एवं मानसिक विकास को बढ़ावा देना रहा। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजेंद्र यादव ने की। मंच संचालन डॉ. बाज़ग़ा अतहर ख़ान एवं विकास तिवारी ने किया तथा आभार प्रदर्शन सुश्री प्रीति सेन ने किया। प्रतियोगिता के संचालन में डॉ. दीपेंद्र यादव, आबिद ख़ान, भगवान सिंह, अनुराग चौबे एवं ज्ञान भूषण दुबे का योगदान रहा। आयोजन में डॉ. राम सकल पटेल, डॉ. दयाशंकर पटेल, सुनील यादव, डॉ. समीक्षा तिवारी, इंदुलता धुर्वे, वेदिका कुशराम, अंजली अहरवाल, डॉ. अमरज्योति, परशराम लोधी, राकेश श्रीवास्तव एवं रोशन यादव सहित अन्य सदस्यों की सहभागिता रही। प्राचार्य ने सभी खिलाड़ियों एवं आयोजकों को बधाई देकर बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।



नन्ही शिवान्या ने बनाया इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में स्थान, पाटन का बढ़ाया गौरव

पाटन। ग्रामीण क्षेत्र पिपरिया चंद्रभान की मात्र एक वर्ष नौ माह की नन्ही प्रतिभा शिवान्या पटेल ने विज्ञान से संबंधित 25 प्रश्नों के उत्तर लगभग पांच मिनट में देकर इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया है। उसकी इस उपलब्धि से पाटन क्षेत्र गौरवान्वित हुआ है। शिवान्या, दीपेश पटेल एवं श्रीमती गुलशन पटेल की पुत्री तथा सेवानिवृत्त शिक्षक शिवराज पटेल एवं तिलक बाई पटेल की नातिन है। शिवान्या की माता, जो बीई योग्यताधारी हैं, ने उसकी तैयारी में विशेष भूमिका निभाई। इस उपलब्धि पर मानस सत्संग परिवार, पाटन के ठा. रणधीर सिंह, सुरेंद्र सिंह, राघवेंद्र शुक्ल, घनश्याम बबेले, शिव कुमार वाजपेयी एवं गौरीशंकर तिवारी सहित अनेक लोगों ने शिवान्या एवं उसके परिवार को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।





अंतरराष्ट्रीय जैन युवक-युवती परिचय सम्मेलन के पोस्टर का हुआ विमोचन

जबलपुर। दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के तत्वावधान में 27 दिसंबर को इंदौर में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय जैन युवक-युवती परिचय सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन रविवार, 11 अक्टूबर को कंचन विहार स्थित श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में मुनि श्री 108 निष्कम्प सागर जी महाराज के सानिध्य में किया गया। कार्यक्रम में महाकौशल-विंध्य रीजन अध्यक्ष सीए मनोज जैन, सचिव हेमंत जैन, कोषाध्यक्ष सुनील घीया, अतिरिक्त महासचिव प्रदीप ममता एवं प्रवीण जैन, अंशुल शेलजा घीया, सुधीर जैन लक्ष्मी, पंकज प्रतिभा, साधना दिलीप, अजय निवेदिता, चित्रा सुनील घीया, अजय निरमा तथा बाल ब्रह्मचारी संजय कटंगा सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुनि श्री का पाद प्रक्षालन कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। समाजजनों ने कहा कि सम्मेलन जैन युवक-युवतियों को योग्य जीवनसाथी चुनने का अवसर प्रदान करेगा तथा सामाजिक एकता एवं समरसता को बढ़ावा देगा। राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी नितिन जैन एवं सुबोध कामरेड के योगदान की भी सराहना की गई।

गुरु रविदास के चबूतरे में तोड़फोड़ के मामले में कार्रवाई की मांग, बसपा ने सौंपा ज्ञापन

जबलपुर। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की जिला इकाई ने मझौली में गुरु रविदास के चबूतरे पर कथित तोड़फोड़ एवं परिसर में गंदगी फैलाने के मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में बसपा ने कथित भाजपा नेता राकेश साहू पर सरकारी भूमि पर कब्जा कर मिल संचालित करने तथा मिल की गंदगी गुरु रविदास मंदिर परिसर में फैलाने के आरोप लगाए। बसपा जोन प्रभारी शरण चौधरी ने मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की। जिला अध्यक्ष लखन अहिरवार ने बहुजन महापुरुषों एवं आदिवासी समाज के आराध्य स्थलों से जुड़े मामलों में प्रशासन से गंभीरता बरतने की अपील की। इस अवसर पर बालकिशन चौधरी, रत्नेश सिंह, ओम समद, सुरेश बंशकार, दिनेश कुशवाहा, राधेलाल रैदास, लक्ष्मण समुद्रै, अजय अहिरवार, दिनेश चौधरी, शिव प्रकाश, रामराज राम, लक्ष्मण चौधरी, राजमनी साकेत, सचिन बसकार, दयाराम, भगवान दास, महेंद्र चौधरी, सुशील सतनामी, संदीप सूर्यवंशी, राजू चौधरी, मालती चौधरी, ममता चौधरी, रानी चौधरी, लवकुश, आकाश चौधरी एवं रेवाराम अहिरवार सहित बड़ी संख्या में बसपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



मिशन नन्हे फरिश्ते: आरपीएफ ने छह वर्षीय बालक को परिजनों से मिलाया

जबलपुर। रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ), पोस्ट जबलपुर ने 11 अक्टूबर को मिशन नन्हे फरिश्ते के तहत बिछड़े छह वर्षीय बालक को सुरक्षित उसके पिता के सुपुर्द किया। जानकारी के अनुसार, प्लेटफॉर्म नंबर 6 पर निरीक्षक प्रभारी राजीव खरब को बालक अकेला मिला। उसे सुरक्षा की दृष्टि से आरपीएफ पोस्ट लाया गया, जहां उप निरीक्षक राजकुमार चंदेल ने स्नेहपूर्वक पूछताछ की। बालक द्वारा चाचा का मोबाइल नंबर दिए जाने पर परिजनों से संपर्क किया गया। सूचना मिलने पर पिता पोस्ट पहुंचे। आवश्यक सत्यापन, आधार कार्ड एवं गवाहों की उपस्थिति में बालक को सुरक्षित उनके सुपुर्द कर दिया गया। आरपीएफ की तत्परता से परिवार को अपना बच्चा वापस मिल गया। मिशन नन्हे फरिश्ते का उद्देश्य रेलवे परिसर में भटके एवं असहाय बच्चों को सुरक्षा देकर परिजनों तक पहुंचाना है। आरपीएफ ने यात्रियों से अपील की है कि किसी बच्चे को अकेला या संकट में देखकर तत्काल रेलवे सुरक्षा बल अथवा हेल्पलाइन 139 पर सूचना दें।

बम्हनी में स्थापित हुई मन्नत वाली मां महाकाली की 51 फीट ऊंची प्रतिमा

बरेला। विगत 2 वर्षों की भांति इस वर्ष भी ग्राम पंचायत बम्हनीमें मन्नत वाली मां महाकाली की 51 फीट ऊंची प्रतिमा की स्थापना की गई है। नवरात्रि की प्रथम दिवस माता रानी की घट स्थापना की गई है। इस 51 फीट ऊंची प्रतिमा की चहुं और खबर फैली हुई है। आयोजन समिति के रामेश्वर साहू ने बताया कि यह आयोजन का तीसरा वर्ष है जिसमें माता रानी की 51 फीट की प्रतिमा स्थापित की गई है इस प्रतिमा को देखने के लिए दूर-दूर से ग्रामीण जन पधार रहे हैं। आयोजन समिति ने समस्त श्रद्धालु भक्तों से माता रानी के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की गई है। 14 अक्टूबर को शाम 7:00 बजे विशाल देवी जागरण का आयोजन भी किया गया है जिसमें प्रख्यात गायिका वंदना साहू द्वारा देवी गीत और भजनों द्वारा माता रानी की स्तुति की जावेगी। आयोजन समिति के रामेश्वर साहू जनपद पंचायत उपाध्यक्ष, लखन साहू सोनू साहू सहित समस्त ग्राम वासियों ने कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।



सदर में धूमधाम से निकली भगवान श्रीराम की बारात

जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठी जनकपुरी

जबलपुर। धनुष यज्ञ रामलीला समिति, सदर बाजार द्वारा आयोजित भगवान श्रीराम की बारात का नगर भ्रमण धूमधाम से संपन्न हुआ। बारात के स्वागत में जगह-जगह मंच सजाए गए और श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर भगवान के दर्शन किए। जय श्रीराम के गगनभेदी उद्घोष से संपूर्ण सदर क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। बारात में बैंड-बाजे, दुलदुल घोड़ी, पहलवान अखाड़ा, नरेश तिवारी के नेतृत्व में वाजपेयी-तिवारी अखाड़ा, सीता जी अपनी सखियों के साथ तथा भगवान श्रीराम अपने परिवार सहित रथ पर विराजमान रहे। भगवान शिव, नंदी, राजा, मंत्री एवं सैनिकों की आकर्षक झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। 51 ब्राह्मणों ने स्वस्तिवाचन किया। महिलाओं ने भजन एवं नृत्य प्रस्तुत किए। जगह-जगह आरती और भगवान का कलेवा कराया गया। अंत में रामलीला मैदान में विधि-विधान से राम कलेवा के साथ विवाह संपन्न हुआ। स्वागत में सीताराम कुरचनिया, अभिषेक चौकसे एवं मधुर तिवारी सहित अनेक लोगों ने सहभागिता की। समिति ने बताया कि अगले दिन अयोध्या में राजा दशरथ द्वारा श्रीराम के राजतिलक की घोषणा एवं मंत्र संवाद की लीला होगी। समिति के धनंजय बाजपेयी, संदीप चौकसे, प्रकाश सोनी, प्रवीण अवस्थी, दिलीप रजक, राहुल रजक, आशीष पाठक, अभय नायडू, आकाश नायडू, सहित सदरवासियों ने श्रद्धालुओं से आगामी लीला में शामिल होने की अपील की।



पश्चिम मध्य रेल की माल ढुलाई में 6.36 प्रतिशत वृद्धि

जबलपुर। पश्चिम मध्य रेल ने चालू वित्तीय वर्ष के पहले छह महीनों में 28.84 मिलियन टन ओरिजिनेटिंग फ्रेट लोडिंग दर्ज की है। यह पिछले वर्ष की समान अवधि में दर्ज 27.12 मिलियन टन की तुलना में 6.36 प्रतिशत अधिक है।इस अवधि में जबलपुर मंडल ने 21.86 मिलियन टन, भोपाल मंडल ने 3.63 मिलियन टन और कोटा मंडल ने 3.35 मिलियन टन माल लोडिंग दर्ज की। वहीं, सितंबर 2026 में 4.28 मिलियन टन लोडिंग हुई, जो पिछले वर्ष के इसी महीने के 4.06 मिलियन टन से 5.39 प्रतिशत अधिक है। रेलवे द्वारा माल ढुलाई बढ़ाने के लिए रेल लाइनों के दोहरीकरण एवं तिहरीकरण, परिचालन दक्षता में सुधार, माल गोदामों में 24 घंटे लोडिंग-अनलोडिंग तथा गतिशक्ति कार्गो टर्मिनलों के विस्तार पर जोर दिया जा रहा है। व्यापारियों और ग्राहकों को फ्रेट प्रोत्साहन योजनाओं का लाभ देने के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं।



श्रीमती गीता सोनी- अवधपुरी कॉलोनी गौरीघाट रोड निवासी श्री प्रकाश सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती गीता सोनी (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री नितिन जायसवाल- कैलाशपुर गुप्तेश्वर निवासी श्री राजकुमार जायसयवाल के पुत्र श्री नितिन जायसवाल (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्री साहिल गोस्वामी- शिवराज सिंह चौहान नगर ललपुर रोड गौरीघाट निवासी श्री रूपेश गोस्वामी के पुत्र श्री साहिल गोस्वामी (18) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती स्नेहलता तिवारी- गुप्तेश्वर निवासी श्री बृजभूषण तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती स्नेहलता तिवारी (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्री शेषमणि नामदेव- इंद्रा नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री शेषमणि नामदेव (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री शिव कुमार गुप्ता- फूटाताल निवासी श्री शिव कुमार गुप्ता (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती मंजुलता मलिक- दुर्गा नगर भटौली गौरीघाट निवासी श्री विनोद मलिक की धर्मपत्नी श्रीमती मंजूलता मलिक (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री सुरेश चौधरी- कांचघर झंडा चौक निवासी श्री सुरेश चोधरी (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री विशाल रैकवार- लाल स्कूल के पास गढ़ाफाटक निवासी श्री कंधी लाल रैकवार के पुत्र श्री विशाल रैकवार (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री सुभाष चंद्र साहू- मढ़ाताल निवासी श्री सुभाष चंद्र साहू (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री रमेश झारिया- महानद्दा रोड मदनमहल निवासी श्री रमेश झारिया (41) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री विनोद बघेल- लकडग़ंज निवासी श्री विनोद बघेल (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती झुनिया शर्मा- अमर नगर व्हीकल रोड रांझी निवासी श्री जंग बहादुर शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती झुनिया शर्मा (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री राज बहादुर सिंह- गुप्तेश्वर निवासी श्री राज बहादुर सिंह (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्रीमती प्रेमवती- न्यू रामनगर अधारताल निवासी श्री मदन गोपाल की धर्मपत्नी श्रीमती प्रेमवती (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती निर्मला कुरील- मॉडल टाउन बिलहरी निवासी श्री कन्हैया लाल कुरील की धर्मपत्नी श्रीमती निर्मला कुरील (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उद्घाटन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति कलाम से.मी.
फिक्स साइज:- 1x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 1x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362160

चीन डॉलर को टक्कर देने का प्लान बना रहा, 1000 टन से ज्यादा सोना खरीदा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चीन इन दिनों सोने की खरीद पर जमकर पैसा खर्च कर रहा है। 2026 के पहले 8 महीनों में ही चीन ने 1,000 टन से ज्यादा सोना आयात किया। इस पर चीन ने रिकॉर्ड 158.8 अरब डॉलर खर्च किए। भारतीय रुपए में यह रकम 15 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा है।

- भारतीय रुपए में यह रकम 15 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा होती है

चीन ने पूरे 2025 में 886 टन सोना आयात किया था, लेकिन इस साल वह आठ महीनों में ही पिछले साल का आंकड़ा पार कर चुका है। इतना ही नहीं, चीन का सेंट्रल बैंक लगातार 23 महीने से सोने का रिजर्व बढ़ा रहा है। सितंबर 2026 में उसने करीब 23 टन सोना खरीदा, जो लगभग तीन साल में उसकी सबसे बड़ी मासिक खरीद बताई गई है।

चीन ने वर्ष 2026 के पहले 8 महीनों में 1000 टन से ज्यादा सोना आयात किया

चीन डॉलर व बांड पर निर्भरता घटाना चाह रहा

चीन की इस खरीद के पीछे सिर्फ सोने की कीमतों से मुनाफा कमाने की सोच नहीं है। वह अमेरिकी डॉलर और अमेरिकी सरकारी बांड पर अपनी निर्भरता घटाना चाहता है। दूसरी ओर, चीन की कमजोर प्रॉपर्टी मार्केट, शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव और बैंक जमा पर कम रिटर्न के कारण आम लोग भी सोने को निवेश के ऑप्शन के तौर पर देख रहे हैं। अब चीन के सोने के भंडार को लेकर एक और बड़ी चर्चा शुरू हो गई है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक, चीन दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा आधिकारिक गोल्ड होल्डर देश है और अगर उसकी खरीदारी इसी रफ्तार से जारी रही, तो वह इस साल फ्रांस और इटली को पीछे छोड़कर तीसरे स्थान पर पहुंच सकता है।



खरीदारों और कारोबारियों की मांग बढ़ी : चीन में सोने की मांग बढ़ने की वजह सिर्फ सेंट्रल बैंक की खरीद नहीं है। आम लोग और कंपनियां भी सोने में निवेश कर रहे हैं। इसकी एक वजह देश की अर्थव्यवस्था में बनी सुस्ती है। चीन का प्रॉपर्टी बाजार लंबे समय से दबाव में है। ऐसे में लोग सोने के गहने, सिक्के और गोल्ड बार खरीदकर अपनी बचत का कुछ हिस्सा सुरक्षित रखना चाहते हैं।

चीन के पास अमेरिकी बांड की रकम घटी

अमेरिकी ट्रेजरी के आंकड़ों के मुताबिक, जुलाई 2026 में चीन के पास अमेरिकी सरकारी बांड की रकम घटकर 618 अरब डॉलर रह गई, जो करीब 18 साल का निचला स्तर था। ऐसे में चीन की सोना खरीद को डॉलर पर निर्भरता घटाने और अपने विदेशी करेंसी रिजर्व में बदलाव करने की स्ट्रैटजी के तौर पर देखा जा रहा है।

सोना रिस्क से बचाव दे सकता है

चीन के सोना खरीदने की एक बड़ी वजह अपने विदेशी मुद्रा भंडार को अलग-अलग संपत्तियों में बांटना है। कई देश अपने भंडार का बड़ा हिस्सा अमेरिकी डॉलर और अमेरिकी सरकारी बांड में रखते हैं। लेकिन अंतरराष्ट्रीय तनाव के समय विदेशी संपत्तियों पर प्रतिबंध लगने का रिस्क भी रहता है। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिमी देशों ने रूस के सेंट्रल बैंक की कई विदेशी संपत्तियों को फ्रीज कर दिया था। इसके बाद दूसरे देशों के लिए भी अपने विदेशी भंडार की सुरक्षा एक अहम मुद्दा बन गया। अपने देश के भंडार में रखा सोना इस तरह के रिस्क से कुछ हद तक बचाव दे सकता है।

दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा गोल्ड होल्डर

द कोबेसी लेटर के आंकड़ों के मुताबिक, सितंबर 2026 तक चीन के आधिकारिक सोने का भंडार बढ़कर 2,410 टन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। इसमें सितंबर में सेंट्रल बैंक की ओर से खरीदा गया 23 टन से ज्यादा सोना भी शामिल है। फिलहाल आधिकारिक गोल्ड रिजर्व के मामले में चीन से आगे अमेरिका, जर्मनी, इटली और फ्रांस हैं। आंकड़ों के अनुसार, फ्रांस के पास करीब 2,437 टन और इटली के पास लगभग 2,452 टन सोना है। यानी चीन को फ्रांस से आगे निकलने के लिए करीब 27 टन और इटली को पीछे छोड़ने के लिए करीब 42 टन अतिरिक्त सोने की जरूरत होगी। अगर चीन का सेंट्रल बैंक इसी तरह खरीदारी जारी रखता है, तो वह 2026 के अंत तक दोनों देशों को पीछे छोड़ सकता है। ऐसा होने पर अमेरिका और जर्मनी के बाद चीन दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा आधिकारिक गोल्ड होल्डर बन जाएगा।

खबर संक्षेप

एचडीएफसी बैंक का त्योहारों के लिए विशेष अभियान



नई दिल्ली। एचडीएफसी बैंक ने अपने सालाना त्योहारी अभियान की शुरुआत करने की सोमवार को घोषणा की। इसके तहत ऋण, कार्ड, बचत और चालू खातों से जुड़ी 10,000 से अधिक पेशकश की जाएंगी, ताकि ग्राहक त्योहारों के दौरान किफायती कीमतों पर खरीदारी कर सकें।

जेटवर्क के आईपीओ का मूल्य दायरा तय



नई दिल्ली। विनिर्माण मंच जेटवर्क मैन्युफैक्चरिंग बिजनेस लिमिटेड ने अपने 5,012 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 143-151 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। प्रौद्योगिकी आधारित विनिर्माण मंच की ओर से जारी घोषणा के अनुसार, आईपीओ 15 अक्टूबर को खुलेगा और 19 अक्टूबर को बंद होगा।

रुपया 96 पैसे की छलांग के साथ 95.75 प्रति डॉलर



मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से घरेलू मुद्रा को मजबूती देने के लिए सप्ताहांत में कई कदम उठाए जाने के बाद रुपया सोमवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 96 पैसे मजबूत होकर 95.75 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। छह महीने से अधिक समय में रुपये की यह एक दिन की सबसे बड़ी बढ़त है।

एमक्योर की अनुषंगी कंपनियों को विलय की मंजूरी मिली



नई दिल्ली। दवा कंपनी एमक्योर फार्मास्युटिकल्स लि. के निदेशक मंडल ने अपनी दो पूर्ण अनुषंगी कंपनियों जुवेंटस हेल्थकेयर लि. और एमक्यूटिक्स बायोफार्मा-स्युटिकल्स लि. के मूल कंपनी में विलय की मंजूरी दे दी है। कंपनी ने सूचना में कहा कि इस विलय का उद्देश्य समूह के भीतर कंपनियों के ढांचे को व्यवस्थित करना और परिचालन दक्षता बढ़ाना है।

सहजानंद का आईपीओ 15 अक्टूबर को खुलेगा

नई दिल्ली। सहजानंद मेडिकल टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने अपने 475 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए 327-344 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। हृदय में लगाए जाने वाले 'स्टेंट' बनाने वाली कंपनी की ओर से सोमवार को जारी सार्वजनिक घोषणा के अनुसार, आईपीओ 15 अक्टूबर को खुलेगा और 19 अक्टूबर को बंद होगा। बड़े (एंकर) निवेशक 14 अक्टूबर को बोली लगा पाएंगे। यह आईपीओ पूरी तरह बिक्री पेशकश (ओएफएस) पर आधारित होगा।

यूरोप में नियमों के कारण विनिर्माण प्रतिस्पर्धी नहीं

सभी कंपनियां भारत में विनिर्माण करना पसंद करेगी

यूरोप में प्रतिस्पर्धी बने रहना काफी मुश्किल है

वाणिज्य मंत्री गोयल ने कहा, भारत बनेगा वैश्विक केंद्र

यूरोप की कार कंपनियां भारत में विनिर्माण को देंगी प्राथमिकता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि यूरोप के नियमों के कारण वहां वाहनों का विनिर्माण प्रतिस्पर्धी नहीं रह जाएगा और ऐसे में यूरोप की सभी कार कंपनियां भारत में विनिर्माण करना पसंद करेंगी। गोयल ने कहा कि भारत वैश्विक कार विनिर्माण केंद्र बनने जा रहा है।

यहां 'दिल्ली डायलॉग' कार्यक्रम में उन्होंने कहा, ''आखिरकार भारत कार विनिर्माण का वैश्विक केंद्र बनने जा रहा है। सभी कंपनियां भारत आएंगी और यहां विनिर्माण करेंगी। यूरोप में इतने अव्यावहारिक नियम हैं कि वहां प्रतिस्पर्धी बने रहना असंभव हो जाएगा। सभी यूरोपीय विनिर्माता भारत आएंगे।''

भारतीय कामगारों की मांग जर्मनी और जापान में

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जर्मनी और जापान जैसे देशों में भारतीय कामगारों की मांग है। भारत के निर्यात के बारे में गोयल ने कहा कि मंत्रालय चालू वित्त वर्ष में वस्तुओं और सेवाओं का कुल एक लाख करोड़ डॉलर का निर्यात हासिल करने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि निर्यात और आयात, दोनों बढ़ रहे हैं। इससे घरेलू उद्योग और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों को प्रोत्साहन मिलता है।





ब्रिटेन के साथ समझौता 15 जुलाई से हुआ लागू

भारत ने मुक्त व्यापार समझौतों के तहत ब्रिटेन और यूरोपीय संघ (ईयू) को कोटा आधारित शुल्क रियायतें दी हैं। ब्रिटेन के साथ समझौता 15 जुलाई से लागू हो गया था, जबकि यूरोपीय संघ के साथ समझौते पर इस साल के अंत तक हस्ताक्षर होने की संभावना है।

ईयू की कार्बन सीमा को लेकर जताई चिंता

मंत्री ने यूरोपीय संघ के किसी नियम का विस्तार से उल्लेख नहीं किया। हालांकि, भारत और कुछ अन्य देशों ने ईयू की कार्बन सीमा समायोजन व्यवस्था (सीबीएएम) को लेकर चिंता जताई है। गोयल ने कहा कि जैसे-जैसे भारतीय बाजार में मांग का स्तर विनिर्माण को व्यावहारिक रूप से संभव बनाने लायक होगा, वैसे-वैसे अंतरराष्ट्रीय वाहन कंपनियां भारत में अधिक विनिर्माण करेंगी।

आयात के लिए महंगी कारों को शामिल किया गया

ब्रिटेन और यूरोपीय संघ (ईयू) से कारों के आयात के लिए तय कोटा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इसके तहत मुख्य रूप से महंगी कारों को शामिल किया गया है, जबकि कम कीमत वाली कार का खंड को अभी नहीं खोला गया है। शुरुआत में भारतीय बाजार की संभावनाएं परखने के बाद पुणे में विनिर्माण संयंत्र स्थापित किए।

टाटा जगुआर खरीदने के बाद मुश्किल में पड़ गई थी

गोयल ने कहा, ''मुझे नहीं पता कि आप इस बारे में जानते हैं या नहीं। टाटा को जगुआर खरीदने के बाद काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा था। टाटा मोटर्स खुद भी बंद होने की कगार पर पहुंच गई थी। इसके बाद कंपनी ने बड़े पैमाने पर इंजीनियरिंग में बदलाव किए और कुछ मॉडल भारत में बनाने शुरू किए... कई साल बाद आखिरकार वह मुनाफा कमाने में सफल हुई।''

वोल्वो भारत में प्लग इन हाइब्रिड वाहन करेगी पेश



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्वीडन की वाहन विनिर्माता कंपनी वोल्वो भारत में प्लग-इन हाइब्रिड वाहन पेश करने की संभावनाएं तलाश रही है, लेकिन ऊंची कर दरों के कारण उसे इन वाहनोंकी कीमत प्रतिस्पर्धी रखने में चुनौती दिख रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह बात कही। वोल्वो कार इंडिया के प्रबंध निदेशक ज्योति मल्होत्रा ने नई इलेक्ट्रिक लक्जरी एसयूवी 'ईएक्स90' की पेशकश के मौके पर कहा कि कंपनी भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) और माइल्ड हाइब्रिड वाहनों का संतुलित पोर्टफोलियो रखने की योजना पर काम कर रही है। इसके साथ ही प्लग-इन हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहनों की संभावनाओं का भी आकलन किया जा रहा है।

- कंपनी पेश करने की संभावनाएं कर रही तलाश
- ऊंची कर दरों के कारण कीमत प्रतिस्पर्धी रखने में दिख रही चुनौती

कंपनी भारत में ब्रांड स्थापित करना चाह रही

आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ी दिक्कतों का निकट अवधि की बिक्री पर असर पड़ रहा है। बिक्री और बाजार हिस्सेदारी के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि निकट अवधि में कंपनी का जोर बिक्री की संख्या या बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने के बजाय भारत में ब्रांड की पहचान मजबूत करने और ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाने पर है।

कच्चे तेल के दाम चढ़ने से सेंसक्स 548 अंक टूटा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



कच्चे तेल के दाम में तेजी तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली के दबाव से घरेलू शेयर बाजार सोमवार को नुकसान में रहे। मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स करीब 548 अंक टूटा जबकि एनएसई निफ्टी में 157 अंक की गिरावट आई।

विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिका में बॉण्ड प्रतिफल में वृद्धि से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। तीस शेयर पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 547.65 अंक यानी 0.76 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,924.68 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 796.23 अंक तक टूट गया था। निफ्टी भी 157.10 अंक नुकसान के साथ 22,363.35 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से आईटीसी, टेक महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, लार्सन एंड टुब्रो, भारतीय स्टेट बैंक और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के शेयर में सबसे अधिक गिरावट रही। वहीं, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक और एचसीएल टेक के शेयर लाभ में रहे।

- विदेशी संस्थागत निवेशकों ने पूंजी की निकासी की
- अमेरिका में बांड प्रतिफल वृद्धि से निवेशकों की धारणा प्रभावित

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''भारतीय बाजार शुरुआती बढ़त बरकरार रखने में विफल रहे। 10 साल के सरकारी बॉण्ड पर प्रतिफल तीन साल के उच्चतम स्तर पर पहुंचने और वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार बिकवाली से बाजार धारणा प्रभावित हुई।

एशियाई बाजार में रही गिरावट

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और चीन का शंघाई एसएसई कम्पोजिट गिरावट के साथ बंद हुए। हांगकांग का हैंगसेंग मामूली बढ़त में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में तेजी रही। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे।

एचसीएल टेक का मुनाफा 21 प्रतिशत बढ़कर 5132 करोड़



नई दिल्ली। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी एचसीएल टेक का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 21.18 प्रतिशत बढ़कर 5,132 करोड़ रुपये रहा है। नोएडा मुख्यालय वाली कंपनी ने वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में 4,235 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनी ने कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी परिचालन आय 11.5 प्रतिशत बढ़कर 35,620 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 31,942 करोड़ रुपये थी। तिमाही आधार पर कंपनी का शुद्ध लाभ 11 प्रतिशत और परिचालन आय तीन प्रतिशत बढ़ी।

रुपए में मजबूती से सोना 1400 रुपए टूटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रुपये में मजबूती और वैश्विक बाजारों में कमजोरी के बीच राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को सोने की कीमत 1,400 रुपये घटकर 1.53 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत शुक्रवार को 1,54,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। चांदी की कीमत भी 2,000 रुपये गिरकर 2,26,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 2,28,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के जिंस विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, ''वैश्विक बाजारों से कमजोर संकेत मिलने के कारण सोमवार को घरेलू बाजार में सोने की कीमतों में नरमी रही। रुपये में मजबूती ने भी कीमती धातुओं की कीमतों पर दबाव बढ़ाया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने घरेलू मुद्रा को मजबूती देने के उद्देश्य से सप्ताहांत में कई उपाय किए थे। इसके बाद सोमवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 96 पैसे मजबूत होकर 95.75 प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

- सोना घटकर 1.53 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम
- चांदी भी 2000 रुपए गिरकर 2,26,500 रुपए किलोग्राम



टाटा पावर रिन्यूएबल ने 419 मेगावाट क्षमता जोड़ी...



नई दिल्ली। टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी ने सोमवार को कहा कि उसने जुलाई-सितंबर, 2026 के दौरान उपयोगिता स्तर की 419 मेगावाट ऊर्जा उत्पादन क्षमता जोड़ी है। यह क्षमता एक साल पहले की समान अवधि में चालू की गई 182 मेगावाट क्षमता के मुकाबले दोगुने से भी अधिक है। उपयोगिता (यूटिलिटी) स्तर की परियोजना से आशय बिजली पैदा करने के लिए तैयार किए गए बड़े ऊर्जा बुनियादी ढांचे की स्थापना से है। कंपनी ने बयान में कहा कि टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (टीपीआरईएल) ने वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही के दौरान 131.2 मेगावाट-घंटे की भंडारण परियोजनाओं का भी क्रियान्वयन किया।

ग्राहकों को सीधे उत्पाद बेचने वाले उद्योग का कारोबार 7 फीसदी बढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारत में ग्राहकों को सीधे उत्पाद बेचने वाले (डायरेक्ट सेलिंग) उद्योग का कारोबार मार्च, 2025 में समाप्त वित्त वर्ष में सात प्रतिशत की सालाना दर से बढ़कर 23,522 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट के अनुसार, अगले वित्त वर्ष तक इसके 25,000 करोड़ रुपये के पार जाने का अनुमान है। एसोसिएशन ऑफ डायरेक्ट सेलिंग एंटिटीज ऑफ इंडिया (एडीएसईआई) ने शोध भागीदार कांतार के साथ मिलकर यह रिपोर्ट तैयार की है। रिपोर्ट के अनुसार, इस क्षेत्र में 91 लाख सक्रिय विक्रेता हैं, जिनमें 47 प्रतिशत महिलाएं हैं। यह क्षेत्र स्वरोजगार और अतिरिक्त आय का एक साधन है।

रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया के 15 सबसे बड़े प्रत्यक्ष बिक्री बाजारों में भारत 11वें स्थान पर है। यह उद्योग उद्यमिता, प्रशिक्षण और नियामकीय नियमों के बेहतर अनुपालन के जरिये अपनी पहुंच बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। एडीएसईआई के अध्यक्ष संजीव कुमार ने कहा, यह रिपोर्ट विश्वसनीय आंकड़ों और गुणात्मक जानकारी के जरिये भारत में ग्राहकों को उत्पाद सीधे बेचने वाले उद्योग के वास्तविक योगदान को सामने लाती है। इसके केंद्र में 91 लाख से अधिक लोगों की आजीविका है, जिनमें करीब आधी महिलाएं हैं। यह उद्यमिता की भावना पर आधारित है पिछले एक दशक में यह उद्योग सरकार के स्वरोजगार, कौशल विकास और महिलाओं के नेतृत्व में विकास को बढ़ावा देने के दृष्टिकोण के अनुरूप रहा है। एडीएसईआई नियमों के अनुपालन और उपभोक्ताओं का भरोसा बढ़ाने के लिए सरकार के साथ मिलकर काम करता रहेगा।

- कारोबार समाप्त वित्त वर्ष में 23,522 करोड़ रुपए पहुंचा
- इस क्षेत्र में 91 लाख सक्रिय विक्रेता हैं

सक्रिय विक्रेताओं में 43 लाख महिलाएं

रिपोर्ट के अनुसार, उद्योग के सक्रिय विक्रेताओं में करीब 43 लाख महिलाएं हैं। काम के समय में लचीलापन, कारोबार शुरू करने के लिए अपेक्षाकृत कम पूंजी की जरूरत और औपचारिक शैक्षणिक योग्यता की अनिवार्यता नहीं होने से ग्रामीण तथा छोटे शहरों में रहने वाली महिलाओं के लिए यह काम स्वतंत्र रूप से आय अर्जित करने का एक जरिया बन सकता है।

सेबी ने विज्ञापन संहिता अधिसूचित की

अब खास वित्तीय उत्पादों का नहीं होगा प्रचार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बाजार नियामक सेबी ने शेयर ब्रोकर, समाशोधन निगम समेत वित्तीय बाजार मध्यस्थों के लिए साझा विज्ञापन संहिता अधिसूचित की है।

- केवल ब्रांड या कंपनी प्रचार के लिए जानी-मानी हस्तियों को शामिल करने की अनुमति लेकिन खास वित्तीय उत्पाद व सेवा का वे समर्थन नहीं कर सकेंगे।

इसके तहत इन इकाइयों को अपने ब्रांड या कंपनी के स्तर पर प्रचार के लिए जानी-मानी हस्तियों को शामिल करने की अनुमति दी गई है, लेकिन किसी खास वित्तीय उत्पाद या सेवा का समर्थन करने पर रोक लगाई गई है। साझा विज्ञापन संहिता शेयर ब्रोकर, डिपॉजिटरी प्रतिभागियों, निवेश सलाहकारों, शोध विश्लेषकों, ऑनलाइन बॉण्ड मंच संचालकों, पोर्टफोलियो प्रबंधकों और म्यूचुअल फंड तथा परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियों पर लागू होगी।

स्पष्टीकरण विज्ञापन में ही देना होगा

ऐसे विज्ञापनों में जरूरी घोषणा यानी अस्वीकरण भी शामिल करने होंगे। संबंधित इकाइयों को कुछ शर्तों के तहत विज्ञापनों में केवल पूर्व जोखिम और प्रतिफल के सत्यापन के लिए निर्धारित एजेंसी की रेटिंग या रैंकिंग का उपयोग करने की अनुमति होगी। इन शर्तों के तहत रेटिंग या रैंकिंग का उचित स्पष्टीकरण विज्ञापन में ही देना होगा।



मध्यस्थता से संबंधित नियमों में संशोधन : इस उद्देश्य से सेबी ने मध्यस्थों से संबंधित नियमों में संशोधन किया है। बाजार नियामक ने एक अलग अधिसूचना में शोध विश्लेषकों और शोध इकाइयों के लिए संस्थागत निवेशकों के साथ बातचीत की रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखने की अनिवार्यता में भी ढील दी है। इस कदम से कारोबार करना आसान होने और शोध विश्लेषकों तथा शोध संस्थाओं पर अभिलेखों के रखरखाव से जुड़ी अनुपालन संबंधी जिम्मेदारियां कम होने की उम्मीद है।

प्रचार-प्रसार का दावा नहीं किया जा सकेगा :

सेबी ने आठ अक्टूबर की अधिसूचना में कहा, ''हस्तियों को बाजार मध्यस्थों के ब्रांड या इकाई के स्तर पर प्रचार करने की अनुमति होगी। इस तरह के प्रचार में विनियमित इकाई द्वारा दी जाने वाली सेवाओं या उत्पादों के नाम शामिल हो सकते हैं, लेकिन किसी खास उत्पाद या सेवा के बारे में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रचार-प्रसार या दावा नहीं किया जा सकेगा।''

विज्ञापन से पहले हस्ती से अनुमति लेनी होगी :

सेबी ने कहा कि किसी हस्ती को शामिल करने वाले विज्ञापन के लिए संबंधित पर्यवेक्षी निकाय से पहले मंजूरी लेनी होगी। यदि किसी संबंधित इकाई के लिए ऐसा कोई निकाय निर्धारित नहीं है, तो सेबी से पूर्व अनुमति लेनी होगी। प्रचार पर होने वाले खर्च का बोझ ग्राहकों पर नहीं डाला जाएगा

चिंतन

अब पेश करने ही होंगे सबूत



मुद्दा
ओमकार चौधरी

लोकतंत्र में सवाल उठाना विपक्ष का अधिकार है और उनका जवाब देना सरकार व संवैधानिक संस्थाओं की जिम्मेदारी। लेकिन जब सवाल चुनावी व्यवस्था की विश्वसनीयता से जुड़ा हो, तो आरोपों के साथ प्रमाण भी जरूरी होते हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में कथित गड़बड़ियों को लेकर इंडिया ब्लॉक के 11 नेताओं का सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दाखिल करना इसी कसौटी पर परखा जाएगा। राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, अखिलेश यादव और तेजस्वी यादव समेत विपक्षी नेताओं ने निर्वाचन आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को भी याचिका में पक्षकार बनाया है। अब विपक्ष को बताना होगा कि गड़बड़ी कहां हुई, कितने मतदाता प्रभावित हुए और उसके समर्थन में क्या सबूत हैं। सियासी शक्ति प्रदर्शन से मुद्दा चर्चा में आ सकता है, लेकिन आरोप प्रमाणों से ही सिद्ध होते हैं। याचिका दाखिल करने से पहले विपक्षी नेताओं ने प्रधान न्यायाधीश से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपने का समय मांगा था। इसके बाद बाराखंबा से सर्वोच्च न्यायालय तक मार्च निकाला गया। राहुल गांधी ने इस मार्च की तुलना 'शिवजी की बारात' से की। विभिन्न दलों की भागीदारी और नेताओं की मौजूदगी ने इसे राजनीतिक घटनाक्रम जरूर बनाया, लेकिन मार्च का आकार आरोपों की सत्यता का प्रमाण नहीं है। विपक्ष को अब राजनीतिक नारों से आगे बढ़कर तथ्य सामने रखने होंगे। चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग करना अलग बात है और चुनावी प्रक्रिया में अनियमितता साबित करना अलग। दोनों को एक मानना उचित नहीं होगा। हालांकि, विपक्ष से प्रमाण मांगने का अर्थ उसकी शिकायतों को खारिज करना भी नहीं है। मतदाता सूची से किसी पात्र नागरिक का नाम गलत तरीके से हटना गंभीर मामला है। निर्वाचन आयोग का दायित्व है कि वह प्रक्रिया में पारदर्शिता रखे, शिकायतों का निपटारा करे और त्रुटियां मिलने पर पूरी जवाबदेही के साथ सुधार सुनिश्चित करे। किसी संस्था को सवालों से परे नहीं रखा जा सकता, लेकिन बिना प्रमाण लगाए गए आरोपों को भी अंतिम सच नहीं माना जा सकता। न्यायिक जांच का उद्देश्य ही आरोपों और तथ्यों के बीच अंतर स्पष्ट करना है। कुल मिलाकर अब विपक्ष को सुप्रीम कोर्ट के समक्ष सबूत पेश करने ही होंगे। इसी बीच जंतर-मंतर को निर्धारित प्रदर्शन स्थलों की सूची से हटाने का फैसला भी चर्चा में है। गृह मंत्रालय की समिति की सिफारिश पर रामलीला मैदान, बुराड़ी और पूर्वी दिल्ली के सीबीडी मैदान को प्रदर्शन का वैकल्पिक स्थल बनाया गया है। अण्णा आंदोलन से लेकर पहलवानों के प्रदर्शन तक, जंतर-मंतर लंबे समय से विरोध की आवाज का प्रमुख केंद्र रहा है। संसद के निकट होने के कारण इसका प्रतीकात्मक महत्व भी है। सुरक्षा, यातायात और सार्वजनिक व्यवस्था की चिंताएं अपनी जगह हैं, लेकिन इनके समाधान के नाम पर शांतिपूर्ण विरोध के अधिकार को कमजोर नहीं किया जाना चाहिए। वैकल्पिक स्थलों पर पर्याप्त सुविधाएं और स्पष्ट नियम सुनिश्चित करना भी जरूरी है। लोकतंत्र में सरकार की जवाबदेही और विपक्ष की जिम्मेदारी, दोनों अनिवार्य हैं। निर्वाचन आयोग को पारदर्शिता से काम करना होगा और विपक्ष को आरोपों के प्रमाण प्रस्तुत करने होंगे। यदि गड़बड़ी हुई है तो उसका खुलासा और सुधार हो; यदि आरोप प्रमाणित नहीं होते तो राजनीतिक दावों की समीक्षा भी हो। लोकतंत्र की विश्वसनीयता शोर से नहीं, तथ्यों, पारदर्शिता और जवाबदेही से मजबूत होती है।

पश्चिम एशिया में युद्ध का खतरा बढ़ा

रियाद के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हूती विद्रोहियों के लगातार हमलों ने पश्चिम एशिया को बड़े क्षेत्रीय संघर्ष के मुहाने पर ला खड़ा किया है। दो दिन में हुए हमलों में 13 लोगों की मौत और सैकड़ों के घायल होने से नागरिकों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठे हैं। मृतकों में एक भारतीय भी शामिल है। हवाई सेवाएं बाधित हैं और सऊदी अरब की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। अमेरिका की संभावित सैन्य भागीदारी से टकराव के और व्यापक होने का खतरा है। इसका असर खाड़ी देशों में काम कर रहे भारतीयों की सुरक्षा से लेकर वैश्विक तेल आपूर्ति और व्यापार तक पड़ सकता है। ऐसे में सैन्य जवाबी कार्रवाई के बजाय संघर्ष को फैलने से रोकना और यमन संकट का राजनीतिक समाधान तलाशना अंतरराष्ट्रीय समुदाय की प्राथमिकता होनी चाहिए।

सऊदी अरब की राजधानी रियाद के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर यमन के हूती विद्रोहियों के लगातार हमलों ने पश्चिम एशिया में सुरक्षा संकट गहरा दिया है। शनिवार, 10 अक्टूबर 2026 को हुए हमले में 13 लोगों की मृत्यु हुई और 309 लोग घायल हुए। मृतकों में एक भारतीय नागरिक भी शामिल है। रविवार, 11 अक्टूबर को लगातार दूसरे दिन हवाई अड्डे को निशाना बनाया गया। इन घटनाओं से अंतरराष्ट्रीय विमान सेवाएं प्रभावित हुई हैं और सऊदी अरब की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठे हैं। अमेरिका की संभावित सैन्य कार्रवाई ने संघर्ष के व्यापक क्षेत्रीय युद्ध में बदलने की आशंका बढ़ा दी है।रियाद का किंग खालिद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा सऊदी अरब के प्रमुख विमानन केंद्रों में शामिल है। शनिवार को हुए हमले से तीसरे और चौथे यात्री भवन के आसपास भारी नुकसान हुआ। विस्फोटों के बाद परिसर में अफरातफरी मच गई। यात्रियों और कर्मचारियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। बचाव दलों ने घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया। सऊदी अधिकारियों के अनुसार, हमले में प्रारंभिक रूप से 12 लोगों की मृत्यु हुई थी। मृतकों में चार सऊदी नागरिक, दो बांग्लादेशी तथा अमेरिका, मिस्र, जॉर्डन, फलस्तीन, सीरिया और सूडान के एक-एक नागरिक शामिल थे। बाद में अस्पताल में एक भारतीय नागरिक की मृत्यु होने से मृतकों की संख्या 13 हो गई। इस हमले का शिकार विभिन्न देशों के निर्दोष नागरिक बने। शनिवार की तबाही से हवाई अड्डा उबर भी नहीं पाया था कि रविवार को दोबारा हमला हो गया। सऊदी नेतृत्व वाले सैन्य गठबंधन के अनुसार, एक प्रक्षेपास्त्र चौथे यात्री भवन से टकराया, जिससे आग लग गई। अधिकारियों ने एक अन्य प्रक्षेपास्त्र को हवाई अड्डे के समीप रोकने की जानकारी दी। दूसरे हमले में भी लोग घायल हुए, हालांकि उनकी अंतिम संख्या स्पष्ट नहीं थी। लगातार हमलों ने अत्याधुनिक हवाई रक्षा व्यवस्था की प्रभावशीलता पर सवाल खड़े कर दिए।भारत के लिए यह घटना विशेष चिंता का विषय है। शनिवार के हमले में घायल भारतीय नागरिक की रविवार को उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। उसकी पहचान हैदराबाद निवासी मोहम्मद यूसुफ अली के रूप में सामने आई। परिवार के अन्य सदस्य भी घायल हुए। भारतीय दूतावास ने पीड़ित परिवार से संपर्क कर आवश्यक सहायता और पार्थिव शरीर भारत पहुंचाने का आश्वासन दिया। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मृत्यु पर शोक व्यक्त किया। भारतीय हताहतों की संख्या को लेकर प्रारंभिक सूचनाओं में अंतर था। उपलब्ध विवरणों के अनुसार, एक भारतीय की मृत्यु हुई और दस अन्य घायल हुए। रविवार के दूसरे हमले में अलग से 12 भारतीयों के घायल होने के दावे की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है।भारत के विदेश मंत्रालय ने नागरिकों और नागरिक सुविधाओं पर हमलों की कड़ी निंदा की। मंत्रालय ने ऐसे हमले तत्काल रोकने की मांग करते हुए सऊदी अरब की संप्रभुता और सुरक्षा के प्रति समर्थन दोहराया। रियाद स्थित भारतीय दूतावास स्थानीय अधिकारियों तथा अस्पतालों के संपर्क में है।भारत की चिंता इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि सऊदी अरब सहित खाड़ी देशों में बड़ी संख्या में भारतीय काम करते हैं। ये कर्मचारी भारत में अपने परिवारों को धन भेजते हैं। संघर्ष बढ़ने से उनकी सुरक्षा, रोजगार और आवागमन प्रभावित हो सकता है। भारत के सामने अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और क्षेत्रीय संबंधों में संतुलन बनाए रखने की चुनौती है। हूती विद्रोहियों ने हमलों की जिम्मेदारी स्वीकार की है। यमन में सक्रिय इस संगठन का सऊदी नेतृत्व वाले सैन्य गठबंधन के साथ लंबे समय से संघर्ष चल रहा है। हूती विद्रोहियों को ईरान का समर्थन प्राप्त है। उनका आरोप है कि यमन में सऊदी सैन्य हस्तक्षेप से व्यापक जनहानि हुई है। संगठन ने रियाद पर हमलों को उसी कार्रवाई का जवाब बताया और भविष्य में भी सऊदी ठिकानों पर हमले जारी रखने की धमकी दी।लेकिन किसी संघर्ष में नागरिक हवाई अड्डों और यात्रियों को निशाना बनाना अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के गंभीर प्रश्न खड़े करता है। सैन्य संघर्ष में भी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना आवश्यक है। सऊदी नेतृत्व वाले गठबंधन ने हमलों को युद्ध अपराध बताते हुए कठोर जवाब देने की चेतावनी दी। इसके बाद यमन में सैन्य कार्रवाई तेज होने की खबरें आईं। दोनों पक्षों की जवाबी कार्रवाई संघर्ष को अधिक खतरनाक बना सकती है।



रियाद हवाई अड्डे पर हमलों का सिलसिला अक्टूबर में अचानक शुरू नहीं हुआ। सितंबर में ईंधन भंडारण क्षेत्र के समीप हमले और आग लगने की खबर आई थी। अक्टूबर के पहले सप्ताह में रियाद तथा आभा के हवाई अड्डों को निशाना बनाया गया। आठ अक्टूबर को एक खड़े यात्री विमान को नुकसान पहुंचने तथा सऊदी विमान चालक सहित तीन नागरिकों की मृत्यु की जानकारी सामने आई। इन घटनाओं से संकेत मिलता है कि सऊदी अरब का विमानन ढांचा हूती विद्रोहियों की रणनीति का महत्वपूर्ण लक्ष्य बन गया है। सऊदी अरब के लिए संकट केवल हवाई अड्डों तक सीमित नहीं है। उसकी अर्थव्यवस्था में तेल उत्पादन, अंतरराष्ट्रीय व्यापार, पर्यटन और विदेशी निवेश की महत्वपूर्ण भूमिका है। देश तेल पर निर्भरता घटाकर पर्यटन, उद्योग और व्यापार का विस्तार करना चाहता है। लेकिन राजधानी के प्रमुख हवाई अड्डे पर लगातार हमले विदेशी निवेशकों का विश्वास प्रभावित कर सकते हैं। यात्री सुरक्षा पर संदेह बढ़ने से पर्यटन और व्यापारिक गतिविधियों को भी नुकसान पहुंच सकता है। सऊदी अरब की सुरक्षा के लिए प्रत्यक्ष सैन्य हस्तक्षेप किया जाता है तो यमन में संघर्ष और तेज हो सकता है। दूसरी ओर निष्क्रिय रहने से हूती विद्रोहियों को प्रोत्साहन मिलने की आशंका है। अमेरिकी कार्रवाई होने पर ईरान की संभावित प्रतिक्रिया और लाल सागर के समुद्री व्यापार पर उसके प्रभाव को भी ध्यान में रखना होगा।ब्रिटेन और अन्य पश्चिमी देशों ने भी हमलों पर चिंता जताई है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने प्रश्न यह है कि क्या केवल सैन्य जवाब से हूती विद्रोहियों को रोका जा सकता है अथवा यमन के लंबे संघर्ष का राजनीतिक समाधान तलाशना आवश्यक है। पिछले वर्षों का अनुभव बताता है कि सैन्य हमलों के बावजूद हूती संगठन की आक्रमण क्षमता समाप्त नहीं हुई है।इस संघर्ष का आर्थिक प्रभाव सऊदी अरब से बाहर भी पड़ सकता है। पश्चिम एशिया विश्व की ऊर्जा आपूर्ति का प्रमुख केंद्र है। तेल प्रतिष्ठानों और समुद्री मार्गों पर खतरा बढ़ने से अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनिश्चितता पैदा हो सकती है। भारत जैसे बड़े तेल आयातक देश के लिए यह विशेष चिंता का विषय है। भारत की प्राथमिकता अपने नागरिकों की सुरक्षा, सऊदी अरब के साथ सहयोग और क्षेत्रीय शांति की बहाली होनी चाहिए। रियाद की त्रासदी चेतावनी है कि पश्चिम एशिया में सैन्य टकराव अनियंत्रित हुआ तो उसके मानवीय, राजनीतिक और आर्थिक परिणाम पूरे विश्व को प्रभावित करेंगे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

पैरवी
रितीश उपाध्याय



न्याय की राह में आर्थिक मजबूरी न बने बाधा

न्याय केवल अदालतों के दरवाज़े खुले होने से नहीं मिलता। उसके लिए यह भी जरूरी है कि आम नागरिक अपने अधिकारों को समझते हुए न्यायालय की प्रक्रिया में हिस्सा ले सके और उसे एक सक्षम वकील की सहायता मिल पाए, लेकिन जब वकील की फीस चुकाना ही किसी व्यक्ति के लिए नामुमकिन हो जाए, तो न्याय तक उसकी पहुंच एकदम सीमित हो जाती है। इसी प्रकार की असमानता को दूर करने के लिए भारत के संविधान ने निःशुल्क कानूनी सहायता की व्यवस्था प्रदान की है। लेकिन अहम सवाल यह है कि क्या यह व्यवस्था ज़रूरतमंदों को सिर्फ वकील उपलब्ध करा रही है या सच में आमजन को प्रभावी प्रतिनिधित्व और न्याय दिला पा रही है? अनुच्छेद 39ए के अंतर्गत भारत के संविधान ने राज्य को यह निर्देश दिया है कि कानूनी व्यवस्था समान अवसर के आधार पर न्याय को बढ़ावा दे और आर्थिक या किसी और प्रकार की अक्षमताओं के कारण किसी नागरिक को न्याय से वंचित न होने दिया जाए। यह राज्य के नीति-निर्देशक तत्वों का हिस्सा है। सर्वोच्च न्यायालय ने मुफ्त कानूनी सहायता को निष्पक्ष न्यायिक प्रक्रिया के संवैधानिक सिद्धांत से जोड़ा है, साथ ही न्यायालय ने समय-समय पर यह माना है कि अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का अर्थ केवल जीवित रहने का अधिकार नहीं, बल्कि कानून के अनुरूप निष्पक्ष प्रक्रिया और न्याय मिलना भी है। हुसैनारा खातून बनाम बिहार राज्य 1979, में सुप्रीम कोर्ट ने लंबे समय से जेलों में बंद कैदियों की स्थिति पर ध्यान दिया और इस फैसले ने यह भी स्पष्ट किया कि गरीब व्यक्ति को मुफ्त कानूनी सहायता न मिलना निष्पक्ष न्याय के रास्ते में गंभीर बाधा है। कानूनी अधिकार तभी सार्थक हैं, जब व्यक्ति उन्हें इस्तेमाल करने की स्थिति में भी हो। लीगल सर्विसेज़ ऑथोरिटी एक्ट, 1987 ने इस संवैधानिक उद्देश्य को लागू करने के लिए राष्ट्रीय, राज्य, जिला और तालुका स्तर पर संस्थागत व्यवस्था बनाई है। इस अधिनियम की धारा 12 के तहत अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के सदस्य, मानव तस्करी या बेगार के पीड़ित, महिलाएं, बच्चे जिनकी उम्र 18 वर्ष से कम है, दिव्यांग व्यक्ति, निर्दिष्ट आपदाओं और हिंसा के पीड़ित, औद्योगिक श्रमिक तथा हिरासत में रखे गए व्यक्ति मुफ्त कानूनी सहायता के पात्र हैं। इन सब के अलावा सामान्य वर्ग के लोग जो निर्धारित आय-सीमा के भीतर आते हैं वो भी सहायता मांग सकते हैं। एनएएलएसए की हेल्पलाइन 15100 और उसकी आधिकारिक वेबसाइट भी जानकारी पाने के माध्यम हैं। सिर्फ वकील मिलना ही काफी नहीं है, कानूनी सहायता की असल परीक्षा अदालत में होती है। उम्मेद देवी बनाम राजस्थान राज्य 2026 के मामले में हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने इसी अंतर को स्पष्टता से रेखांकित किया है। दहेज संबंधी मांग और कथित उत्पीड़न से जुड़े मामले में अपनी बेटी की मृत्यु के संबंध में आरोपित व्यक्तियों की बरी किए जाने के खिलाफ उम्मेद देवी ने अपील की थी। अपील को दाखिल करने में 19 दिन की देरी हुई और उसे माफ कराने के लिए जरूरी आवेदन नहीं लगाया गया था। हाई कोर्ट में उनकी ओर से कोई वकील उपस्थित नहीं हुआ और मामला बंद कर दिया गया। सर्वोच्च न्यायालय ने अपील को स्वीकार करते हुए कहा कि अदालतों को ऐसे कठिनाइयों के प्रति संवेदनशील रहना चाहिए। जहां वकील की अनुपस्थिति या अपर्याप्त सहायता से किसी व्यक्ति का कानूनी अधिकार प्रभावित हो सकता है, वहां अदालत को प्रभावी कानूनी सहायता सुनिश्चित करने पर विचार करना चाहिए। नेशनल लीगल सर्विसेज़ अथॉरिटी (फ्री एंड कॉम्पिटेंट लीगल सर्विसेज) रेगुलेशनस, 2010 में पैनल के वकीलों के चयन और उनके काम की निगरानी के प्रावधान हैं। जरूरत इस बात की है कि इन प्रावधानों को काग़ज़ से निकालकर व्यवहार में लागू किया जाए। नियमित समीक्षा, उचित प्रशिक्षण, मुवक्किलों से संवाद और खराब प्रदर्शन पर जवाबदेही तय करना भी अति आवश्यक है। मुफ्त कानूनी सहायता के समक्ष जागरूकता की कमी, अनुभवी वकीलों तक लोगों की पहुंच नहीं होना, सीमित संसाधन और कमजोर निगरानी जैसी चुनौतियां खड़ी हैं। ग्रामीण क्षेत्रों, वंचित समुदायों और समाज के उस वर्ग तक जिसको इसकी सब से ज़ादा ज़रूरत है, वहां लोगों में इसकी जानकारी नहीं है। न्याय तक पहुंच का अर्थ केवल अदालत में प्रवेश नहीं, बल्कि वहां अपनी बात प्रभावी ढंग से रखने का अवसर भी है। जब तक यह अवसर समाज में उपस्थित हर ज़रूरतमंद व्यक्ति को वास्तविक रूप से नहीं मिलता, समान न्याय का वादा अधूरा रहेगा।

(लेखक सुप्रीम कोर्ट में अधिवक्ता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

प्रसन्न रहने की शुरुआत घर से हो



संकलित
दर्शन

महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रसन्न रहने की शुरुआत अपने घर से ही होनी चाहिए। हम बाहर तो बहुत खुश रहते हैं, लेकिन घर में अकारण क्रोध से भरे रहते हैं। सभी लोग, खासतौर पर युवा इस बात का ध्यान रखें कि उन्हें घर में भी प्रसन्न रहना है। युवाओं को यह बात याद रहे, इसलिए एक नया मंत्र दे रहा हूं। वे घर और परिवार में भी शांति रखें। कई लोग बाहर से घर में आते ही क्रोधित हो जाते हैं। वे अकारण गुस्सा कर घर वालों को मायूस कर देते हैं। यह हत्या कर देने जैसा अपराध है। मुश्किल यह है कि ये लोग अपनी कमी को मानते भी नहीं। कम से कम वे यह मान लें कि उसमें यह कमी है तो कभी न कभी वह कमी दूर भी की जा सकती है। लंका में कोई मानता ही नहीं था कि वहां कोई रोगी है। परिणाम सबके सामने है। जो माने ही नहीं कि अस्वस्थ है, वह स्वस्थ कैसे हो सकता है? एक और मंत्र याद रखें-छोटी-मोटी बातों को अनदेखा करें। व्यर्थ विवाद में मत उलझें। बात-बात में उलझने की आदत से अशांति ही पैदा होती है। सच्ची प्रसन्नता चाहिए तो इधर-उधर की बातें सुनना ही छोड़ दें। अस्तित्व के संगीत को सुनने की कोशिश करें। याद रखें, जिसे प्रसन्न रहना है, उसे कोई रोक नहीं सकता और जिसे दुखी ही रहना है, उसे कोई प्रसन्न नहीं कर सकता। कुछ लोगों को प्रसन्न रहना ही नहीं है। वे परेशान और दुखी होने के बहाने खोजते रहते हैं। इस आदत को बदलने की कोशिश ईमानदारी के साथ की जानी चाहिए।

घमंड न करें व दूसरों को कमजोर न समझें



संकलित
प्रेरणा

महाभारत युद्ध में अर्जुन और कर्ण आमने-सामने थे। दोनों दिव्य अस्त्र-शस्त्रों से लड़ रहे थे। जब-जब अर्जुन के तीर कर्ण के रथ पर लग रहे थे तो कर्ण का रथ बहुत पीछे खिसक रहा था। दूसरी ओर जब-जब कर्ण के तीर अर्जुन के रथ पर लगते तो उसका रथ थोड़ा सा ही पीछे खिसकता था। ये देखकर अर्जुन को घमंड हो गया कि उसके बाणों में ज्यादा शक्ति है। अर्जुन ने ये बात श्रीकृष्ण से कही तो भगवान ने कहा कि तुम्हारे बाणों से ज्यादा शक्ति कर्ण के बाणों में है। भगवान की बात सुनकर अर्जुन ने कहा कि ये कैसे संभव है, मेरा रथ तो थोड़ा सा ही पीछे खिसक रहा है। श्रीकृष्ण ने कहा कि तुम्हारे रथ पर मैं स्वयं बैठा हूं, ऊपर ध्वजा पर हनुमान जी विराजित हैं, तुम्हारे रथ के पहिए को शेषनाग ने थाम रखा है। इतना होने के बाद भी कर्ण के बाण ये रथ पीछे खिसक रहा है तो इसका मतलब यही है कि उसके बाणों में ज्यादा शक्ति है। यदि ये न होता तो पता नहीं तुम्हारे रथ की क्या स्थिति होती। ये बात सुनकर अर्जुन को अपनी गलती का अहसास हो गया और उसका घमंड टूट गया। इस कथा में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को सीख दी है कि कभी अपनी शक्ति का घमंड न करें और शत्रु को कमजोर न समझें। यथा स्थिति का अच्छा से अवलोकन करे।

सटाका



आज की पाती

सपनों को संकल्प में बदलने की सीख

विद्यार्थी किसी भी देश का भविष्य ही नहीं, उसकी संभावनाओं और प्रगति के सबसे मजबूत आधार भी होते हैं। उनके विचारों में नवीनता, आंखों में सपने और कुछ नया कर गुजरने का उत्साह समाज को आगे बढ़ाने की शक्ति देता है। इसी भावना के साथ भारत में प्रति वर्ष 15 अक्टूबर को विश्व छात्र दिवस मनाया जाता है। यह दिन भारत के पूर्व राष्ट्रपति, महान वैज्ञानिक और युवाओं के प्रेरणास्रोत डा. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती के कारण विशेष महत्व रखता है। हालांकि, यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि संयुक्त राष्ट्र ने इस दिन को आधिकारिक रूप से विश्व छात्र दिवस घोषित नहीं किया है। इसके बावजूद भारत में यह अवसर विद्यार्थियों को कलाम के विचारों से जोड़ने और शिक्षा के महत्व को रेखांकित करने का माध्यम बन गया है।

-रमेश शर्मा, कलानौर

ट्रेंड

मां सबको साहस प्रदान करें



नवरात्रि का दूसरा दिन तप, त्याग व संकल्प की प्रतीक मां ब्रह्मचारिणी की आराधना को समर्पित है। वे सभी को साहस और संयम का आशीर्वाद प्रदान करें। मां की कृपा से जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और सफलता का मार्ग प्रशस्त हो। -नरेंद्र मोदी, पीएम

देश तक बात पहुंचाते रहेंगे



लोगों को दिल्ली आने से रोका जा रहा है तथा कुछ लोगों को बसों और ट्रेनों से उतारा जा रहा है। बड़ी संख्या में पुलिस और सुरक्षा बलों की तैनाती के बावजूद विपक्ष अपनी बात देश तक पहुंचाता रहेगा। हम हार मानने वाले नहीं हैं। -राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

अब मिलती है बिजली



'डबल इंजन' की सरकार ने मात्र 10 दिन में किसानों को फसल, मकान और पशुधन की क्षति का मुआवजा उपलब्ध कराने की व्यवस्था की है। 2017 से पहले की सपा सरकार के समय बिजली नहीं आती थी, केवल बिल आता था। अब स्थिति बदल गई है और किसानों को बिजली का बिल नहीं आता, बल्कि बिजली मिलती है। -योगी आदित्यनाथ, सीएम, यूपी

मुकदमों की नौबत नहीं आएगी



मैं यह सुनिश्चित करने का वादा करता हूं कि हमारी सरकार ऐसा कुछ नहीं होने देगी जिससे सरकारी नियुक्तियों में अदालती मुकदमों की नौबत आए। पूर्ववर्ती टीएमसी सरकार के दौरान हुई भर्ती प्रक्रियाएं विवादों में घिरी रहीं और सुप्रीम कोर्ट ने स्कूल भर्ती के तहत की गई 26,000 नियुक्तियों को रद्द कर दिया। -शुभेंदु अधिकारी, सीएम, प बंगाल

करंट अफेयर

उ. कोरिया ने कई बैलिस्टिक मिसाइलें समुद्र की ओर दागीं



उत्तर कोरिया ने सोमवार को अपने पूर्वी समुद्री क्षेत्र की ओर कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। दक्षिण कोरिया की सेना ने यह जानकारी दी। हाल के दिनों में हथियारों के प्रदर्शन की बढ़ती घटनाओं के बीच इस प्रक्षेपण से तनाव और बढ़ गया है। दोनों देशों के बीच कूटनीतिक बातचीत लंबे समय से ठप है। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने बताया कि ये मिसाइलें उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग के आसपास के क्षेत्र से दागी गईं। उत्तर कोरिया ने हाल के वर्षों में अपने हवाई अड्डे का इस्तेमाल मिसाइलों के प्रक्षेपण के एक प्रमुख केंद्र के रूप में किया है। ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने तत्काल यह स्पष्ट नहीं किया कि कितनी मिसाइलें दागी गईं या उन्होंने कितनी दूरी तय की। जापान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने कम से कम दो मिसाइलों का पता लगाया और आकलन किया कि ये मिसाइलें जापान के विशेष आर्थिक क्षेत्र के बाहर समुद्र में गिरीं। यह प्रक्षेपण दक्षिण कोरिया द्वारा शुक्रवार को अपने देश में विकसित पहली हाइपरसोनिक मिसाइल का उड़ान परीक्षण किए जाने के कुछ दिनों बाद हुआ। इस हथियार को ध्वनि की गति से कम से कम पांच गुना तेज उड़ान भरने और मिसाइल रक्षा प्रणालियों को चकमा देने के लिए तैयार किया गया है।

ऑफ बीट

लाल-पीले पंखों के रंग का रहस्य सुलझा रहे वैज्ञानिक



पूरे जंतु जगत में पक्षी सबसे रंगीन जीवों में से एक हैं। लेकिन इतने सारे रंगों वाले पक्षी अलग अलग कैसे होते हैं? चमकीले लाल, नारंगी और पीले पंख या चोंच वाले लगभग सभी पक्षी अपने रंग उत्पन्न करने के लिए कैरोटीनॉयड नामक पिगमेंट के समूह का उपयोग करते हैं। लेकिन, ये पक्षी सीधे तौर पर कैरोटीनॉयड नहीं बना सकते। उन्हें अपने आहार में पौधों से ये तत्व प्राप्त करने होते हैं। तोते इस नियम के अपवाद हैं, जिन्होंने रंगीन रंगद्रव्य बनाने का एक बिल्कुल नया तरीका विकसित किया है, जिसे 'सिटाकोफल्विन' कहते हैं। वैज्ञानिकों को इन विभिन्न रंगों के बारे में कुछ समय से जानकारी है, लेकिन पक्षियों द्वारा रंग में भिन्नता लाने के लिए इनका उपयोग करने के पीछे के जैव-रासायनिक और आनुवंशिकी आधार को लेकर उनकी समझ अभी सीमित है। हालांकि, तोते और 'फिंच' (रंग बिरंगी छोटी चिड़ियों की प्रजाति) के बारे में हाल ही में किए गए दो अलग-अलग अध्ययनों ने इस रहस्य पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की है। एक अध्ययन 'करेंट बायोलॉजी' में प्रकाशित हुआ है जिसका नेतृत्व हममें से एक (डैनियल हूपर) ने किया था। दूसरे अध्ययन का नेतृत्व पुर्तगाली जीवविज्ञानी रॉबर्टो अबोरे ने किया और उसे 'साइंस' पत्रिका में प्रकाशित किया गया।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

गोविंदगंज रामलीला में केवट प्रसंग का भावपूर्ण मंचन, निषाद मिलन और दशरथ मरण की लीला ने दर्शकों की आंखें कीं नम

गंगाजल से पखारे प्रभु श्रीराम के चरण केवट की भक्ति देख भावविभोर हुए श्रद्धालु



जबलपुर। गोविंदगंज रामलीला में सोमवार रात मंचित केवट प्रसंग ने भक्ति, प्रेम, समर्पण और श्रद्धा की अनुपम छटा बिखेरी। प्रभु श्रीराम, माता जानकी और अनुज लक्ष्मण को गंगा पार कराने के प्रसंग में केवट की निश्छल भक्ति और सेवाभाव का ऐसा सजीव चित्रण किया गया कि दर्शक भावविभोर हो उठे। बनारस से लाए गए गंगाजल से केवट द्वारा प्रभु श्रीराम, माता जानकी और लक्ष्मण के चरण पखारने का दृश्य श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। मंच पर प्रस्तुत प्रभावशाली संवादों, भक्तिमय भजनों और कलाकारों के सशक्त अभिनय ने रामलीला परिसर को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। लीला के दौरान कई अवसरों पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर प्रभु श्रीराम के प्रति अपनी आस्था प्रकट की।

रामायण का केवट प्रसंग भगवान और भक्त के बीच प्रेम, विश्वास तथा समर्पण के भाव को प्रकट करता है। गोविंदगंज रामलीला में इस प्रसंग को भावनात्मक और आकर्षक तरीके से प्रस्तुत किया गया। वनवास के दौरान प्रभु श्रीराम जब माता जानकी और लक्ष्मण के साथ गंगा तट पर पहुंचे, तब उन्हें नदी पार कराने के लिए केवट को बुलाया गया। केवट ने प्रभु के चरण पखारने की इच्छा व्यक्त की। इसके बाद गंगाजल से तीनों के चरण पखारने का दृश्य मंच पर साकार हुआ। केवट की भक्ति और प्रभु के प्रति उसके निश्छल प्रेम ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

नाव पर सवार हुए प्रभु श्रीराम पुष्प वर्षा से गूंजा रामलीला परिसर

केवट द्वारा प्रभु श्रीराम, माता जानकी और लक्ष्मण को नाव से गंगा पार कराने का दृश्य विशेष रूप से दर्शनीय रहा। मंच पर नाव के संचालन को तकनीक और कलात्मक संयोजन के माध्यम से इस तरह प्रस्तुत किया गया कि दर्शकों को पूरा प्रसंग सजीव प्रतीत हुआ। शानदार संगीत, प्रभावशाली मंच सज्जा और कलाकारों के सहज अभिनय ने दृश्य की भव्यता बढ़ा दी। केवट जब प्रभु को नाव से गंगा पार कराने लगा, तब दर्शक मंत्रमुग्ध होकर लीला का आनंद लेते रहे। प्रभु श्रीराम के प्रति केवट की श्रद्धा और सेवा भावना ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर अपनी आस्था व्यक्त की और जय श्रीराम के जयकारों से परिसर गूंज उठा।केवट की भूमिका में पवन पांडे ने अपने अभिनय से इस प्रसंग को जीवंत कर दिया। उनके संवादों और भाव-भंगिमाओं में केवट की सरलता, निष्कपटता और भक्ति का प्रभावशाली चित्रण देखने को मिला। श्रीराम के रूप में ओम दुबे, माता जानकी और लक्ष्मण के साथ प्रस्तुत प्रसंग ने दर्शकों को रामायण के उस भावपूर्ण क्षण से जोड़ दिया, जिसमें भगवान अपने भक्त के प्रेम को सर्वोपरि रखते हैं।

निषाद मिलन में दिखा प्रेम और सामाजिक समरसता का संदेश

केवट प्रसंग के साथ निषाद मिलन की लीला का भी प्रभावशाली मंचन किया गया। निषादराज और प्रभु श्रीराम के मिलन के दृश्य में आत्मीयता, मित्रता और परस्पर सम्मान के भाव उभरकर सामने आए। वनवास के दौरान निषादराज द्वारा प्रभु श्रीराम के प्रति व्यक्त किए गए प्रेम और समर्पण को कलाकारों ने प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। निषादराज की भूमिका में शंकर शर्मा ने अपने अभिनय से दर्शकों की सराहना प्राप्त की। इस प्रसंग ने यह संदेश दिया कि सच्ची भक्ति और आत्मीयता के सामने सामाजिक भेदभाव का कोई महत्व नहीं है। रामायण के प्रसंगों में निहित समरसता, प्रेम और मानवीय मूल्यों को रामलीला के माध्यम से दर्शकों तक पहुंचाया गया। संवादों और अभिनय के प्रभाव से यह प्रसंग भी दर्शकों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा।

राजा दशरथ के वियोग ने नम कीं श्रद्धालुओं की आंखें

रामलीला में इसके बाद राजा दशरथ के मरण की लीला का मंचन किया गया। प्रभु श्रीराम के वनवास के बाद पुत्र वियोग में व्याकुल राजा दशरथ की पीड़ा का मार्मिक चित्रण देखकर दर्शक भावुक हो उठे। राजा दशरथ की भूमिका में अतुल पांडे ने अपने अभिनय से पिता के हृदय की वेदना को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्रभु श्रीराम से बिछोह के कारण दशरथ की व्याकुलता और उनके अंतिम क्षणों के प्रसंग ने वातावरण को गमगीन कर दिया। रामलीला के इस दृश्य ने दर्शकों को यह अनुभव कराया कि रामायण केवल धार्मिक आख्यान नहीं, बल्कि पारिवारिक संबंधों, कर्तव्य, त्याग और मर्यादा के आदर्शों का भी सशक्त माध्यम है। एक ओर केवट की भक्ति ने श्रद्धालुओं को आनंदित किया, तो दूसरी ओर दशरथ मरण के प्रसंग ने उन्हें भावुक कर दिया। कलाकारों के अभिनय और संगीत के समन्वय ने पूरी लीला को प्रभावशाली बनाया।

कलाकारों ने निभाईं महत्वपूर्ण भूमिकाएं

गोविंदगंज रामलीला में विभिन्न कलाकारों ने अपने अभिनय से प्रसंगों को जीवंत बनाया। केवट की भूमिका पवन पांडे ने निभाई, जबकि प्रभु श्रीराम के रूप में ओम दुबे ने अभिनय किया। लक्ष्मण की भूमिका मानस पांडे, निषादराज की भूमिका शंकर शर्मा, राजा दशरथ की भूमिका अतुल पांडे और सुमंत की भूमिका प्रवीण तिवारी ने निभाई। सभी कलाकारों ने अपने पात्रों के अनुरूप संवाद, भाव-भंगिमाओं और अभिनय के माध्यम से दर्शकों पर प्रभाव छोड़ा। संगीत और तकनीकी संयोजन ने भी मंचन को आकर्षक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

आज होगा भरत आगमन और चित्रकूट सभा का मंचन

गोविंदगंज रामलीला समिति के अध्यक्ष पं. अनिल तिवारी ने बताया कि मंगलवार को रामलीला मंच पर भरत आगमन और चित्रकूट सभा की लीला का मंचन किया जाएगा। इस प्रसंग में भरत अपने बड़े भाई प्रभु श्रीराम से मिलने चित्रकूट पहुंचेंगे और उन्हें अयोध्या वापस लौटने के लिए मनाने का प्रयास करेंगे। भरत का अपने बड़े भाई के प्रति प्रेम, त्याग और समर्पण इस लीला का मुख्य आकर्षण रहेगा।



रेशमी धागों से सजा भव्य महल आदर्श कॉलोनी में विराजीं माता रानी

जबलपुर। गढ़ा रोड़, मेहता पैट्रोल पंप के पीछे स्थित श्री नव आदर्श कॉलोनी दुर्गा उत्सव समिति ने इस वर्ष रेशम के रंग-बिरंगे धागों की आकर्षक कारीगरी से भव्य महलनुमा पंडाल तैयार कराया गया है। इसकी कलात्मक सजावट श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। पंडाल के गर्भगृह में स्वर्ण एवं रजत आभूषणों से सुसज्जित माता रानी की दिव्य प्रतिमा स्थापित की गई है, जिनके दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। समिति के महासचिव अनिलेश झुरेले ने बताया कि पंडाल को विशेष कलात्मक रूप दिया गया है। अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने बताया कि दस दिनों तक प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें कॉलोनीवासी उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। समिति के पदाधिकारी ऋषि राज खरे, अजय श्रीवास्तव, आनंद रजक, निलव धगट, अनिल मिश्रा, प्रतीक श्रीवास्तव, अनुराग झुरेले, राजेश्वर पांडेय, अनुभव दुबे, कैलाश माधवानी, श्रीकांत गुप्ता एवं दीपक अग्रवाल ने धर्मप्रेमी जनता से पंडाल में पहुंचकर माता रानी के दर्शन करने और उनका आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।



नर्मदा परिक्रमा की तैयारियों को लेकर मंत्री राकेश सिंह से मिले श्री नर्मदा संकीर्तन परिक्रमा समिति के सदस्य

जबलपुर। कार्तिक मास की पावन वैकुण्ठ चतुर्दशी पर आयोजित होने वाली श्री नर्मदा परिक्रमा की तैयारियों को लेकर श्री नर्मदा संकीर्तन परिक्रमा समिति, जबलपुर के सदस्यों ने लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, विधायक नीरज सिंह तथा कलेक्टर एवं अपर कलेक्टर से भेंट कर आयोजन की व्यवस्थाओं पर चर्चा की। इस दौरान आयोजन को सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने तथा प्रशासनिक सहयोग को लेकर विचार-विमर्श किया गया। समिति के संस्थापक पं. मनमोहन दुबे ने कहा कि माँ नर्मदा की परिक्रमा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति के संरक्षण, आध्यात्मिक चेतना, जनसेवा एवं सामाजिक समरसता का पावन माध्यम है। यह आयोजन समाज में भक्ति, श्रद्धा और सद्भावना के प्रसार का महत्वपूर्ण प्रयास है। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष देवेंद्र त्रिपाठी, उपाध्यक्ष मोहित तिवारी, सचिव देवेंद्र नेमा, संयुक्त सचिव अखिलेश उर्फ पप्पू चौबे, अजय पांडे, अतुल पटेल, मोहित पटेल तथा महर्षि गौतम आश्रम के संस्थापक संजय गौतम सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



आर्यिका दृढ़मति माताजी के सानिध्य में बच्चों को दिए संस्कार

जबलपुर। परम पूज्य आर्यिका मां 105 दृढ़मति माताजी ससंघ के सानिध्य में बच्चों को संस्कारित करने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें अखिल भारतीय महिला परिषद की बहनों ने सक्रिय सहयोग दिया।कार्यक्रम में तिलवारा से पधारीं दीदियों एवं माताजी ने बच्चों को मंत्रोच्चारण के माध्यम से नैतिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक संस्कार प्रदान किए। बच्चों को अच्छे-बुरे का भेद समझाते हुए जीवन में नैतिक मूल्यों, धर्म और संस्कृति के महत्व से अवगत कराया गया। आयोजन का उद्देश्य नई पीढ़ी को संस्कारवान बनाकर भारतीय संस्कृति एवं धार्मिक परंपराओं से जोड़ना रहा। इस अवसर पर माताजी ने बच्चों को सदाचार एवं अच्छे आचरण के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। अखिल भारतीय महिला परिषद की बहनों के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

रबी सीजन में किसानों को पर्याप्त बिजली दें : ऊर्जा मंत्री

जबलपुर। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने रबी सीजन में किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को भोपाल स्थित मंत्रालय में विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने वरिष्ठ अभियंताओं से जनप्रतिनिधियों के साथ नियमित संवाद बनाए रखने को कहा। मंत्री ने पावर जनरेशन कंपनी के एमडी को सभी बिजली संयंत्रों में पूरी क्षमता से उत्पादन सुनिश्चित करने तथा कोयले की सतत आपूर्ति बनाए रखने के निर्देश दिए। एमडी मनजीत सिंह ने बताया कि प्रदेश के सभी संयंत्रों में कोयले का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। वहीं, पावर ट्रांसमिशन कंपनी के एमडी सुनील तिवारी को निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार समय-सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए।बैठक में प्रमुख सचिव ऊर्जा मनीष सिंह, एमडी पावर मैनेजमेंट कंपनी विशेष गढ़पाले सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। विभिन्न कंपनियों के एमडी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े।

पद्मश्री उमाशंकर पांडेय ने किया नगर निगम के विकास कार्यों का निरीक्षण



जबलपुर। जल संरक्षण के क्षेत्र में पद्मश्री से सम्मानित उमाशंकर पांडेय ने जबलपुर प्रवास के दौरान नगर निगम के विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने डुमना नेचर पार्क में मियांवाकी पद्धति से किए जा रहे पौधरोपण तथा कठोंदा स्थित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट और वेस्ट टू एनर्जी प्लांट का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और मां नर्मदा को स्वच्छ रखने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में निरंतर कार्य आवश्यक है। उन्होंने शहर में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को आगे बढ़ाने के लिए शुभकामनाएं दीं। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव एवं सहायक यंत्री संजय सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

महिला हॉकी की सहायक कोच रैना यादव सम्मानित



जबलपुर। पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने भारतीय सीनियर महिला हॉकी टीम की सहायक कोच एवं टीम मैनेजर रैना यादव को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया। रैना यादव पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर मंडल में कार्यालय अधीक्षक के पद पर कार्यरत हैं।रैना यादव ने भारतीय महिला हॉकी टीम के साथ विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके योगदान में एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक, एफआईएच नेशंस कप में स्वर्ण पदक तथा महिला हॉकी विश्व कप में टीम के पांचवें स्थान पर रहने जैसी उपलब्धियां शामिल हैं। उन्होंने मध्य प्रदेश महिला हॉकी टीम के साथ भी राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता टीमों में योगदान दिया है। रैना यादव ने नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान, पटियाला से स्पोर्ट्स कोचिंग में डिप्लोमा (ग्रेड-ए) प्राप्त किया है। उनके पास एफआईएच लेवल-3 कोचिंग प्रमाणपत्र भी है। इस अवसर पर वरिष्ठ उप महाप्रबंधक नीरज कुमार, अरविंद कुमार रजक, राजेश कुमार मंडल, मनोज गुरुमुखी, जे.पी. सिंह एवं मुख्य जनसंपर्क अधिकारी डॉ. मधुर वर्मा उपस्थित रहे।

पमरे में विशेष अभियान 6.0, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण पर जोर

जबलपुर। पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर, भोपाल एवं कोटा मंडलों में 2 से 31 अक्टूबर 2026 तक विशेष अभियान 6.0 चलाया जा रहा है। रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार संचालित इस अभियान का उद्देश्य रेल परिसरों में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, अनुपयोगी सामग्री के निस्तारण और जनभागीदारी को बढ़ावा देना है। अभियान के तहत स्टेशनों, प्लेटफॉर्म, ट्रेनों, शौचालयों एवं कार्यालयों में साफ-सफाई के साथ ई-वेस्ट प्रबंधन, पुराने रिकॉर्ड की समीक्षा और लंबित मामलों के निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। 'वेस्ट टू वेल्थ' एवं 'वेस्ट टू वंडर' पहल के माध्यम से अनुपयोगी सामग्री के रचनात्मक उपयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है। रेलवे एक्स और फेसबुक के माध्यम से भी स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैला रहा है। वहीं, 'रेल जन संवाद' और 'रेल जन युवा संवाद' के जरिए यात्रियों एवं युवाओं को सुझाव देने और रेल सुविधाओं में सुधार के लिए भागीदारी हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। अभियान का लक्ष्य स्वच्छ, व्यवस्थित एवं पर्यावरण-अनुकूल रेल परिसर विकसित करना है।

शहीद स्मारक में दस दिवसीय दशहरा महोत्सव मेले का शुभारंभ

जबलपुर। गोलबाजार स्थित शहीद स्मारक प्रांगण में फोटो जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आयोजित दस दिवसीय मनोरंजन मेला 'जबलपुर दशहरा महोत्सव' का शुभारंभ महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अभिलाष पांडे, रिकुंज बिज 'रिंकू', पूर्व विधायक पं. नित्यनिरंजन खंपरिया तथा पार्षद अयोध्या तिवारी एवं निशा राठौर ने फीता काटकर किया।

इस अवसर पर अतिथियों ने मेले को नवरात्र के दौरान शहरवासियों के लिए मनोरंजन का अच्छा माध्यम बताया। विजय जायसवाल ने आयोजन की जानकारी दी। कार्यक्रम में आर.के. टहनगुरिया एवं जादूगर एस.के. निगम उपस्थित रहे।



अतिथियों का स्वागत संजय राठौर, अनिल तिवारी, रविन्द्र विश्वकर्मा, हरि मेहरा, बबलू रजक, राजेन्द्र दुबे, अमित पटेल, मनीष जायसवाल, बंगाली दादा, बच्चन श्रीवास्तव, लायन नरेंद्र जैन, डॉ. रजनीश गर्ग, सुनील श्रीवास्तव, राजीव गुप्ता एवं संतोष नेमा सहित अन्य सदस्यों ने किया। संचालन राजेश पाठक 'प्रवीण' ने किया तथा आभार प्रतुल श्रीवास्तव ने व्यक्त किया।



माँ श्री शारदा आशीष दरबार में कलश स्थापना, होंगे विविध अनुष्ठान

जबलपुर। शारदेय नवरात्र के शुभारंभ पर शक्तिनगर स्थित माँ श्री शारदा आशीष दरबार में परम पूज्य आशीष भैया जी के सान्निध्य में अखंड ज्योति, कलश, खप्पर एवं जवारे की स्थापना की गई। शहर सहित अन्य प्रांतों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की। 11 से 19 अक्टूबर तक दरबार में दुर्गा सप्तशती पाठ, हवन, ललिता सहस्त्रनाम पाठ, अर्चन एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान होंगे। प्रतिदिन सायंकाल माँ की महाआरती, दर्शन और महिला मंडल द्वारा भजन प्रस्तुत किए जाएंगे।समिति के मुकेश कुशवाहा, मिलन मुखर्जी, संजय बरहा, जयंत क्षीरसागर, पं. सुबोध मिश्रा, सुधांशु उपाध्याय, संतोष द्विवेदी, संतोष मिश्रा, नीरज पांडे, सरबजीत तग्गड़, मनीष शर्मा, मोहन जोशी, सौरभ तिवारी, अमर दुबे सहित अन्य सदस्यों ने श्रद्धालुओं से अनुष्ठानों में शामिल होकर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

नवरात्र पर स्वच्छता की अपील, प्लास्टिक मुक्त भंडारे आयोजित करें समितियां



जबलपुर। नवरात्र पर्व पर शहर की सफाई व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के लिए नगर निगम द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। प्रमुख दुर्गा पंडालों, मार्गों और बाजारों में नियमित सफाई की जा रही है।

महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने नागरिकों और दुर्गा उत्सव समितियों से प्लास्टिक मुक्त भंडारे आयोजित करने तथा कचरे का उचित प्रबंधन करने की अपील की है। उन्होंने प्रसादी वितरण में प्लास्टिक के दोने, पत्तल और गिलास का उपयोग नहीं करने, कचरा निर्धारित डस्टबिन में डालने तथा फूल-पत्तियों एवं पूजन सामग्री को अलग एकत्रित कर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों को सौंपने का आग्रह किया।

महापौर एवं निगमायुक्त ने कहा कि स्वच्छता सभी की साझा जिम्मेदारी है। नवरात्र के पावन पर्व पर नागरिकों और समितियों के सहयोग से जबलपुर को स्वच्छ, सुंदर और प्लास्टिक मुक्त बनाने का संकल्प लेना चाहिए।

दुर्गा पंडालों में वैध विद्युत कनेक्शन से ही करें सजावट : महापौर एवं निगमायुक्त

जबलपुर। संस्कारधानी में नवरात्र पर्व के दौरान दुर्गा पंडालों एवं धार्मिक आयोजनों में विद्युत सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने सभी दुर्गा उत्सव समितियों से विधिवत अस्थायी विद्युत कनेक्शन लेकर ही विद्युत सजावट करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के सभी मानकों का पालन कर स्वयं और दूसरों को सुरक्षित रखते हुए उत्सव मनाएं। प्रकाश विभाग के कार्यपालन यंत्री नवीन कुमार लोनारे ने बताया कि कई समितियां स्ट्रीट लाइट के खंभों से अवैध रूप से बिजली कनेक्शन लेती हैं, जो दुर्घटना का कारण बन सकता है। उन्होंने समितियों से विद्युत मंडल से नियमानुसार अस्थायी कनेक्शन प्राप्त करने के बाद ही लाइट एवं सजावट की व्यवस्था करने का आग्रह किया। निगमायुक्त ने स्पष्ट किया कि अवैध विद्युत कनेक्शन से होने वाली किसी भी दुर्घटना या नुकसान की जिम्मेदारी संबंधित आयोजकों एवं समितियों की होगी। नियमों का उल्लंघन करने वाली समितियों के विरुद्ध कार्रवाई भी की जाएगी। नगर निगम ने सभी आयोजकों से विद्युत सुरक्षा के नियमों का पालन कर नवरात्र पर्व शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित ढंग से मनाने की अपील की है।

CHANGE OF NAME

I, PUSHPARANI GHOSH is legally Mother of No 14649321P Rank HAV Name PURNENDU GHOSH presently, residing at VILL-JALUI DANGA, PO- SAMUDRA GARH, DISTT BURDWAN, (WEST BENGAL)-713519 I, have changed of my name from PUSPA RANI GHOSH (Name as per my SON, Army service records)) to PUSHPARANI GHOSH (name as per my AADHAR CARD NO. 3776 0164 1322, vide affidavit dated 12/10/2026 formerly before formerly before Public Public Notary JABALPUR MP.

CORRECT NAME - PUSHPARANI GHOSH
INCORRECT NAME- PUSPA RANI GHOSH

नाम परिवर्तन सूचना

I,SANTHOSH V of ARMY NO-15737445H, Rank NK, presently residing at Vill- VALLARAMAPURAM, POST- KV ALANGULAM, Teh - SANKARANKOVIL, Distt - TIRUNELVELI , State- TAMIL NADU, PIN- 627862 शपथपूर्वक नि लि कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी बेटी का नाम MAGHILINI S दर्ज है। जो कि गलत है। यह कि मेरी बेटी के आधार कार्ड एंव अन्य दस्तावेजो में मेरी बेटी का नाम MAGIZHINI S दर्ज हैं। जो कि सही है मेरी बेटी के नाम को पढा व सुना एंव मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाए। द्वारा शपथ पत्र न 38AA 850461 दिनांक 12-10-26 नोटरी जबलपुर म प्र ।

गलत नाम- MAGHILINI S
सही नाम - MAGIZHINI S

नाम परिवर्तन सूचना

I, PATEL DINESHBHAL ARJUNSINH of ARMY NO- 15739802Y, Rank- LNK, presently residing at House No- 1938, PARMAR FALIYU Vill-AKEDIYA, POST- SHAHERA, Teh SHAHERA, Distt PANCHMAHAL (GODHRA), State-GUJARAT, PIN-389210 शपथपूर्वक निलि कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे बेटे का नाम MANVAY दर्ज है। जो कि गलत है। यह कि मेरे बेटे के आधार कार्ड एंव अन्य दस्तावेजो में मेरे बेटे का नाम MANVAYKUMAR DINESHBHAI PATEL दर्ज हैं। जो कि सही है मेरे बेटे के नाम को पढा व सुना एंव मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाए। द्वारा शपथ पत्र न 38AA 850462 दिनांक 12-10-26 नोटरी जबलपुर म.प्र.।

गलत नाम- MANVAY
सही नाम
MANVAYKUMAR DINESHBHAI PATEL

खबर संक्षेप

अंतरराष्ट्रीय लवी मेला 11 नवंबर से

शिमला। हिमाचल प्रदेश के ऐतिहासिक अंतरराष्ट्रीय लवी मेले की तैयारियों को लेकर आयोजन



समिति की बैठक उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में रामपुर में आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि अंतरराष्ट्रीय लवी मेला-2026 इस वर्ष 11 से 14 नवंबर तक आयोजित होगा। मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ खेल, पारंपरिक बाजार, स्थानीय उत्पादों, पशुपालन और जन-जागरूकता से जुड़ी गतिविधियां भी होंगी। मेले के दौरान चार सांस्कृतिक संध्याएं आयोजित की जाएंगी। इनमें दो संध्याएं पहाड़ी संस्कृति, एक बॉलीवुड और एक पंजाबी संगीत पर आधारित होगी।

ट्रेनिंग एयरक्राफ्ट क्रैश दो की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तानी सेना का एक ट्रेनिंग एयरक्राफ्ट क्रैश हो गया है। जानकारी के मुताबिक इस



एयरक्राफ्ट में सवार दो पायलटों की मौत हो गई है। पाकिस्तानी सेना ने इस हादसे के बारे में जानकारी दी। सेना ने बताया कि तकनीकि खराबी के कारण पाकिस्तान आर्मी एविएशन का मुशशक ट्रेनिंग एयरक्राफ्ट क्रैश हो गया। हादसे के बाद पाकिस्तान के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने दुख व्यक्त किया है। बता दें कि इससे पहले भी पाकिस्तान में एयरक्राफ्ट क्रैश के मामले सामने आ चुके हैं।

ट्रंप जूनियर की पूर्व मंगेतर की बढ़ी मुश्किलें

न्यूयॉर्क। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप, गलत व्यवहार की कई खबरों के बाद किम्बर्ली गिल्फॉइल



को ग्रीस में अमेरिकी राजदूत के पद से हटाने पर विचार कर रहे हैं। ट्रंप उन खबरों पर नजर रख हैं जिनमें दावा किया गया है कि गिल्फॉइल, जो चार साल तक ट्रंप के सबसे बड़े बेटे डोनल्ड ट्रंप जूनियर की मंगेतर थीं, ने राजदूत को तौर पर महंगे तोहफे लिए और अपनी नियुक्ति की पुष्टि होने से पहले प्रशासन के लोगों से मिलवाने के बदले पैसे मांगे। गिल्फॉइल के वकीलों ने पैसे मांगने के आरोपों से इनकार किया है और कहा है कि उनकी यात्रा के बारे में खबरें गुमराह करने वाली हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने संघीय तोहफों और रिपोर्टिंग से जुड़े नियमों का पालन किया।

राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बोले सीपी राधाकृष्णन

भारत को इतना शक्तिशाली बनाना है कि कोई भी देश हम पर अनैतिक व अवांछित शर्त न थोप सके

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि भारत का लक्ष्य विश्व का सबसे शक्तिशाली राष्ट्र बनना है, लेकिन दूसरों पर प्रभुत्व स्थापित करने के लिए नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करने के लिए कि कोई देश उस पर अनैतिक शर्तें न थोप सके। प्रत्येक राष्ट्र की संप्रभुता और आत्मसम्मान का सम्मान होना चाहिए तथा देशों को एक-दूसरे की क्षेत्रीय सीमाओं का अतिक्रमण करने से बचना चाहिए। उन्होंने वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए दीर्घकालिक दृष्टिकोण, मजबूत नीतियों और राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप रणनीति बनाने पर जोर दिया।

उपराष्ट्रपति ने 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य के लिए एकीकृत रणनीति और मजबूत नीतियों पर दिया जोर

मित्र देशों के 41 अधिकारियों सहित कुल 122 प्रतिभागी शामिल हुए



कार्यक्रम में सामूहिक तस्वीर ली गई

चुनौतियों से निपटना सामूहिक जिम्मेदारी

उपराष्ट्रपति सोमवार को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय (एनडीसी) के 66वें पाठ्यक्रम के प्रतिभागियों को 'भारत के मूल मूल्य, राष्ट्रीय हित और राष्ट्रीय उद्देश्य' विषय पर संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में भारतीय सशस्त्र बलों, सिविल सेवाओं, पुलिस और अन्य सरकारी संगठनों के अधिकारियों के साथ मित्र देशों के 41 अधिकारियों सहित कुल 122 प्रतिभागी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि समकालीन सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए रणनीतिक सोच, एकीकृत नीति निर्माण और अंतरराष्ट्रीय सहयोग जरूरी है।

वसुधैव कुटुंबकम भारत की पहचान

राधाकृष्णन ने कहा कि राष्ट्रीय मूल्य किसी देश की पहचान की आधारशिला होते हैं और दुनिया के साथ उसके संबंधों को दिशा देते हैं। भारत का सभ्यतागत दर्शन 'वसुधैव कुटुंबकम' इसका उदाहरण है। कोविड-19 महामारी के दौरान वैक्सीन मैत्री पहल, आपदाओं में सहायता और जलवायु परिवर्तन से निपटने के अंतरराष्ट्रीय प्रयासों में भारत की भूमिका इन मूल्यों को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि भारत के राष्ट्रीय हित संविधान के मूल्यों से प्रेरित हैं। इनमें संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा, लोकतांत्रिक-धर्मनिरपेक्ष संघीय व्यवस्था बनाए रखना, रणनीतिक और आर्थिक उद्देश्यों को आगे बढ़ाना, विकास के लिए सुरक्षित वातावरण तैयार करना तथा अंतरराष्ट्रीय शांति और स्थिरता में योगदान देना शामिल है।

साइबर खतरों से निपटने के लिए सहयोग जरूरी

उपराष्ट्रपति ने कहा कि आतंकवाद, साइबर खतरे, महामारियां, जलवायु परिवर्तन और अंतरराष्ट्रीय अपराध जैसी चुनौतियां किसी एक देश तक सीमित नहीं हैं। इनके समाधान के लिए देशों के बीच सूचना साझा करना, आपसी विश्वास बढ़ाना और समन्वित कार्रवाई करना आवश्यक है। वैश्विक हितों को आगे बढ़ाना एक-दूसरे के पूरक हो सकते हैं।

बीते तीन दिनों में भारतीय नाविक वाले 3 जहाजों पर हुए हमले

होर्मुज के पास जहाज पर हमला: 2 भारतीय लापता भारत ने कहा- तत्काल रोकें, हम बर्दाश्त नहीं करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र में एमटी पेट्रो डॉल्फिन और एमटी वैल्थेरा पर हुए हमलों की भारत ने निंदा की है। पेट्रो डॉल्फिन पर ड्रोन हमले के बाद 11 भारतीय नाविकों में से नौ को बचा लिया गया, जबकि दो लापता हैं। भारत ने तत्काल तनाव कम करने, बातचीत के जरिए संघर्ष का समाधान निकालने और अंतरराष्ट्रीय जलमार्गों पर सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने की मांग की है। होर्मुज के आसपास समुद्र में व्यावसायिक जहाजों पर लगातार हो रहे हमलों को लेकर भारत ने कड़ा रुख अपनाया है। 11 अक्तूबर 2026 को दो टैंकरों एमटी पेट्रो डॉल्फिन और एमटी वैल्थेरा पर हुए हमलों की भारत सरकार ने निंदा की है।

इनमें से एक जहाज पर ड्रोन से हमला हुआ, जबकि दूसरे पर अज्ञात चीज से हमला किया गया, जिससे उसमें आग लग गई। पेट्रो डॉल्फिन पर सवार 11 भारतीय नाविकों में से नौ को सुरक्षित बचा लिया गया है, लेकिन दो अब भी लापता हैं। वहीं, वैल्थेरा पर सवार सभी 11 भारतीय नाविक सुरक्षित बताए गए हैं। विदेश मंत्रालय ने इस पूरे घटनाक्रम पर चिंता जताते हुए कहा है कि इलाके में तनाव तुरंत कम होना चाहिए और जारी संघर्ष का हल बातचीत और कूटनीति के जरिए निकाला जाना चाहिए। विदेश मंत्रालय ने बयान में दोनों व्यावसायिक जहाजों पर हुए हमलों की कड़ी निंदा की। मंत्रालय के मुताबिक, एमटी पेट्रो डॉल्फिन पर ड्रोन से हमला किए जाने की खबर है। जहाज पर सवार 11 भारतीय नाविकों में से दो के लापता होने की सूचना है। दूसरी ओर, मार्शल आइलैंड के झंडे वाले टैंकर एमटी वैल्थेरा पर अज्ञात प्रक्षेप्य से हमला हुआ, जिसके बाद जहाज में आग लग गई। राहत की बात यह रही कि वैल्थेरा पर मौजूद सभी 11 भारतीय नाविक सुरक्षित बताए गए हैं।

हमले के पीछे कौन है, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है भारत सरकार जहाज से जुड़ी कंपनी के संपर्क में है

भारतीय क्रू वाले जहाज एमटी पेट्रो डॉल्फिन पर ड्रोन से हमला हुआ

11 भारतीय नाविकों में से 9 को बचा लिया गया, जबकि 2 अब लापता



धमाके के बाद जहाज में आग ही आग

अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने की पहल

भारत व्यावसायिक जहाजों और उन पर काम करने वाले नाविकों की सुरक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सहयोग मजबूत करने की भी वकालत कर रहा है। इसी दिशा में भारत और लाइबेरिया ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 81वें सत्र के दौरान 'ग्रुप ऑफ फ्रेंड्स ऑन सेफ्टी एंड सिक्योरिटी ऑफ शिपिंग एंड सीफेरर्स' की शुरुआत की थी। इस पहल का मकसद समुद्री क्षेत्र से जुड़े देशों और संबंधित पक्षों के बीच तालमेल बढ़ाना है, ताकि जहाजों और नाविकों की सुरक्षा को वैश्विक चर्चाओं में प्राथमिकता मिल सके। भारत का जोर है कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री रास्तों पर व्यापार सुरक्षित रहे और नाविकों की जान को खतरे में डालने वाली घटनाओं को रोकने के लिए मिलकर काम किया जाए।

जहाजों, नाविकों और नागरिक ठिकानों पर हमले बंद हों

भारत ने अपने बयान में स्पष्ट कहा कि व्यावसायिक जहाजों, नाविकों और नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने की घटनाएं बंद होनी चाहिए। विदेश मंत्रालय ने अंतरराष्ट्रीय जलमार्गों पर जहाजों की सुरक्षित और बिना किसी बाधा के आवाजाही सुनिश्चित करने की जरूरत पर भी जोर दिया। भारत का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय कानून के मुताबिक समुद्री रास्तों से व्यापार जारी रहना चाहिए और जहाजों को सुरक्षित आवाजाही का अधिकार मिलना चाहिए। मंत्रालय ने संघर्ष में शामिल पक्षों से तनाव कम करने और कूटनीतिक बातचीत के जरिए समाधान निकालने की अपील की है।

वैल्थेरा में आग लगी लेकिन सभी 11 भारतीय नाविक सुरक्षित

केंद्रीय मंत्री सरबानंद सोनोवाल ने एमटी वैल्थेरा को लेकर भी जानकारी साझा की थी। रविवार को होर्मुज जलडमरूमध्य में इस टैंकर पर अज्ञात प्रक्षेप्य से हमला हुआ था, जिसके बाद जहाज में आग लग गई। इस जहाज पर भी 11 भारतीय नाविक सवार थे। अधिकारियों के मुताबिक, सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं। इस घटना के बाद संबंधित एजेंसियां और जहाज प्रबंधन कंपनी स्थिति पर लगातार नजर रख रही हैं, ताकि चालक दल की सुरक्षा और जरूरतों का ध्यान रखा जा सके।

मस्कट स्थित भारतीय दूतावास अलर्ट

विदेश मंत्रालय ने बताया कि ओमान की राजधानी मस्कट में मौजूद भारतीय दूतावास पूरे घटनाक्रम पर करीब से नजर रख रहा है। दूतावास ओमान के संबंधित अधिकारियों और दोनों जहाजों का प्रबंधन संभालने वाली कंपनियों के साथ लगातार संपर्क में है। इसका मकसद लापता भारतीय नाविकों को तलाशने के प्रयासों में मदद करना और जहाजों पर मौजूद भारतीय चालक दल को हरसंभव सहायता पहुंचाना है। भारत सरकार ने साफ किया है कि भारतीय नाविकों की सुरक्षा उसके लिए सबसे बड़ी प्राथमिकताओं में से एक है।

व्यापारिक जहाजों पर बार-बार हमले से भारत चिंतित

विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस इलाके में व्यावसायिक जहाजों पर बार-बार हो रहे हमले बेहद चिंताजनक हैं। इससे पहले से तनावपूर्ण हालात और बिगड़ने का खतरा है। समुद्र में इस तरह की घटनाएं न सिर्फ जहाजों और उन पर काम करने वाले नाविकों की जान जोखिम में डालती हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार पर भी असर डाल सकती हैं। भारत ने दोहराया है कि इस क्षेत्र में जारी संघर्ष को जल्द से जल्द शांत किया जाना चाहिए और विवादों का समाधान बातचीत तथा कूटनीति के रास्ते निकाला जाना चाहिए।

सिद्धू मूसेवाला मर्डर केस से जुड़ा है लिंक

अदालत में पेश न होने पर 'भगोड़ा' घोषित होंगे शाहबाज और रेहान

अंतरराष्ट्रीय हथियार तस्करी आतंकी मॉड्यूल मामले में वांछित



शाहबाज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय हथियार तस्करी और आतंकी माड्यूल से जुड़े मामले में फरार शाहबाज अंसारी और उसके चाचा रेहान अंसारी पर कानून का शिकंजा कसने की तैयारी है। राउज एवेन्यू स्थित सत्र अदालत ने दोनों के खिलाफ भगोड़ा घोषित करने की प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया है। अदालत ने कहा है कि दोनों 30 नवंबर तक पेश नहीं होते हैं तो उन्हें भगोड़ा घोषित करने की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों के खिलाफ जारी गैर-जमानती वारंट तामील नहीं हो सके हैं और वे गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहे हैं। क्राइम ब्रांच ने अदालत को बताया कि बुलंदशहर स्थित शाहबाज और रेहान के घरों पर 29 जुलाई और चार अगस्त को छापेमारी की गई थी, लेकिन दोनों के घर बंद मिले। पुलिस ने दूसरे राज्यों में भी उनकी तलाश की। अदालत ने पुलिस की रिपोर्ट, बयानों का अवलोकन करने के बाद माना कि दोनों गिरफ्तारी से बच रहे हैं। इसी आधार पर अदालत ने भगोड़ा घोषित करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाने का आदेश दिया। इस मामले में क्राइम ब्रांच अब तक 20 आरोपितों को गिरफ्तार कर चुकी है।

मूसेवाला हत्याकांड में हथियार सप्लाई

शाहबाज अंसारी राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) के एक अन्य मामले में भी वांछित है। एजेंसी ने वर्ष 2022 में सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में हथियारों की आपूर्ति से जुड़े आरोपों के तहत उसके खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत कार्रवाई की थी। बताया जाता है कि जून 2025 में अंतरिम जमानत मिलने के बाद वह विदेश चला गया था। मौजूदा हथियार तस्करी मामले में भी यूएपीए लगाया गया है। पुलिस के अनुसार, शाहबाज के पिता कुर्बान अंसारी की वर्ष 2020 में कोविड के दौरान मौत के बाद उसने कथित तौर पर नेटवर्क की जिम्मेदारी संभाली थी। जांच में अवैध विदेशी हथियारों को पाकिस्तान से कुवैत और फिर नेपाल के रास्ते सोनौली सीमा के जरिये भारत लाने की आशंका जताई गई है। इस मामले में लारेंस के कई गैंगस्टर जेल में हैं।

बिम्सटेक की बैठक आज

बांग्लादेश के गृह मंत्री ने भारत आने से किया इनकार

एजेंसी ▶▶ ढाका



भारत और बांग्लादेश के बीच जारी कूटनीतिक तनाव के बीच बांग्लादेश के गृह मंत्री सलाहुद्दीन अहमद ने नई दिल्ली में आज मंगलवार को आयोजित होने वाली बिम्सटेक गृह मंत्रियों की पहली बैठक से दूरी बना ली है। उनकी अनुपस्थिति में अब ढाका का प्रतिनिधित्व एक वरिष्ठ ब्यूरोक्रेट के नेतृत्व वाला प्रतिनिधिमंडल करेगा। यह दो दिवसीय बैठक सोमवार को सदस्य देशों के गृह और आंतरिक मंत्रालयों के अधिकारियों के विचार-विमर्श के साथ शुरू हुई।

क्षेत्र में तनाव बढ़ा

उत्तर कोरिया ने दागीं कई घातक बैलिस्टिक मिसाइलें

एजेंसी ▶▶ सियोल



उत्तर कोरिया ने सोमवार को अपने पूर्वी समुद्री क्षेत्र की ओर एक के बाद एक कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के अनुसार, ये मिसाइलें राजधानी प्योंगयांग के आसपास के क्षेत्र से छोड़ी गईं। उत्तर कोरिया हाल के वर्षों में अपने हवाई अड्डे को मिसाइल प्रक्षेपण के प्रमुख केंद्र के रूप में इस्तेमाल करता रहा है। सेना ने फिलहाल यह स्पष्ट नहीं किया कि कितनी मिसाइलें दागी गईं और उन्होंने कितनी दूरी तय की।

भारतीय नौसेना में शामिल हुआ आईएनएस मंगरोल



मुंबई। कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा बनाए गए तीसरे माहे-क्लास एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट आईएनएस मंगरोल को मुंबई, महाराष्ट्र के नेवल डॉकयार्ड में भारतीय नौसेना में शामिल किया गया।

वीजा नीतियों का असर

सपने छोड़ अमेरिका से स्वदेश लौट रहे भारतीय टेक पेशेवर पिछले साल की तुलना में अधिक

> एच-1बी वीजा, ग्रीन कार्ड और जॉब मार्केट का दबाव

एजेंसी ▶▶ सिलिकॉन वैली

अमेरिका में छंटनी , एच-1बी वीजा की कड़ी शर्तों, पीईएआरएम-ग्रीन कार्ड प्रक्रिया के अचानक रोके जाने और कानूनी अनिश्चितताओं के बीच सैकड़ों भारतीय आईटी पेशेवर अपना अमेरिकी सपना पीछे छोड़कर भारत लौट रहे हैं।

अकेले टेक्सास राज्य में फॉरक्लोजर के 4,961 मामले सामने आए, जिसमें अगस्त 2026



में पिछले साल की तुलना में 43.46 फीसदी की भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई। स्थिति इतनी गंभीर व आपातकालीन हो गई है कि कई टेक पेशेवर संपत्ति बेचने या समेटने का समय न मिलने के कारण अमेरिका में अपने घर, फर्नीचर और गाड़ियां तक छोड़कर या कबाड़ी के पास भेजकर रातों-रात भारत आ रहे हैं। हैदराबाद लौटे एक टेक पेशेवर ने मीडिया को बताया कि वीजा और नौकरी की अनिश्चितता के बीच मेरे पास कोई विकल्प नहीं बचा था कई भारतीय परिवारों ने अमेरिका में बड़े घर खरीदे थे। लेकिन अचानक नौकरी जाने या वीजा अवधि खत्म होने पर वे अपने घर बेच नहीं पाए। कुछ क्षेत्रों में रियल एस्टेट की कीमतें गिरने से घर की वैल्यू कम हो गई, जिससे उन्हें प्रॉपर्टी बेचना घाटे का सौदा लगा या समय ही नहीं मिला। हाल ही में अमेरिकी प्रशासन द्वारा कंपनियों और आउटसोर्सिंग फर्मों के लिए लंबा समय लगा।

मक्का रक्षा समझौते के सक्रिय होने से बढ़ा क्षेत्रीय तनाव

हूतियों पर रियाद के हवाई अड्डे पर मिसाइल हमला करने का था आरोप

सऊदी अरब की मदद पर भड़का ईरान, पाकिस्तान और तुर्की को यमन से दूर रहने की दे डाली चेतावनी

एजेंसी ▶▶ तेहरान

सऊदी अरब, पाकिस्तान और तुर्की के बीच रक्षा सहयोग बढ़ने से पश्चिम एशिया में तनाव गहराने लगा है। ईरान ने इस समझौते की आलोचना करते हुए पाकिस्तान और तुर्की को यमन के मामलों में हस्तक्षेप से दूर रहने की चेतावनी दी है। तेहरान की नाराजगी की प्रमुख वजह सऊदी अरब को मिल रही सैन्य मदद और यमन के हूती विद्रोहियों के खिलाफ तेज होते हवाई हमले हैं। हूती विद्रोहियों को ईरान का करीबी सहयोगी माना जाता है। ईरान ने पाकिस्तान की अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्थ की भूमिका पर भी सवाल उठाए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, बीते सप्ताह यमन के हूती विद्रोहियों ने सऊदी अरब की राजधानी रियाद के हवाई अड्डे पर मिसाइल हमला किया था।

तेहरान ने यमन में दखल के गंभीर परिणाम भुगतने की दी चेतावनी





समझौते को बताया कागजी खानापूर्ति

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने पड़ोसी देशों से आत्मनिर्भरता और वास्तविक भाईचारे पर आधारित नीति अपनाने की अपील की। वहीं, ईरानी संसद के राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति आयोग के सदस्य अहमद बख्शायेश ने समझौते को कागजी करार दिया। ईरानी नेता अलाउद्दीन बोरुजेर्दी ने पाकिस्तान और तुर्की को इतिहास से सीखने की सलाह देते हुए कहा कि यमन में वर्षों तक चले युद्ध के अनुभव को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ईरानी सांसद इब्राहिम रेजाई ने कहा कि सऊदी अरब को बाहरी देशों के साथ समझौते करने के बजाय अपनी नीतियों में सुधार करना चाहिए। उधर, सांसद अहमद नादेरी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि यमन के खिलाफ युद्ध में सऊदी अरब का साथ देने से पाकिस्तान की छवि प्रभावित हो सकती है।

सब्जियों पर महंगाई का तड़का, किसान बेहाल और ग्राहक परेशान

खेत से मंडी तक सस्ती उपज, हाट बाजारों में दोगुने-ढाई गुना दाम पर बिक रही

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶| भोपाल

राजधानी में सब्जियों की कम आवक ने कीमतों में तेजी ला दी है। करोंद स्थित थोक सब्जी मंडी से लेकर शहर के हाट बाजारों तक सब्जियों के भाव में उछाल देखने को मिल रहा है। इसका सीधा असर आम आदमी की जेब और रसोई के बजट पर पड़ रहा है। हैरानी की बात यह है कि बाजार में जहां ग्राहकों को सब्जियां महंगे दामों पर खरीदनी पड़ रही हैं, वहीं किसानों को अपनी उपज का अपेक्षित मूल्य नहीं मिल पा रहा है।

खेत से बाजार तक कीमतों का यह अंतर किसान और उपभोक्ता, दोनों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। आलू, प्याज, टमाटर और हरी सब्जियों की कीमतों में अंतर के चलते आम परिवारों का मासिक बजट गड़बड़ाने लगा है। रोजमर्रा की जरूरत वाली सब्जियां खरीदने के लिए भी लोगों को पहले की तुलना में अधिक रकम खर्च करनी पड़ रही है। दूसरी ओर, खेती में खाद, बीज, सिंचाई, मजदूरी और परिवहन पर बढ़ते खर्च के बावजूद किसानों को उनकी उपज का उचित दाम नहीं मिल पा रहा है।

आम परिवारों का मासिक बजट गड़बड़ाने लगा

कीमतों में अंतर किसान और उपभोक्ता दोनों के लिए परेशानी का सबब

व्यापारिक मार्जिन थोक और खुदरा भाव के बीच बड़ा अंतर



आवक में कमी, थोक मंडी में ये हैं भाव

करोंद स्थित थोक सब्जी मंडी के कारोबारी राजेंद्र सैनी और अब्दुल जावेद रकीब के मुताबिक, मंडी में पहले की अपेक्षा सब्जियों की आवक कम है। रोजाना करीब 40 से 60 पिकअप वाहनों में सब्जियां पहुंच रही हैं। इसके अलावा 15 से 20 गाड़ियां टमाटर, 12 हजार से 13 हजार कट्टे आलू और 5 हजार से 7 हजार कट्टे प्याज की आवक हो रही है। कारोबारियों के अनुसार, थोक मंडी में आलू 4 से 8 रुपए किलो, प्याज 20 से 25 रुपए किलो और टमाटर 20 से 25 रुपए किलो बिक रहा है। टमाटर की एक कैरेट, जिसका वजन करीब 22 से 24 किलो है, 500 से 600 रुपए में मिल रही है। वहीं, भिंडी 20रुपए, पत्तागोभी 12 से 14 रुपए, फूलगोभी 14 से 15 रुपए और हरी धनिया पत्ती 15 से 20 रुपए किलो के भाव पर उपलब्ध है। इसी तरह हरी मिर्च 50 से 60 रुपए, शिमला मिर्च करीब 50रुपए, अरबी 20 से 22रुपए, नया अदरक 70 से 80 रुपए और पुराना अदरक 100 से 120 रुपए किलो बिक रहा है। कद्दू 14 से 15 रुपए, बैंगन 18 से 20 रुपए और गिलकी 15 से 16 रुपए किलो के भाव पर है। मेथी भाजी के दाम 70 से 80 रुपए किलो तक पहुंच गए हैं।

मंडी में अपेक्षाकृत कम कीमत पर सब्जियां

थोक मंडी के मुकाबले हाट बाजारों में सब्जियां दोगुने से ढाई गुना तक दाम पर बेचे जाने की बात सामने आ रही है। ऐसे में मंडी में अपेक्षाकृत कम कीमत पर उपलब्ध सब्जियां ग्राहकों तक पहुंचते-पहुंचते काफी महंगी हो जाती हैं। खासकर सीमित आय वाले परिवारों के लिए यह अंतर परेशानी बढ़ा रहा है। थोक और खुदरा कीमतों के बीच इतना अंतर होने से यह सवाल भी उठता है कि किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य दिलाने और ग्राहकों को उचित दर पर सब्जियां उपलब्ध कराने के लिए बाजार व्यवस्था को अधिक पारदर्शी कैसे बनाया जाए।

खेत में लागत की मार, बाजार में कीमतों का अंतर

सब्जियों की कीमतों में इस अंतर का असर उत्पादन करने वाले किसान से लेकर खरीदने वाले ग्राहक तक दिखाई दे रहा है। किसान को फसल तैयार करने के लिए खाद, बीज, सिंचाई, मजदूरी और ढुलाई पर खर्च करना पड़ता है। इसके बाद भी मंडी में उपज का उचित भाव नहीं मिलने पर उसकी कमाई प्रभावित होती है। वहीं, मंडी से खुदरा बाजार तक सब्जियां पहुंचने के दौरान परिवहन, छंटाई, खराब होने का जोखिम, भंडारण और व्यापारिक मार्जिन जैसे खर्च जुड़ते हैं। इन कारणों से खुदरा कीमतें बढ़ सकती हैं,।

मौसम पर टिकी कीमतों की चाल

सब्जी कारोबारी राजेंद्र सैनी के अनुसार, आने वाले दिनों में सब्जियों के भाव मौसम के मिजाज और मंडी में होने वाली आवक पर निर्भर करेंगे। यदि आवक में सुधार होता है, तो कीमतों में राहत मिलने की संभावना बन सकती है। फिलहाल कम आवक के बीच ग्राहकों को महंगी सब्जियों से राहत मिलने का इंतजार है। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य और उपभोक्ताओं को वाजिब दर पर सब्जियां उपलब्ध कराने के लिए खेत से बाजार तक बेहतर संपर्क, परिवहन व्यवस्था में सुधार और थोक-खुदरा कीमतों में पारदर्शिता जरूरी है। तभी किसान की मेहनत का सही मूल्य और ग्राहक की जेब को राहत मिल सकेगी।

ठगों से बचाएगा 'बॉब साइबर वीरू', बॉब ने छेड़ी मुहिम

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶| भोपाल

डिजिटल बैंकिंग के बढ़ते इस्तेमाल के बीच साइबर ठगों पर लगाम लगाने के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा ने 'बॉब साइबर वीरू' जागरूकता अभियान शुरू किया है। इसका मकसद ग्राहकों को ठगी के नए तरीकों से आगाह करना और सुरक्षित डिजिटल लेनदेन के लिए तैयार करना है। फर्जी लिंक, नकली केवाईसी, यूपीआई धोखाधड़ी, क्यूआर कोड और नकली ग्राहक सेवा कॉल जैसे खतरों के प्रति लोगों को आसान भाषा में जागरूक किया जाएगा। अभियान के तहत छोटे वीडियो, चित्रों, त्वरित सुझावों और सवाल-जवाब के जरिए साइबर ठगी की पहचान करना सिखाया जाएगा। ग्राहकों को बताया जाएगा कि ठग किस तरह बैंक अधिकारी बनकर गोपनीय जानकारी मांगते हैं या स्क्रीन साझा करने के बहाने खाते तक पहुंचने की कोशिश करते हैं। बैंक ने सलाह दी है कि किसी अनजान लिंक पर क्लिक करने, ओटीपी या बैंकिंग जानकारी साझा करने और किसी लेनदेन को मंजूरी देने से पहले पूरी जांच करें।



कर्मचारी कल्याण अब कारोबार का हिस्सा लांच हुआ 'भारत कार्यस्थल कल्याण चार्टर'

एजेंसी:मुंबई। कर्मचारियों का स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और कार्यक्षमता अब केवल मानव संसाधन विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि कारोबार की सफलता से जुड़ी अहम प्राथमिकताएं हैं। इसी सोच को बढ़ावा देने के लिए भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने मुंबई में आयोजित पहले भारतीय कार्यस्थल कल्याण शिखर सम्मेलन 2026 में 'भारत कार्यस्थल कल्याण चार्टर' की शुरुआत की। इस पहल के माध्यम से कंपनियों से कर्मचारी कल्याण को अतिरिक्त सुविधा या औपचारिक योजना मानने के बजाय कारोबारी रणनीति, नेतृत्व की जवाबदेही और संगठनात्मक संस्कृति का अभिन्न हिस्सा बनाने की अपील की गई। आदित्य बिड़ला एजुकेशन ट्रस्ट की संस्थापक एवं अध्यक्ष और सीआईआई की कार्यस्थल कल्याण पहल की प्रमुख नीरजा बिड़ला ने कहा कि कर्मचारियों का कल्याण और कारोबार का बेहतर प्रदर्शन एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), आधुनिक तकनीक और कामकाज के बदलते तौर-तरीकों के बीच कंपनियों को ऐसी कार्यप्रणाली विकसित करनी होगी जो कर्मचारियों के स्वास्थ्य, संतुलन और उत्पादकता को बनाए रखने में मदद करे। उन्होंने जोर दिया कि कर्मचारी कल्याण को केवल स्वास्थ्य सुविधाओं तक सीमित रखने के बजाय प्रबंधन नीतियों, कामकाज की व्यवस्था और प्रदर्शन से जुड़ी अपेक्षाओं में शामिल करना जरूरी है। यह दृष्टिकोण बड़े कॉरपोरेट कार्यालयों से लेकर विनिर्माण इकाइयों और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) तक अपनाया जाना चाहिए।



सीआईआई वेलबीइंग चार्टररिपोर्ट जारी

शिखर सम्मेलन के दौरान नीरजा बिड़ला ने सीआईआई वेलबीइंग चार्टर रिपोर्ट भी जारी की। इस अवसर पर सीआईआई की उपमहानिदेशक जेन करकाडा, सीआईआई की राष्ट्रीय नेतृत्व एवं मानव संसाधन समिति के अध्यक्ष तथा अडानी सीमेंट के मुख्य परिचालन अधिकारी एवं संयुक्त अध्यक्ष संजय बेहल और एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेंस की ग्राहक अनुभव, स्थिरता एवं मानव संसाधन प्रमुख सुदक्षिणा भट्टाचार्य मौजूद रहीं। सम्मेलन में उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने स्वस्थ, सक्षम और सशक्त कार्यस्थल विकसित करने के उपायों पर चर्चा की।

कल्याण के लिए तय होंगे लक्ष्य, मापी जाएगी प्रगति

सीआईआई के अनुसार, 'भारत कार्यस्थल कल्याण चार्टर' का उद्देश्य कंपनियों को कर्मचारी कल्याण के लिए स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने, प्रयासों की प्रगति का आकलन करने और कार्यस्थल पर सकारात्मक बदलाव लाने में मदद करना है। इसके जरिए संगठनों को कर्मचारी हितों से जुड़ी पहलों को व्यवस्थित रूप देने और उन्हें संस्थागत प्राथमिकताओं में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। चार्टर की अवधारणा कार्यस्थल पर कल्याण को किसी एक योजना या सुविधा तक सीमित रखने के बजाय संगठन के व्यापक कामकाज से जोड़ने पर केंद्रित है।

राशिफल

मेष मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

वृष आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती

मिथुन मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

कर्क पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

सिंह व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

कन्या अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

तुला पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

वृश्चिक व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

धनु मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मकर आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

कुंभ मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

मीन मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक 1 बालाघाट (म. प्र.)

निविदा सूचना क्रमांक 34/व.ले.लि./2026-27 — बालाघाट, दिनांक 08.10.2026

निविदा आमंत्रण - सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है । उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

सं क्र.	टेण्डर क्रं.	जिला	कार्य का नाम	आमंत्रण क्रमांक	कार्य की अनुमानित राशि (राशि लाख में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	2026_PWDRB_541799	बालाघाट	**विशेष मजबूतीकरण कार्य** 1.जेवनारा से केरेगांव मार्ग लम्बाई 2.30 कि.मी. 2. कुल्पा से चिचमटोला मार्ग लम्बाई 2.20 कि. मी. 3. बेनेगांव से कटोरी मार्ग लम्बाई 1.80 कि.मी. 4. बेनेगांव से साल्हे मार्ग लम्बाई 2.80 कि. मी. 5. बहेला से गोर्रे मार्ग लम्बाई 2.40 कि.मी. कुल लम्बाई 11.50 कि.मी.	आठवां आमंत्रण	218.93	219000.00	15000.00	03 माह वर्षा ऋतु सहित
			कुल योग		218.93			

उपरोक्त वेबसाइट आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा । निविदा प्रपत्र आनलाईन क्रय करने एवं आनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 23 / 10 / 2026 (17.30) बजे निर्धारित है । निविदा की धरोहर राशि (EMD) एवं निविदा तथा अन्य सभी आवश्यक दस्तावेज आनलाईन ही जमा किये जायेगें । विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। कार्यपालन यंत्री

G-19953/26 "स्वच्छता ही सेवा" लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक 1 बालाघाट

कार्यालय, नगर पंचायत धरमजयगढ़ जिला - रायगढ़ (छ.ग.)

क्र. 859 / लो.नि.वि/न.पं./2026-27 — धरमजयगढ़ दिनांक 12/10/2026

।। ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना ।।

नगर पंचायत, धरमजयगढ़, रायगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	सि.नि.क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत राशि रू. (लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	201412 (2nd call)	Construction of Sports Complex (At Ward No. 09 Deepnagar)	RS. 234.00 (SOR 231.20 + NON SOR 2.80)	27.10.2026
2	201420 (2nd call)	NEHRU GARDEN EXTENSION AND RENOVATION (AT WARD NO. 10 NARAITIKRA)	RS. 195.74 (SOR 183.45 + NON SOR 12.29)	27.10.2026

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in & www.cguad.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत धरमजयगढ़
जिला - रायगढ़ (छ.ग.)

कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी नरसिंहपुर जिला - नरसिंहपुर (म.प्र.)

(Email ld-deonar-mp@nic.in दूरभाष नम्बर - (07792) 230385)

पत्र क्रमांक 7382/क्रीड़ा/2026 — **निविदा आमंत्रण सूचना** — नरसिंहपुर, दिनांक 09/10/2026

कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, नरसिंहपुर में आयोजित होने वाली 70वीं राष्ट्रीय शालेय क्रिकेट 19वर्ष बालक क्रीड़ा प्रतियोगिता दिनांक 11 से 17 नवम्बर 2026 में खिलाड़ी / ऑफीशियल्स को होटल / लॉज / मैरिज गार्डन केवल गाडरवारा शहर अंतर्गत आवास व्यवस्था हेतु ऑनलाइन बेवसाइट https://www.mptenders.gov.in के माध्यम निम्नानुसार निविदा आमंत्रित की जाना हैं :-

स. क्र.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी.	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1	2026_DPI_542058_1	70वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता सत्र 2026-27 हेतु गाडरवारा (शहर अंतर्गत) की होटल/लॉज/मैरिज गार्डन में आवास व्यवस्था हेतु	15,00,000.00	2000.00 45000.00	26.10.2026

1. निविदा का विस्तृत विवरण एवं शर्तें आदि ऑनलाइन बेवसाइट https://www.mptenders.gov.in के माध्यम एवं कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी नरसिंहपुर में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर देखी जा सकती हैं।2. किसी भी प्रकार का संशोधन सिर्फ बेवसाइट पर प्रकाशित किया जायेगा, समाचार पत्रों में नहीं ।

G-19902/26 "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार" जिला शिक्षा अधिकारी (जिला - नरसिंहपुर)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण संभाग साउथ सिविल लाईन जबलपुर

एनआईटी नं.-08/2026/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/2026 — जबलपुर दिनांक 29.09.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

स. क्र.	पोर्टल टेंडर क्र.	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्रमांक	कार्य की अनुमानित राशि (रू. लाख में)	भौतिक रूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ. डी. आर. एवं अन्य दस्तावेज)
1	2	3	4	5	6	7	8
1	2026_PWDRB_539534_1	जिला सिवनी	पुल कार्य	सिवनी जिले के अंतर्गत बालपुर से धनौरा मुख्य जिलामार्ग के कि. मी. 11/6 में हालोन नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य।	द्वितीय आमंत्रण	रू. 380.88 लाख	समस्त दस्तावेज ऑन लाईन जमा किये जावेगे

उपरोक्त बेबसाईड ऑन लाईन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्युमेंट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा । निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 21 /10 /2026 शाम 18.00 बजे निर्धारित है । विस्तुत एन. आई.टी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट में देखा जा सकता है । निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जावेगा । पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

मूल एफ. डी. आर. एवं अन्य दस्तावेज ऑन लाईन प्राप्त की जावेगी । कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग जबलपुर

G-19957/26 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

भोपाल बैंक ऑफिस, 6 ए–6बी, पहली मंजिल, सूरी आर्केड, गोविंद गार्डन, बिजली नगर के सामने, रायसेन रोड, गोविंदपुरा, भोपाल 462023 दूरभाष. 0755–4063007, 4063008

ई.नीलामी बिक्री नोटिस

चूँकि नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (एलआईसी एचएफएल) के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित उधारकर्ताओं / बंधककर्ताओं/गारंटरों को डिमांड नोटिस जारी किया है, जिसमें उनसे उक्त नोटिस में उल्लिखित बकाया राशि चुकाने का आह्वान किया गया है। तथापि, ऋणी/बंधककर्ता/गारंटर उक्त देय राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं।

अतः नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) और धारा 14 के साथ नियम 8 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सांकेतिक / भौतिक कब्जा ले लिया है। यह सूचना आम जनता को तथा विशेष रूप से ऋणी(ओं)/ गारंटर(ओं) को दी जाती है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति एलआईसी एचएफएल के पास बंधक रखी गई है, जिसका कब्जा एलआईसी एचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है तथा इसे "जहां है जैसा है", "जो है जैसा है" तथा "जो कुछ भी है" के आधार पर तथा बिना किसी सहारा के आधार पर दिनांक 30.11.2026, को नीचे दिए गए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेचा जाएगा।

प्रापर्टी 1 श्रीमती संध्या ग्रे और श्री नीरज कुमार लोन नंबर 80020500004290

संपत्ति का विवरण

संपत्ति का पूरा विवरणरू प्लॉट नंबर 19, सुशीला परिषर, मौजा अमखेरा, एनबी 04, पटवारी हल्का नंबर 22/24 नया 80 (अमखेरा), आरएनएम महाराजपुर, ए.पी.जे. अब्दुल कलाम वार्ड क्रमांक 74, पुरानी तहसील पनागर नई तहसील अधारताल, जिला जबलपुर, मध्य प्रदेश, प्लॉट एरिया 800 वर्गफीट।

मांग सूचना तिथि: 15.01.2026	**ACCOUNT DETAILS**
मांग राशिः रु. 29,39,393.75 /- + ब्याज व अन्य खर्चे सहित	
सांकेतिक कब्जे की तिथि – 24.04.2026	Beneficiary Name: LIC Housing Finance Ltd.
निश्चित आरक्षित मूल्य - 31,50,000/- (केवल इकतीस लाख पचास हजार रुपये मात्र)	Bank: Axis Bank, Centralised Collection Hub
ईएमडी रु. 3,15,000/- (केवल तीन लाख पंद्रह हजार रुपये मात्र)	Account No: LHBP8002050004290
30.11.2026 -तक देय कुल राशि–रु. 31,79,941.14 /-	IFSC Code: UTIB0CCH274
Website of E-Auction: https://www.auctionbazaar.com	auctionbazaar.com
संपत्ति दस्तावेजों की फोटोकॉपी के निरीक्षण की तिथि और समयः 23.11.2026 दोपहर 1.00 बजे से अपराह्न 3.00 बजे तक	नीलामी की तिथि एवं समय अवधिः 30.11.2026 दोपहर 01:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक संपत्ति का पता जहां दस्तावेजों का निरीक्षण किया जा सकता है एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, पहली मंजिल, प्लॉट नंबर 1919, राइट टाउन, प्रेम मंदिर के पास, जबलपुर एम.पी., 482002
संपत्ति का निरीक्षण	24.11.2026 दोपहर 01:00 बजे से 03:00 बजे तक
संपर्क व्यक्तिः पवन निगम.	संपर्क विवरण : 8349973965
सेवा प्रदाता से ई–नीलामी का संपर्क विवरण	ARCA EMART PVT LTD (www.auctionbazaar.com) 6-3-1090/1/1, दूसरी मंजिल, भाग बी, उमा हैदराबाद हाउस राजभवन रोड, सोमाजीगुडा, हैदराबाद–500082, तेलंगाना, भारत, Email: contact@auctionbazaar.com/ disposal.central@auctionbazaar.com & 7799830999 / 8370969696
ऑनलाइन निविदा / बोली जमा करने की अंतिम तिथि	25.11.2026 और शाम 5:00 बजे से पहले
ई–नीलामी तिथि	30.11.2026 दोपहर 01:00 बजे से शाम 3:00 बजे तक

दिनांक : 13.10.2026
स्थान : जबलपुर

'नीलामी के अन्य सभी नियम व शर्तें आधिकारिक वेबसाइट https://online.lichousing.com/eauction/ पर अनुलग्नक 2 के रूप में उल्लिखित हैं।

आज्ञा से
प्राधिकृत अधिकारी
एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.

शब्द पहेली - 6376



बाएँ से दाए
1. बलगम-2
3. जाप,मंत्र पाठ-2
5. काया,बदन-2
7. ठाठ-बाट-2
9. गिरावट,अवनति-3
11. बुरी आदत-2
13. सदं,अच्छा-2
15. बंदर-3
17. अपशिष्ट पदार्थ-2
19. थोड़ा-2
22. दबाना,कुचलना-3
24. शारीरिक ऊंचाई-2
26. आम जनता-2
28. पिता के पिता-2
30. पक्षाघात,फालिज-3
32. मनमौजी,अलमस्त-2
34. नवीन-2
36. लोच-3
38. गाड़ी,घोड़ागाड़ी-2
41. बीता हुआ दिन-2
43. लेखनी,पेन-3
45. अधर-2
47. रांझा की प्रेमिका-2
49. अप्सरा,परी -2
51. गर्भ,कोख-3
53. दंड,शिक्षा -2
55. पाश,फंदा-2
57. परखना-3
60. वोट,अभिप्राय-2
62. हत्या-2
64. तिरस्कृत-3
66. शराब-2
67. उद्देश्य-2
68. टूंटी,नलका-2
69. आनंद-2

ऊपर से नीचे
1. प्याला-2
2. धर्म आदेश-3
4. क्षण,लमहा-2
6. गगन,आकाश-2
8. सरुर,खुमार-2
10. पति की बहन-3
12. अंधकार-2
14. शर्म,लज्जा-2
16. पासों से भविष्य जानने की विद्या-3
18. भाग्य (अंग्रेजी-2)
20. रहस्य-2
21. कुर्बान-2
23. अनुकृति-3
25. जोर,बल-2
27. नाखून-2
29. दक्षिणा-2
31. पढ़ने वाला-3
33. परत-2
35. भैंस जैसा एक प्राणी-2
37. झगड़ा-3
39. भूमि,धरा -2
40. राहगीर-2
42. रक्त-2
44. मां का प्रेम-3
46. दम-2
48. आनंद-2
50. छुट्टी-2
52. झगड़ना-3
54. प्याला-2
56. प्यार-2
58. असफल-3
59. यमराज-2
61. पैंदा-2
63. संपत्ति-2
65. सम्राट-2

शब्द पहेली - 6375 का हल

	य	ती	म	खा	ना		म	हा	बी	र
क	श		हा		ना	ह	क		र	म
हा		ना	न	सें	स		र	मा		जा
नी	र	व	ता		सु	र		न	म	न
का		खे		अ	र	क्ष			सी	
र	बा	ना	हो	ना		पा	ल	न	हा	र
	ह			चा	ह	त		का		च
का	न	न		र	म		ब	र	सा	ना
म		र	ज		स	का	र	ना		का
धा	र		खि	ला	फ		स		भो	र
म	स	ख	रा		र	म	ता	जो	गी	

सूडोकु नवताल - 6386

मध्यम

8	2			6			1	
	6		8	9			7	5
3			1					2
	3		4				6	
6		2		1		4		3
	8				5		2	
2					3			1
5	1			7	6		4	
	9			4			3	6

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6385 का हल

8	6	4	2	7	9	5	3	1
7	3	9	1	8	5	2	6	4
1	5	2	4	3	6	7	9	8
4	1	3	8	6	7	9	5	2
5	8	6	9	2	4	3	1	7
2	9	7	5	1	3	8	4	6
9	4	8	7	5	1	6	2	3
3	7	5	6	4	2	1	8	9
6	2	1	3	9	8	4	7	5

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, दिल्ली और हरियाणा से एक साथ प्रकाशित

haribhoomi.com

12

जबलपुर, मंगलवार
13 अक्टूबर 2026

हरिभूमि

नवरात्र विशेष

सहेली



मांगें मन की शक्ति संग जीवन संवारने का आशीष

आत्मशक्ति के आह्वान का, चेतना को जाग्रत करने का पर्व नवरात्र आरंभ हो चुका है। इन दिनों का भव्य, दिव्य परिवेश न केवल हमें मां शक्तिस्वरूपा का सान्निध्य पाने का अवसर देता है, अपने जीवन को नई ऊर्जा से भरने के लिए भी प्रेरित करता है। आइए इन नवरात्रों में हम सब मां भगवती से आत्मशक्ति के जागरण के साथ अपने जीवन को संवारने का भी आशीष मांगें। ताकि घर-परिवार से लेकर समाज में सकारात्मकता का संचार हो।

आवरण कथा

डॉ. मोनिका शर्मा

बीते दो दिन से हर ओर मां आदिशक्ति के जयकारे गूंज रहे हैं। मातृशक्ति के समक्ष पूरा समाज नतमस्तक है। बहुत से घरों में घट स्थापना के बाद नियमित पूजन-अर्चन हो रहा है। कहीं गरबा का उल्लास तो कहीं किसी एक कोने में भक्तिभाव से मां की प्रार्थना में रत मन। शक्ति को साधने का उत्सव कहे जाने वाले नवरात्र पर्व की छटा आम जीवन में ही नहीं, आत्मा में भी उतरती है। हर कोई अपनी ऊर्जा का समर्पण कर मां दुर्गा से यह आह्वान करता दिखता है कि शक्ति स्वरूपा नई शक्ति और सोच का संचार करें। घर-परिवार ही नहीं, समग्र संसार में सुख-शांति बनी रहे। मां का आशीर्वाद जिंदगी को सही दिशा में गतिमान रखे। भगवती का आशीष, सोच-समझ में सकारात्मकता के रंग भर दे। असल में बच्चे हों या बड़े, ऊर्जा और अनुभूतियों का यही भाव जीवन से जोड़ता है। समझना जरूरी है कि इस सहजता और सकारात्मकता के साथ ही मां दुर्गा की आराधना ममता, क्षमा, स्वाभिमान और न्याय का भाव भी लिए है। तभी तो उपासना के ये नौ दिन, परंपरागत रंगों के साथ ही मानवीय सोच और मन को मजबूत बनाने का सुंदर अवसर भी हैं। शक्ति स्वरूपा भगवती, जीवन के हर पहलू को संवारने का विचार जगाने वाली हैं। हर बुराई का प्रतिकार करने की हिम्मत देने वाली हैं। स्त्रियों के मन-जीवन से ऐसे भाव गहराई से जुड़े होते हैं। महाशक्ति देवी भगवती की उपासना कर, हर स्त्री अपने सामर्थ्य को पहचानने का आशीष मांगे। अपने जीवन के रण में स्वयं शक्ति स्वरूपा बनें।



मन की शक्ति को समझिए

नवरात्र का महापर्व आस्था और विश्वास के जरिए अपनी ही असीम शक्तियों से हमारा परिचय पाने का समय होता है। ये नौ दिन मन-जीवन को नया-सा कर जाते हैं। ऐसे में मां का आह्वान कर हर स्त्री जीवन की परिस्थितियों से जूझने का साहस और संबल जुटा सकती है। मां अंबे की साधना करते हुए उनके शक्तिस्वरूपा और जाग्रत रूप को अपने भीतर सहेजते हुए बेहतरी की ओर बढ़ने का प्रण ले सकती हैं। मन और मस्तिष्क के लिए नई ऊर्जा उपार्जित कर सकती हैं। उम्र के हर मोड़ पर महिलाएं कई मोर्चों पर एक साथ जूझती हैं। आर्थिक संकट से लेकर अपनों की संभाल-देखभाल तक, फिक्र के फेर में फंसी रहती हैं। भारतीय परिवेश में तो महिलाएं हौसले और हिम्मत से हर संकट का सामना करते हुए आगे बढ़ी हैं और बढ़ रही हैं। माना भी जाता है कि स्त्री हर संकट से जूझने का हौसला जुटा ही लेती है। यह अवसर इस शक्ति को और निखारने का अवसर होता है, क्योंकि नारी की प्रखरता और शक्ति सामर्थ्य का नाम ही मां दुर्गा है। नौ दिनों का आध्यात्मिक और पारंपरिक पर्व हर स्त्री को समझाता है कि प्रकृति ने उसे सहज-सरल ही नहीं बनाया, जरूरत पड़ने पर हर मुसीबत से लड़ जाने का माद्दा भी दिया है। मां भगवती का पूजन-अर्चन अपने सामर्थ्य को सहेजने और मुसीबतों के आगे मोर्चा संभालने की शक्ति का आह्वान करना ही तो है। इन नौ दिनों में मां का वंदन करते हुए अपने भीतर की इस शक्ति को पहचानने का प्रयास भी हर स्त्री अवश्य करे।

सजग-जागरूक बनिए

मां दुर्गा का रूप भारतीय स्त्री के आत्मविश्वास से दमकते मुखमंडल का प्रतीक है। मातृ-शक्ति के रूप में पोषक और चेतनामयी रूप में सजगता और जागरूकता का प्रतिबिंब। स्त्री जीवन में हर मोर्चे पर सजगता और जागरूकता अहम है। असल में देखा जाए, तो महिलाओं में जिंदगी के हर पहलू को लेकर चेतना संपन्न सोच होनी ही चाहिए। अधिकारों के लिए जागरूकता और सुरक्षित जीवन के लिए सजगता आवश्यक है। भारत ही नहीं, संसार के हर हिस्से में सशक्त बनने और बने रहने की एक जरूरी शर्त जागरूक और सजग रहना ही है। हर जगह नियम-कानूनों की जानकारी रखना ही, तो सुरक्षा और सम्मान के हालात बनाता है। इतना ही नहीं जिंदगी से जुड़ी दूसरी रूढ़ियों को लेकर मुखरता और संकीर्ण विचारों का विरोध करने का धरातल भी सही जानकारी ही बनाती है। आप गृहिणी हों या काम-काजी, हर महिला के लिए किसी सार्थक और सकारात्मक पहल का हिस्सा बनने या अपने जीवन को बेहतर बनाने का पहला पड़ाव जागरूक रहना ही है। नवरात्र में मां दुर्गा से भी अपनी चेतना को पोषित करने का आशीष मांगा जाता है। शक्ति उपासना के इस पर्व पर हर स्त्री अपने अंतर्मन की शक्ति को साधने और जागरूक रहने का बल जुटाए। एक चेतना से संपन्न स्त्री ही सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक



सरोकारों के प्रति जागरूक हो सकती है। समाज में फैली कुप्रथाओं के विरुद्ध लड़ने का संबल जुटा सकती है। यह अपने सामर्थ्य को पहचानने की दिशा में सबसे पहला कदम है।

साथ-स्नेह के मायने समझिए

आदि शक्ति की उपासना का पर्व नवरात्र, महिलाओं के मन और जीवन में झलकती नई ऊर्जा, नई चेतना को भी प्रतिबिंबित करता है। इस चेतनामयी बल के दम पर स्त्रियां आत्मविश्वासी और मुखर बनकर ना केवल हर मुसीबत से जूझ सकती हैं बल्कि औरों का सहारा भी बन सकती हैं। स्वयं मां दुर्गा ने भी कई बार देवताओं के कष्ट हरे हैं। शक्ति पूजा के बाद श्रीराम को जीत का आशीष भी आदिशक्ति ने ही दिया था। स्त्रियां भी साझी सोच के साथ हर संकट का मुकाबला कर सकती हैं। एक दूजे का संबल बन सकती हैं। इसीलिए किसी की पीड़ा भी बांटें और संबल भी दें। परेशानी के दौर में किसी का साथ दें और कामयाबी के समय सराहना भी करें। अपने सपनों को पूरा करने के हौसले के साथ ही दूसरों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने का मानस भी जरूरी है। अपनी नेतृत्व क्षमता और योग्यता पर भरोसा रखते हुए आगे बढ़ती जाएं। सशक्त होने का अर्थ यही है कि हम खुद को मजबूती से थामते हुए दूसरों को कुछ देना भी सीखें। स्त्री मां के रूप में मात्र जीवन नहीं देती है, अपने बच्चों को मनुष्यता का पाठ पढ़ाकर समाज को जिम्मेदार नागरिक भी देती है। वो स्वयं को कभी कम ना आंके। शक्ति के उपार्जन का यह पर्व मातृ-शक्ति की उपासना को सर्वोच्च दर्जा देता है। यूं भी भारतीय संस्कृति में मातृ-शक्ति को प्राणशक्ति माना गया है और उसका स्थान सबसे ऊपर है। इसीलिए इस पर्व पर हर महिला खुद सृजन शक्ति के सही अर्थ को समझे। अपने उस सामर्थ्य को पहचाने, जो उसे प्रकृति ने दिया है। स्त्रियां इसी सामर्थ्य के बल पर साथ-संबल का परिवेश बना सकती हैं। ईर्ष्या, स्पर्धा और असुरक्षा की भावना से दूर अपनी और दूसरी स्त्रियों की बेहतरी के लिए प्रयास करने का आशीष मांगना ही सही मायने में मां शक्ति के वंदन करने का भाव है। a

पर्व एक बहुत बड़ा अवसर होते हैं, अपनी संस्कृति-परंपरा से जुड़ने का। बच्चों को नवरात्र से जुड़े विधि-विधान बताएं और उन्हें अपनी परंपरा-संस्कृति से जोड़ें। इसके लिए आप कुछ बातों पर ध्यान दें।

नवरात्र में बच्चों को जोड़ें अपनी संस्कृति-परंपरा से

बच्चे और आप

निकिता चौहान



नवरात्र आरंभ चुके हैं। लोग बड़ी आस्था के साथ मां दुर्गा की पूजा-पाठ में व्यस्त हैं। भजन-कीर्तन चल रहे हैं। जगह-जगह माता की चौकी सजी हुई है। वहीं दूसरी तरफ गरबा-डांडिया भी आरंभ हो रहे हैं। बड़े-छोटे सभी इस उत्सवी माहौल में उमंगित हैं। इसमें कोई दो मत नहीं कि पर्व बच्चों को अपनी संस्कृति-परंपराओं से जोड़ने का एक अच्छा अवसर होते हैं। बच्चे सिर्फ पूजा के समय साथ बैठाने से अपनी संस्कृति-परंपराओं से परिचित नहीं हो सकते। उन्हें पूजा की तैयारी, भजन, प्रसाद और नवरात्र से जुड़ी अन्य गतिविधियों में सम्मिलित करना जरूरी है। इससे वे त्योहार का मतलब सही ढंग से समझेंगे, खुशी के साथ नवरात्र पर्व का हिस्सा बनेंगे।

पूजा की तैयारी में दें छोटी जिम्मेदारियां: बच्चों को नवरात्र पूजा की तैयारी में अवश्य शामिल करें। छोटे बच्चे, फूल सजाने और पूजा की थाली लगाने में मदद कर सकते हैं। बड़े बच्चे रंगोली बना सकते हैं या पूजा की जगह सजाने में सहायता कर सकते हैं। इससे उनके भीतर मां दुर्गा के प्रति आस्था और भक्ति के भाव जागेंगे।



नौ दिन-नौ कहानियां: बच्चों को हर दिन मां के एक स्वरूप की कहानी अवश्य सुनाएं। कहानी के साथ उससे मिलने वाली सीख भी बताएं, जैसे किसी दिन माता के साहस की बात करें, तो किसी दिन दया-करुणा और धैर्य की। इस तरह बच्चे मां की कथाओं से प्रेरणा लेंगे।

बच्चों के सवालों का जवाब दें: बच्चे बहुत ही जिज्ञासु होते हैं। वे पूछते हैं कि नवरात्र नौ दिन क्यों मनाई जाती है? कन्या पूजन क्यों होता है? मां के अलग-अलग स्वरूप क्यों हैं? बच्चों के सवालों को कभी टालें नहीं। उन्हें आसान भाषा में जवाब दें। जब बच्चों को किसी परंपरा की वजह समझ आती है, तो वे उसे आसानी से अपना पाते हैं।

प्रसाद बनाने में मदद लें: नवरात्र पूजन का प्रसाद और फलाहार बनाते समय बच्चों को भी साथ रखें। वे फल काटने, मेवा रखने या प्रसाद की प्लेट लगाने में मदद कर सकते हैं। इस दौरान उन्हें यह भी बताएं कि नवरात्र में अलग-अलग जगहों पर कौन-कौन से पारंपरिक पकवान बनाए जाते हैं।

गरबा-डांडिया में हो बच्चों की भागीदारी: बच्चों को नवरात्र की पूजा और परंपराओं से जोड़ने के साथ ही गरबा और डांडिया के बारे में भी बताएं। उन्हें इन कार्यक्रमों में ले जाएं, इनका हिस्सा बनाएं। इससे वे गरबा और डांडिया की संस्कृति का महत्व समझेंगे।

कन्या पूजन का मतलब बताएं: अष्टमी या नवमी पर कन्या पूजन के दौरान बच्चों को जरूर साथ में रखें। कन्याओं के स्वागत, भोजन और प्रसाद की तैयारी में उनकी मदद लें। उन्हें समझाएं कि कन्याओं का सम्मान जरूरी है। सम्मान सिर्फ त्योहार के दिन नहीं, बल्कि साल के प्रत्येक दिन होना चाहिए।

बच्चों को दें उनकी पसंद का काम: बच्चों को पूजा और परंपराओं से जोड़ते समय इस बात का ध्यान रखें कि उन्हें उनकी नापसंद का काम ना सौंपे, उन्हें उनकी पसंद के काम में शामिल करें। किसी को सजावट करना पसंद है, तो उसे सजावट करने दें और प्रसाद बांटना पसंद है, तो उसे यह जिम्मेदारी दें।

बड़े प्रयास की जरूरत नहीं: बच्चों को परंपराओं से जोड़ने के लिए बड़े प्रयास की जरूरत नहीं है। उन्हें बस त्योहार का हिस्सा बनाना है। जब बच्चे पूजा की थाली सजाएंगे, दादी-नानी से कहानी सुनेंगे, परिवार के साथ गरबा करेंगे और प्रसाद बांटेंगे, तो नवरात्र उनके लिए परिवार के साथ बिताया एक यादगार समय बन जाएगा। वे अपनी परंपरा-संस्कृति से जुड़ेंगे। a

ऐसे करें मेकअप-मेंटेन रहेगा ग्लो

मेकअप

निधि गोयल

नवरात्र में गरबा नाइट में घंटों डांस और मस्ती के बीच आपका लुक भी परफेक्ट रहना चाहिए। लेकिन पसीने की वजह से मेकअप जल्दी खराब हो सकता है। ऐसे में जरूरी है कि मेकअप करते समय सही प्रोडक्ट्स अप्लाई करें और कुछ आसान स्टेप्स को भी फॉलो करें। इससे आपका मेकअप लंबे समय तक टिका रहेगा और आप पूरी रात फ्रेश और खूबसूरत नजर आएंगी।



सबसे पहले मॉयश्चराइजर: सबसे पहले त्वचा को साफ करना जरूरी है। इसके लिए माइल्ड फेस वॉश के जरिए चेहरे को अच्छी तरह साफ कर लें। फिर चेहरे को मॉयश्चराइज करें। इससे आपकी त्वचा पर नमी बनी रहेगी, साथ ही मेकअप ज्यादा ड्राय नजर नहीं आएगा। साथ ही मेकअप बेहतर तरीके से हो पाएगा। इसके बाद प्राइमर का इस्तेमाल करें, जिससे मेकअप ज्यादा देर तक टिका रहता है। अगर आपकी स्किन ऑयली है, तो मैटिफाइंग प्राइमर लगाएं, खासकर माथे, नाक और ठुड्डी के आसपास। ड्राय स्किन के लिए हाइड्रेटिंग प्राइमर बेहतर विकल्प हो सकता है।

ज्यादा हैवी बेस लगाने से बचें: अगर आप चाहती हैं कि गरबा करते हुए आपको मेकअप अट्रैक्टिव नजर आए, तो बहुत ज्यादा मेकअप करने से बचें। गरबा में घंटों डांस करना हो, तो चेहरे पर फाउंडेशन की मोटी परत लगाने से बचें। हल्का और लॉन्ग-वेयर बेस चुनें और जहां जरूरत हो, वहीं कंसीलर लगाएं। ज्यादा



प्रोडक्ट लगाने पर पसीने के साथ पैची नजर आ सकता है।

वॉटरप्रूफ आई मेकअप: पसीने से आपका मेकअप मेल्ट न हो, इसके लिए आंखों पर वाटरप्रूफ आई मेकअप करें। इससे आपका मेकअप जल्दी से खराब नहीं होगा। बेहतर होगा कि आप वाटरप्रूफ काजल, आईलाइनर और मस्कारा चुनें।

टी-जोन को करें हल्का सेट: मेकअप के बाद ट्रांसलूसेंट या सेटिंग पावडर से खासतौर पर टी-जोन को हल्का सेट करें। इससे एक्सट्रा ऑयल को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। ध्यान रखें कि बहुत ज्यादा पावडर लगाने से चेहरा केकी दिख सकता है। इसलिए बहुत ज्यादा पावडर लगाने से बचें।

लॉन्ग-लास्टिंग लिपस्टिक: पसीना आने पर लिपस्टिक भी होंठों पर लंबे समय तक स्टे नहीं कर पाता है, तो ऐसे में जरूरी है कि बार-बार लिपस्टिक के टचअप से बचने के लिए मैट या ट्रांसफर-रेजिस्टेंट लिक्विड लिपस्टिक चुनें। लिपस्टिक लगाने से पहले होंठों को मॉयश्चराइज करें और लिप लाइनर का इस्तेमाल करें। a

(ब्यूटीशियन साधना शर्मा से बातचीत पर आधारित)

घर की सजावट हो अलग-आकर्षक

नवरात्र शुरू हो चुके हैं। आप इन दिनों अपने घर को कुछ अलग अंदाज में जरूर सजाना चाहेंगी। हम आपको कुछ ऐसे यूनीक आइडियाज बता रहे हैं, जिनसे आप अपने घर को आकर्षक अंदाज में डेकोरेट कर सकती हैं।

डेकोरेशन

रजनी अरोड़ा

नवरात्र और आने वाले त्योहारों के लिए आप अपने घर को अलग अंदाज में जरूर सजाना चाहेंगी। हर बार वही पुरानी झालरें लगाने के बजाय इस बार घर थोड़ा क्रिएटिव तरीके से सजाइए। थोड़ी-सी मेहनत और कुछ खूबसूरत आइडियाज से घर का कोना-कोना त्योहारों की चमक से जगमगा उठेगा।

नौ रंगों के दुपट्टों से सजाएं दीवार: नवरात्र के नौ रंगों को घर की सजावट में शामिल करना इस बार कुछ अलग और खूबसूरत आइडिया हो सकता है। स्ट्रिंग लाइट्स की जगह नौ अलग-अलग रंगों के दुपट्टे या रंगीन कपड़े दीवार, दरवाजे या पूजा स्थल के पीछे लगाएं। इन्हें अलग-अलग ऊंचाई पर सजाने से दीवार को आकर्षक लुक मिलेगा। यह सजावट गरबा नाइट की तस्वीरों के लिए सुंदर बैकड्रॉप का काम भी करेगी।







गेंदे और आम के पत्तों का तोरण: त्योहारों में फूलों और पत्तों से बनी सजावट हमेशा खास लगती है। घर के मुख्य दरवाजे पर गेंदे के ताजे फूलों और आम के पत्तों से बना तोरण लगाएं। चाहें तो इसमें छोटे शीशे, मोती या रंगीन धागे भी जोड़ सकती हैं। इससे घर के प्रवेश द्वार पर पारंपरिक रंग और फूलों की खुशबू दोनों नजर आएंगे।

रंगोली बने आकर्षण का केंद्र: रंगोली को सिर्फ दरवाजे के पास छोटी-सी सजावट तक सीमित न रखें। इस बार इसे थोड़ा बड़ा बनाकर घर की सजावट का मुख्य आकर्षण बनाएं। रंगीन चावल, फूलों की पंखुड़ियां और दीयों की मदद से ज्यामितीय या फूलों वाले डिजाइन बनाए जा सकते हैं। हर दिन रंगोली का डिजाइन बदलने से सजावट में नयापन बना रहेगा।

मिट्टी के दीयों से रोशन करें घर: नवरात्र की सजावट में मिट्टी के दीयों की खूबसूरती अलग ही नजर आती है। पूजा स्थल, खिड़की, बालकनी या सीढ़ियों पर दीयों की कतार सजाएं। अलग-अलग आकार के दीयों को फूलों की पंखुड़ियों से सजी ट्रे में भी रखा जा सकता है। शाम के समय दीयों की हल्की रोशनी घर को आध्यात्मिक माहौल देती है।

बंधानी-शीशे वाले लटकन: अगर आप बिना ज्यादा खर्च के घर को रंगीन लुक देना चाहती हैं, तो बंधानी कपड़े और शीशे वाले राजस्थानी लटकन इस्तेमाल कर सकती हैं। इन्हें मुख्य दीवार या पूजा स्थल के पीछे सजाएं। दिन की रोशनी पड़ने पर छोटे शीशे चमकेंगे और कमरे में खूबसूरत सी-झिलमिलाहट नजर आएगी। रंग-बिरंगे लटकन भी नवरात्र के माहौल के साथ खूब मैच करते हैं।

सजाएं फूलों की मालाएं: इस बार सिर्फ एक लंबी माला लगाने के बजाय अलग-अलग फूलों की कई मालाओं से सजावट करें। गेंदे, गुलाब, गुलदाउदी जैसे फूलों की मालाओं को दरवाजे, खिड़की, पूजा स्थल या मंदिर के आसपास लगाया जा सकता है। हर दिन अलग रंग के फूलों का चुनाव करें। इससे सजावट में रोज थोड़ा बदलाव भी नजर आएगा और घर में फूलों की खुशबू भी बनी रहेगी। a





17 साल की माया ने तोड़ा सानिया का 22 साल पुराना रिकॉर्ड

माया ने जीता अपना पहला पेशेवर खिताब

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की उभरती हुई युवा टेनिस खिलाड़ी माया राजेश्वरन ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके पुर्तगाल में डब्ल्यू35 लागोस टूर्नामेंट के रूप में अपना पहला पेशेवर खिताब जीता।

क्वालीफायर के रूप में टूर्नामेंट में भाग लेने वाली माया ने खेले गए फाइनल में स्पेन की सेलिया सेर्विनो रुइज़ को 6-4, 6-2 से हराया। इस जीत से यह 17 वर्षीय खिलाड़ी सानिया मिर्जा के बाद पेशेवर एकल खिताब जीतने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं। माया ने यूक्रेन की येलीज़ावेटा कोट्लियार के साथ मिलकर युगल खिताब भी जीता। उन्होंने एकल में एक भी सेट नहीं गंवाया। उन्होंने पहले दौर में ही शीर्ष वरीयता प्राप्त जस्टिना मिकुलस्काइट को पराजित करके अपने इरादे जतला दिए थे।

यह तो बस शुरुआत है : माया

माया ने टूर्नामेंट जीतने के बाद कहा, 'यह तो बस शुरुआत है। यह मेरा पहला खिताब है। यह मेरे पेशेवर करियर की शुरुआत के लिए अच्छा संकेत है। इससे मुझे आत्मविश्वास मिला है कि मैं अच्छी तरह से चुनौती पेश कर सकती हूं।'

आठ वर्ष की आयु से खेलना किया था शुरू

12 जून 2009 को तमिलनाडु के कोयंबटूर में जन्मीं माया राजेश्वरन रेवती का टेनिस का सफर आठ साल की उम्र में शुरू हुआ था। उनके पिता ने उन्हें पहली बार इस खेल से परिचित कराया। उनका मकसद उनमें अनुशासन और फिटनेस की आदत डालना था। हालांकि जल्द ही माया की इस खेल में गहरी दिलचस्पी हो गई और 10 साल की उम्र तक उन्होंने टेनिस को गंभीरता से अपनाने का फैसला कर लिया। उन्होंने भारत में 'प्रो सर्व टेनिस अकादमी' में ट्रेनिंग ली और 2025 मुंबई ओपन में सबका ध्यान खींचने से पहले कई आईटीएफ जूनियर खिताब जीते। 15 साल की उम्र में वाइल्डकार्ड एंट्री के तौर पर खेलते हुए उन्होंने डब्ल्यूटीए 125 इवेंट के सेमीफाइनल में पहुंचकर जाने-माने खिलाड़ियों को चौंका दिया।



वुहान ओपन नहीं खेलेंगीं झेंग और मीरा

बीजिंग। चाइना ओपन फाइनल खेलने के बाद झेंग किनवेन और मीरा आंद्रीवा वुहान ओपन से हट गई हैं। झेंग ने दाहिने कंधे की चोट का हवाला दिया है, जबकि आंद्रीवा ने शेड्यूल में बदलाव के कारण हटने का फैसला किया है। टूर्नामेंट से हटने की घोषणा करते हुए झेंग ने कहा कि लगातार मैचों के बोझ के कारण वह शारीरिक रूप से थक गई हैं। डब्ल्यूटीए के अनुसार, झेंग ने कहा, मुझे यह बताते हुए बहुत अफसोस हो रहा है कि मैं इस साल के वुहान ओपन से हट रही हूं। वुहान वह जगह है जहां से मेरे टेनिस के सपने की शुरुआत हुई थी, और वुहान ओपन ही वह टूर्नामेंट है जिससे मैंने डब्ल्यूटीए 1000 लेवल पर अपनी पहचान बनाई थी। मैं हमेशा अपने घरेलू फैंस के सामने खेलने का इंतजार करती रही हूं।



मुंबई के तुषार देशपांडे ने हैट्रिक के बाद खोला पंजा

रणजी ट्रॉफी पहले राउंड में दूसरे दिन का खेल खत्म हो चुका है। एलीट ग्रुप डी के मुकाबले में मुंबई का सामना चंडीगढ़ की टीम से हो रहा है। पहली पारी में मुंबई ने 429 रन बनाए थे। जवाब में चंडीगढ़ की टीम पहली पारी में 78 रन पर ही ढेर हो गई और फॉलोऑन भी नहीं बचा सकी। मुंबई के लिए गेंदबाजी में तुषार देशपांडे ने पहले हैट्रिक ली और फिर पंजा खोला। तुषार देशपांडे ने 7 ओवर गेंदबाजी की और एक मेडन ओवर के साथ 17 रन देकर 5 विकेट झटके। इसमें उनकी हैट्रिक भी शामिल थी। तुषार ने चंडीगढ़ की पारी के 11वें ओवर में अर्जुन आजाद, शिवम भांबरी और दीपेंदर कुश को लगातार एक के बाद पवेलियन भेजा और हैट्रिक पूरी की। उनके अलावा मोहित अवस्थी ने 3 और सिल्वेस्टर डिसूजा ने 2 विकेट लिए।

रणजी ट्रॉफी : ऑलराउंडर रवींद्र ने ठोका 16वां फर्स्ट क्लास शतक

जडेजा की छत्तीसगढ़ के खिलाफ 102 रन की धमाकेदार पारी

पहली पारी में सौराष्ट्र ने बनाए 392 रन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने रणजी ट्रॉफी के पहले राउंड में शतक बनाया। सौराष्ट्र की ओर से खेलते हुए उन्होंने छत्तीसगढ़ के खिलाफ 102 रन की पारी खेली। रवींद्र जडेजा का यह 16वां फर्स्ट क्लास शतक रहा। 209 गेंद का सामना किया और 7 चौके लगाए। वे सौराष्ट्र के आखिरी विकेट के तौर पर आउट हुए। इससे उनकी टीम ने पहली पारी में 392 रन का स्कोर बनाया।

जडेजा पांचवें नंबर पर बैटिंग को उतरे थे। उनके व प्रेरक मांकड़ (129) के बीच पांचवें विकेट के लिए 205 रन की पार्टनरशिप हुई। मगर इस साझेदारी के टूटने के साथ ही सौराष्ट्र की पारी ढह गई। उसने आखिरी पांच विकेट 36 रन में गंवा दिए। यह तो एक छोर पर जडेजा थे, जिससे टीम 392 तक पहुंचने में सफल रही नहीं तो 380 से पहले ही पारी सिमट जाती।



रवींद्र का 8 साल बाद सौराष्ट्र के लिए शतक

जडेजा ने सौराष्ट्र के लिए फर्स्ट क्लास क्रिकेट में नौवां शतक बनाया। उनके छह शतक भारत और एक वेस्ट जोन के लिए आया है। जडेजा ने सौराष्ट्र के लिए बनाए 9 में से 3 शतकों को ट्रिपल सेंचुरी तक पहुंचाया है। जडेजा ने इससे पहले 2018-19 में आखिरी बार सौराष्ट्र के लिए रणजी ट्रॉफी में शतक बनाया था। तब उन्होंने नाबाद 178 रन की पारी खेली थी। 2018-19 से लेकर 2026-27 के सीजन के बीच जडेजा ने बहुत कम मैच सौराष्ट्र के लिए खेले थे। पिछले सीजन दो मैचों उतरे थे। दरअसल भारतीय टीम के तीनों फॉर्मेट का हिस्सा होने की वजह से वह घरेलू क्रिकेट नहीं खेल पाए थे।

साई फेल, सुंदर ने झटके 2 विकेट

रणजी ट्रॉफी के पहले राउंड में सोमवार को साई सुदर्शन का बल्ला नहीं चला। वह तमिलनाडु के लिए ओपनिंग करने उतरे और 3 रन बनाकर पवेलियन लौटे। चेतन शर्मा ने उन्हें बोल्ड किया। इससे पहले उन्हें फील्डिंग के दौरान घुटने में चोट लगी थी। साई लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर गए थे। हालांकि, उनकी चोट गंभीर नहीं थी और वह ओपनिंग करने उतरे। तमिलनाडु ने राजस्थान को पहली पारी में 363 रन पर आउट कर दिया। भारतीय टेस्ट टीम के एक अन्य खिलाड़ी वाशिंगटन सुंदर ने 2 विकेट झटके। उन्होंने 23 ओवर में 58 रन देकर 2 विकेट लिए। वाशिंगटन ने कार्तिक शर्मा और चेतन शर्मा को आउट किया।

रिंकू सिंह-माधव कौशिक के शतक



रणजी ट्रॉफी के एलीट ग्रुप ए के पहले मैच में यूपी ने बिहार के खिलाफ बेहतरीन आगाज किया है। उत्तरप्रदेश की टीम ने बिहार के खिलाफ मैच की पहली पारी में 540 रन बनाए। ओपनर माधव कौशिक ने 150 रन की पारी खेली। वहीं मध्यक्रम के बल्लेबाज रिंकू सिंह ने 112 रन की बेहतरीन पारी खेली। मुकाबले के पहले दिन यूपी की टीम ने 3 विकेट पर 287 रन बनाए थे। दूसरे दिन टीम के लिए आराध्य यादव (84) और जीशान अंसारी (58) ने अच्छी पारियां खेलीं। अंत में अभिनंदन सिंह ने 30 गेंद पर 43 रन बनाते हुए स्कोर 540 रन तक पहुंचा दिया। यूपी ने कुल 153.1 ओवर बल्लेबाजी की। बिहार के गेंदबाजों को टीम ने पूरी तरह थका दिया। बिहार के लिए इस पारी में अमोद यादव ने सर्वाधिक चार विकेट लिए। उन्होंने 29.1 ओवर डालते हुए 6 मेडन के साथ 91 रन दिए और चार सफलताएं हासिल कीं।

भारत बनाम वेस्टइंडीज टी20

आईसीसी ने लगाई पॉवेल और रदरफोर्ड को फटकार

खाते में जुड़ा डिमेरिट अंक



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वेस्टइंडीज के क्रिकेटर रोवमैन पॉवेल और शेरफेन रदरफोर्ड को शुक्रवार को भारत के खिलाफ रांची में खेले गए दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले के दौरान आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) की आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए फटकार लगाई गई है।

दोनों खिलाड़ियों के खाते में एक-एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है, जो पिछले 24 महीनों में दोनों का पहला उल्लंघन है। पॉवेल को आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के उल्लंघन का दोषी पाया गया। यह प्रावधान क्रिकेट उपकरणों के दुरुपयोग से संबंधित है।

वेस्टइंडीज की पारी के छठे ओवर में मयंक यादव की गेंद पर आउट होने के बाद पॉवेल ने अपने बल्ले से गेंद को जोर से दूर मार दिया था। रदरफोर्ड पर आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 के उल्लंघन का आरोप लगा, जो अंपायर के फैसले पर असहमति जताने से संबंधित है।

अंपायर पर चिल्लाए रदरफोर्ड

वेस्टइंडीज की पारी के 13वें ओवर में एक गेंद को वाइड मानने वाले रदरफोर्ड ने गेंद को वैध करार दिए जाने के बाद अंपायर पर आक्रामक अंदाज में चिल्लाकर अपनी नाराजगी जाहिर की थी। दोनों खिलाड़ियों ने अपनी-अपनी गलती स्वीकार कर ली और आईसीसी के अंतरराष्ट्रीय मैच रेफरी पैनल के सदस्य मैच रेफरी प्रकाश भट्ट की ओर से प्रस्तावित सजा को भी मान लिया। इसके चलते मामले में औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। दोनों खिलाड़ियों के खिलाफ मैदान पर मौजूद अंपायर जयरमन मदनगोपाल और रोहन पंडित के अलावा तीसरे अंपायर नितिन मेनन तथा चौथे अंपायर वीरेंद्र शर्मा ने आरोप लगाए थे। आईसीसी आचार संहिता के स्तर एक के उल्लंघन पर न्यूनतम सजा आधिकारिक फटकार है।

खबर संक्षेप



कार्ट रिपब्लिक से जुड़ी 11 वर्षीय रेसर अतिका

सिंगापुर। भारतीय रेसिंग सनसनी अतिका मीर को एफवन ड्राइवरों को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली कार्ट रिपब्लिक (केआर) टीम ने अनुबंधित किया है। यह इटली के दिग्गज डिनो चिएसा की टीम है, जिन्होंने लुई हैमिल्टन सहित कई फॉर्मूला वन विश्व चैंपियन के करियर को आगे बढ़ाने में मदद की है। भारत की 11 वर्षीय रेसर अतिका ने यूरोप में कई कार्टिंग सीरीज में अपने प्रदर्शन से चिएसा को प्रभावित किया और उन्होंने अब सत्र के बीच केआर से जुड़ने का फैसला किया है।

पाक ने श्रीलंका को हराकर सीरीज पर किया कब्जा

रावलपिंडी। पाकिस्तान ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाकर श्रीलंका को 82 रन से करारी शिकस्त दी और इस तरह से तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। माज़ सदाकत (96) और कप्तान साहिबजादा फरहान (73) दोनों को शुरू में जीवनदान मिले, जिसका फायदा उठाकर उन्होंने बड़ी पारियां खेली। इससे पाकिस्तान तीन विकेट पर 215 रन बनाने में सफल रहा, जो 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ बनाए गए 6 विकेट पर 232 रन के बाद उसका टी20 में दूसरा सर्वोच्च स्कोर है। श्रीलंका की टीम बड़े लक्ष्य के सामने लड़खड़ा गई और 7 विकेट पर 133 रन ही बना पाई।

महिला प्रीमियर लीग

मुंबई इंडियन्स में शामिल हुईं अमेरिकी तेज गेंदबाज नॉरिस



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका की बाएं हाथ की तेज गेंदबाज तारा नॉरिस अगले साल होने वाली महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में मुंबई इंडियन्स की ओर से खेलेंगी। उन्हें यूपी वारियर्स के साथ सफल 'ट्रेड' सौदे के बाद मुंबई की टीम में शामिल किया गया है। नॉरिस को वारियर्स ने 2026 सत्र से पहले 10 लाख रुपए में अपनी टीम में शामिल किया था। डब्ल्यूपीएल ने कहा कि यह 28 वर्षीय तेज गेंदबाज इसी राशि पर मुंबई इंडियन्स से जुड़ेंगी। डब्ल्यूपीएल ने कहा, 'नॉरिस 10 लाख रुपए की मौजूदा राशि पर मुंबई इंडियन्स से जुड़ेंगी।'

तारा ने रचा था इतिहास

नॉरिस ने डब्ल्यूपीएल की पहली नीलामी में किसी फ्रेंचाइजी से जुड़ने वाली एसोसिएट देश की पहली खिलाड़ी बनकर इतिहास रचा था। उन्होंने पहले सत्र में दिल्ली कैपिटल्स का प्रतिनिधित्व किया था और डब्ल्यूपीएल में पांच विकेट लेने वाली पहली गेंदबाज बनी थीं। नॉरिस ने अमेरिका की ओर से अब तक पांच एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और 17 महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं। उन्होंने 2021 में अमेरिकी टीम के लिए पदार्पण किया था। महिला प्रीमियर लीग का पांचवां सत्र 14 जनवरी से सात फरवरी 2027 तक खेला जाएगा।

कमिंस, स्टार्क और हेजलवुड के सामने नहीं टिकी द. अफ्रीका

डरबन। साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला डरबन के मैदान पर जारी है। इस मैच के पहले दिन बैकफुट पर रहने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम ने बाकी के दोनों दिनों में बढ़त बनाए रखी। साउथ अफ्रीका के सामने ऑस्ट्रेलिया ने पहले तो पहली पारी में 390 रन का मजबूत टोटल बनाया। इसके बाद साउथ अफ्रीकी बैटर्स को उनके घर की पिच पर कमिंस, स्टार्क और जोश हेजलवुड ने टिकने नहीं दिया, जिससे साउथ अफ्रीकी टीम 284 रन ही बना सकी और वह ऑस्ट्रेलिया से पीछे रही। इसके बाद तीसरे दिन के अंत तक ऑस्ट्रेलिया ने बिना विकेट गंवाए 33 रन बना लिए थे और 139 रन की बढ़त हासिल कर ली है। अब ऑस्ट्रेलियाई टीम बड़ा स्कोर बनाकर साउथ अफ्रीका को हार की तरफ धकेलना चाहेगी।

162 पर साउथ अफ्रीका के गिरे 6 विकेट

डरबन के मैदान पर दूसरे दिन के अंत तक साउथ अफ्रीका ने एक विकेट पर 27 रन बना लिए थे। उसके लिए ऐडन मार्करम 15 रन, तो डेविड बेडिंगहम 112 रन बनाकर नाबाद रहे थे। इन दोनों ने तीसरे दिन पारी को आगे बढ़ाया और साउथ अफ्रीकी टीम 363 रन से पीछे थी। मार्करम और डेविड ने सधी शुरुआत की, लेकिन ज्यादा देर तक वे कमिंस, स्टार्क और हेजलवुड के कहर को झेल नहीं सके।

शंघाई मास्टर्स : राफेल जोडर ने की जोकोविच के रिकॉर्ड की बराबरी

राफेल ने लेहेका के खिलाफ दर्ज की जीत, पहुंचे चौथे राउंड में

एजेंसी ▶▶| शंघाई

शंघाई मास्टर्स 1000 के तीसरे राउंड में राफेल जोडर ने जिरी लेहेका के खिलाफ 4-6, 7-6(2), 6-4 से जीत दर्ज करते हुए चौथे राउंड में जगह बनाई। जोडर ने इस सीजन की अपनी 40वीं जीत हासिल करते हुए अपने पहले एटीपी टूर पर लगातार प्रभावित किया है। 20 वर्षीय खिलाड़ी इस सीजन में किसी एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट के चौथे राउंड में पांचवीं बार पहुंचा है। जोडर ने लगातार 5 इवेंट्स में ऐसा किया, जिससे वे 2007 में नोवाक जोकोविच के बाद ऐसा करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए।



जिरी की सर्विस रही शानदार : जोडर

मैच के बारे में जोडर ने कहा, डटे रहना, यही वह बात है जिस पर उन्हें सबसे ज्यादा गर्व है। आज के हालात में खेलना बहुत मुश्किल था। जिरी ने शुरू से आखिर तक बहुत अच्छा खेला और उनकी सर्विस भी शानदार रही। आज यह मैच जीतने के लिए मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ देना पड़ा। जोडर भी एटीपी फाइनल्स के दावेदार बन गए हैं। वह अभी 'एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन' में 11वें नंबर पर हैं।

ला लीगा: रेसिंग सैंटेंडर ने 2-2 पर रोका मुकाबला

पहले ही मिनट में गोल, फिर भी जीत से चूका वैलेंसिया

एजेंसी ▶▶| सैंटेंडर

वैलेंसिया सीएफ ने ला लीगा के मैचडे 8 में रियल रेसिंग सैंटेंडर के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेला। इस मुकाबले में वैलेंसिया के लिए दानी राबा और डेविड ओटोरबी ने गोल किए। वैलेंसिया ने मैच की शानदार शुरुआत की और मुकाबला शुरू होने के एक मिनट के भीतर ही बढ़त हासिल कर ली। जेवियर एगुइरे की टीम के लिए दानी राबा ने हाल ही में प्रमोट हुई रेसिंग सैंटेंडर के खिलाफ शुरुआती गोल दागा।

हालांकि, मेजबान टीम ने 32वें मिनट में वापसी की। इनिगो विसेंट ने शानदार मूव बनाते हुए यासिर जबिरी को गोल करने का मौका दिया, जिसे उन्होंने भुनाकर स्कोर 1-1 कर दिया। हालांकि, वैलेंसिया के युवा सब्स्टीट्यूट डेविड ओटोरबी ने 65वें मिनट में गोल करके अपनी टीम को 2-2 से ड्रॉ दिलाया।



घरेलू मैदान में जीता रियल बेटिस

एक अन्य मैच में इस्को ने दो गोल किए और रियल बेटिस ने अपने घरेलू मैदान पर ओसासुना को 5-2 से हराया, जिससे वे ला लीगा में तीसरे स्थान पर पहुंच गए और टॉप पर चल रहीं बार्सिलोना से पांच अंक पीछे हैं। ओसासुना के डिफेंडर उनाई सैंटोस के फाउल करने के बाद इस्को ने दसवें मिनट में पेनल्टी स्पॉट से गोल करके खाता खोला और 31वें मिनट में कुचो हर्नांडेज की मदद से एज अब्दे ने बेटिस की बढ़त को दोगुना कर दिया। हाफ टाइम के तीन मिनट बाद बेटिस 3-0 से आगे हो गई जब एंटे बुदिमिर का क्लीयरेंस का प्रयास डिएगो लोरेंटे से टकराकर नेट में चला गया, लेकिन बुदिमिर और बेटिस के पूर्व फॉरवर्ड राउल गार्सिया के तेज गोल ने ओसासुना को मुकाबले में वापस ला दिया।

रियल सोसिदाद ने कोरुना की वापसी को किया नाकाम

रियल सोसिदाद ने दूसरे हाफ में डेपोर्टिवो ला कोरुना की जबरदस्त वापसी की कोशिश को नाकाम करते हुए अपने घरेलू मैदान पर 3-2 से जीत हासिल की, जबकि मैच के आखिर में उनके पास दस खिलाड़ी ही बचे थे। टीम को शुरुआती बढ़त जॉन मार्टिन ने दिलाई, जिन्होंने कार्लोस सोलर के कॉर्नर पर शानदार हेडर लगाकर गोल किया। इसके बाद आर्सेन जखार्यान ने 34वें मिनट में गोल कर बढ़त 2-0 कर दी। सोसिदाद ने अपनी बढ़त और मजबूत कर ली जब गोंकालो गुएडेस ने हाफवे लाइन से शानदार दौड़ लगाते हुए बाएं पैर से बेहतरीन गोल दागा और स्कोर 3-0 कर दिया। हालांकि, डेपोर्टिवो ने हार नहीं मानी और वापसी की कोशिश जारी रखी।



- भाजपा नेता पवन पटेल पर हमले का मामला
- अधीनस्थ न्यायालय में जारी रहेगा मुकदमा

रेत माफिया से जुड़े आरोपियों की याचिका हाईकोर्ट से खारिज



जबलपुर। नर्मदा और उसकी सहायक नदियों में अवैध रेत खनन का विरोध करने पर भाजपा नेता व सामाजिक कार्यकर्ता पवन पटेल पर हुए हमले के मामले में हाईकोर्ट ने आरोपित गाडरवारा निवासी छुटवीर तोमर व अन्य की याचिका खारिज कर दी। जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की सिंगल बेंच ने एफआइआर और आरोपपत्र निरस्त करने की मांग अस्वीकार कर दी।

पीड़ित पटेल की ओर से बताया गया कि विवेचना में बिना नंबर की बोलेरो, बेसबाल के डंडे और मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। काल डिटेल रिकार्ड और मोबाइल टावर लोकेशन से आरोपितों की उपस्थिति तथा आपसी बातचीत के साक्ष्य मिलने का तर्क दिया गया। चेहरे ढंके होने के कारण शिनाख्त परेड की उपयोगिता पर भी सवाल उठाया गया। कोर्ट ने मेडिकल रिपोर्ट में गंभीर चोटों का उल्लेख करते हुए कहा कि दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 482 के तहत साक्ष्यों की जांच के लिए मिनी ट्रायल नहीं किया जा सकता। याचिका निरस्त होने से अब अधीनस्थ न्यायालय में आपराधिक मुकदमे की सुनवाई जारी रहेगी।

हाईकोर्ट ने याचिका निरस्त की

बीएड डिग्री के आधार पर प्राथमिक शिक्षक भर्ती में पात्रता नहीं

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा-2025 में बीएड डिग्री के आधार पर पात्रता का दावा करने वाली अभ्यर्थी की याचिका निरस्त कर दी। जस्टिस पवन कुमार द्विवेदी की सिंगल बेंच ने स्पष्ट किया कि प्राथमिक शिक्षक पद के लिए केवल बीएड डिग्री निर्धारित व्यावसायिक योग्यता का विकल्प नहीं हो सकती। नियमानुसार डीएलएड या समकक्ष योग्यता आवश्यक है।

याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी अपूर्वा शर्मा ने वर्ष 2018 में बीएड की डिग्री प्राप्त की थी और 2020 में प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण की थी। प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा-2025 में सफल होने के बावजूद दस्तावेज सत्यापन के बाद उसे आवश्यक व्यावसायिक योग्यता नहीं होने के आधार पर अपात्र घोषित कर दिया गया। याचिकाकर्ता की दलील थी कि स्कूल शिक्षा विभाग और जनजातीय कार्य विभाग के भर्ती नियमों में शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित है। जनजातीय कार्य विभाग के नियमों में स्नातक के साथ बीएड का उल्लेख होने से उसने पात्रता का दावा किया। उसने डीएलएड में प्रवेश लेने की जानकारी भी दी। शासन ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का हवाला देते हुए डीएलएड जैसी विशेष प्रशिक्षण योग्यता को आवश्यक बताया। हाई कोर्ट ने लागू कानूनी स्थिति के आधार पर याचिका निरस्त कर दी।

एक-एक हजार रुपये जुर्माना

चाकू से गोद कर युवक की हत्या पर तीन को उम्रकैद

जबलपुर। पुरानी रंजिश में रामपुरी चाकू से गोद कर युवक की हत्या करने के मामले में तीन आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। अपर सत्र न्यायाधीश शिवमोहर सिंह की अदालत ने अर्जुन वंशकार, विवेक वंशकार और राहुल वंशकार को दोषी ठहराते हुए प्रत्येक पर एक-एक हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया। शासन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक लहर दीक्षित ने पैरवी की। अभियोजन के अनुसार, पांच जनवरी 2025 को सुबह करीब 10 बजे सिविल लाइंस क्षेत्र में दत्त आर्केड के पास पुरानी रंजिश के चलते तीनों आरोपियों ने दयाशंकर पर मछलीनुमा रामपुरी चाकू से ताबड़तोड़ वार किए थे। वारदात के बाद क्षेत्र में दहशत फैल गई। आसपास मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी और रक्तरंजित दयाशंकर को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में अर्जुन वंशकार, पिता स्वर्गीय रामबहोर वंशकार, विवेक वंशकार, पिता सतेन्द्र वंशकार और राहुल वंशकार, पिता भीम वंशकार के विरुद्ध सिविल लाइंस पुलिस ने हत्या सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया था। सुनवाई के बाद अदालत ने तीनों को दोषी करार देते हुए उक्त सजा सुनाई।

निलंबित सीएसपी नेहा पच्चीसिया मामले में सुनवाई 15 अक्टूबर तक टली

जबलपुर। कटनी की निलंबित सीएसपी नेहा पच्चीसिया से जुड़े प्रकरण में हाईकोर्ट में सोमवार को प्रस्तावित सुनवाई समयाभाव के कारण टल गई। अब मामले की अगली सुनवाई 15 अक्टूबर को होगी। जस्टिस आनंद पाठक व जस्टिस रामकुमार चौबे की डिवीजन बेंच के समक्ष पहले संबंधित याचिकाओं की संयुक्त सुनवाई प्रस्तावित थी। इनमें नेहा पच्चीसिया की ओर से एफआइआर निरस्त करने और अग्रिम जमानत से संबंधित राहत की मांग तथा शिकायतकर्ता पक्ष की ओर से मामले की जांच सीबीआइ को सौंपने की मांग शामिल है। पूर्व सुनवाई में बेंच ने दोनों याचिकाओं पर संयुक्त रूप से सुनवाई के निर्देश दिए थे। सोमवार को जस्टिस आनंद पाठक की अध्यक्षता वाली डिवीजन बेंच के अभाव में मामला चीफ जस्टिस अल्पेश यशवंत कोगजे की अध्यक्षता वाली डिवीजन बेंच के समक्ष सुनवाई के लिए नियत किया गया था। हालांकि, समयाभाव के कारण यहां भी सुनवाई नहीं हो सकी। अगली तारीख 15 अक्टूबर निर्धारित की गई। प्रकरण जमीन सौदे में कथित अनियमितताओं, पद के दुरुपयोग और अन्य आरोपों से जुड़ा है। आरोपों की न्यायिक पुष्टि होना शेष है।

त्रिपुर सुंदरी मंदिर की पार्किंग से खाई में गिरी कार, दो घायल

जबलपुर। त्रिपुर सुंदरी मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे एक परिवार की कार अचानक अनियंत्रित होकर पार्किंग से खाई में जा गिरी। हादसे में कार सवार दो लोग घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को कार से बाहर निकाला गया। जानकारी के अनुसार, नवरात्र के दौरान मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी हुई है। इसी दौरान पार्किंग क्षेत्र में खड़ी या चल रही कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। हादसे में कार सवार दो लोगों को चोटें आईं। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने मदद करते हुए घायलों को बाहर निकाला।

सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

हादसे के बाद मंदिर परिसर में पार्किंग और वाहनों की आवाजाही को लेकर सुरक्षा इंतजामों पर सवाल उठने लगे हैं।





हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No. : MPHIN/2008/24240